दैनिक नव प्रदेश

प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर ❖❖ 3 | राजधानी 4 | अभिव्यक्ति 8 | राजनीतिक सरगर्मी 9 | खेल/बिजनेस

RNI NO.CHHHIN/2015/62431 बिलासपुर, शनिवार 11 नवंबर 2023, वर्ष-9 अंक- 222 पृष्ठ-10 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित www.navpradesh.com

## आज बेबाक

जब व्यक्ति आधी छोडकर पूरी के पिछे जाता है और पूरी के चक्कर में आधी भी हाथ से जाने का खतरा पैदा हो जाता है तो वह बौरा जाता है। बिहार के अभूतपूर्व मुख्यमंत्री का भी यही हाल है। उन्हें बहुत जल्द पूतपूर्व होने का अंदेशा सता रहा है। नीतीश कुमार को आईएनडीआईए की ओर से प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार के रूप में भी पेश नही किया जा रहा है। नतिजतन वे अपना आापा खो रहे है। अब उन्होंने दलित नेता जीतन राम मांझी पर अत्यंत आपत्ति जनक टिप्पणी कर दी। इसे ही कहते हे विनाशकाले विपरीत बुद्धि ।

# कांग्रेस की सरकार बनते ही कराई जाएगी जाति जनगणना : राहुल

विवेक पाठक

**सतना/नवप्रदेश।** कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कहा कि जाति आधारित जनगणना एक क्रांतिकारी कदम है जो लोगों का जीवन बदल देगा और कांग्रेस के सत्ता में आने पर मध्य प्रदेश के साथ-साथ राष्ट्रीय स्तर पर भी जाति जनगणना कराई जायेगी। वह शुक्रवार को मध्य प्रदेश के सतना में एक चुनावी रैली को संबोधित कर रहे थे। मध्यप्रदेश में 17 नवंबर को विधानसभा चुनाव के लिए मतदान होगा। राहुल गांधी ने कहा कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस के सत्ता में आने के बाद सबसे पहला काम प्रदेश में अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सही संख्या जानने के लिए जाति आधारित जनगणना कराने का है। उन्होंने कहा ''यह एक एक्स-रे की तरह है जो सभी (ओबीसी सहित सभी वर्गों की संख्या) वर्गों की स्थिति सामने लाएगा, जिसके अनुसार उनके कल्याण की नीतियां बनाई जाएंगी।'' उन्होंने कहा दिल्ली में कांग्रेस की सरकार बनते ही नेशनल जाति जनगणना होगी। उन्होंने इस कवायद को लोगों के लिए एक 'क्रांतिकारी और जीवन बदलने वाला' कदम बताया। राहुल गांधी ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हमेशा कहते थे कि वह ओबीसी हैं, लेकिन कांग्रेस द्वारा देश में जाति जनगणना कराने का मुद्दा उठाने के तुरंत बाद उन्होंने इस बारे में बात करना ही बंद कर दिया। पूर्व कांग्रेस अध्यक्ष ने कहा कि मध्य प्रदेश में राज्य को चलाने वाले 53 आईएएस अधिकारियों में से केवल एक ओबीसी से है। उन्होंने दावा किया कि इसका मतलब यह है कि यदि राज्य का कुल बजट 100 रुपये है, तो ओबीसी अधिकारी का नियंत्रण केवल 33 पैसे अथवा 0.03 प्रतिशत पर है।

### पीएम के दिमाग से जाति गायब हुई

राहुल गांधी ने कहा कि प्रधानमंत्री कुछ दिन पहले कह रहे थे कि हिंदुस्तान में गरीब ही एकमात्र जाति है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के दिमाग से जाति इसलिए गायब हो गई क्योंकि उन्होंने (गांधी ने) जाति जनगणना की बात शुरु कर दी। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री देश को सच्चाई नहीं बताना चाहते। वो किसी भी भाषण में जाति जनगणना की बात नहीं कर सकते। उनका रिमोट अदाणी के हाथ में है। साथ ही उन्होंने दावा किया कि हिंदुस्तान में कम से कम 50 फीसदी जनसंख्या ओबीसी वर्ग की है।

# पंजाब गवर्नर को फटकार, सुको बोला- आप आग से खेल रहे

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** पंजाब में भगवंत मान सरकार और राज्यपाल बनवारी लाल पुरोहित में गतिरोध चल रहा है। मामला विधानसभा में पास बिलों पर गवर्नर के दस्तखत नहीं होने का है। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट में सुनवाई हुई। शीर्ष कोर्ट ने पंजाब और तमिलनाडु गवर्नर से कहा कि आप आग से खेल रहे हैं। लोकतंत्र सही मायने में मुख्यमंत्री और राज्यपाल के हाथों से चलता है। विधानसभा में पास बिल अपने पास ना रोकें। सुप्रीम कोर्ट ने ये भी कहा कि अगर राज्य सरकार और राज्यपाल में डेडलॉक बना हुआ है तो यह चिंता का विषय है। राज्य में जो भी घटनाक्रम चल रहा है, उससे हम खुश नहीं हैं। जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़, जस्टिस जेबी पारदीवाला और जस्टिस मनोज मिश्रा की बेंच में मामले की सुनवाई हुई। बेंच ने राज्यपाल की शक्तियों पर सवाल उठाते हुए ये भी कहा कि विधानसभा सत्र को किस आधार पर असंवैधानिक घोषित किया। कोर्ट ने ये भी कहा कि विधेयकों पर सहमति देने की राज्यपाल की शक्ति के मुद्दे पर कानून तय करने के लिए हम एक संक्षिप्त आदेश भी पारित करेंगे। सुनवाई के दौरान सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा- राज्यपाल किस शक्ति का प्रयोग करते हुए कह रहे हैं कि स्पीकर ने विधानसभा का जो सत्र बुलाया है, वह अवैध है। स्पीकर सत्र बुलाता है। हमें बताएं कि राज्यपाल की यह कहने की शक्ति क्या है? क्या स्पीकर के पास यह कहने की शक्ति नहीं है कि स्थगित करो?

### पिछली सुनवाई में भी लगाई थी फटकार

बीती सुनवाई में सुप्रीम कोर्ट ने सभी गवर्नरों को फटकार लगाई थी कि राज्य सरकारें विधानसभा से पारित बिलों को राज्यपाल से पास कराने के लिए बार-बार सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाती हैं। सीजेआई डीवाई चंद्रचूड़ ने बीती सुनवाई में कहा था राज्यपालों को यह समझना चाहिए कि वो चुनी हुई अथॉरिटीज नहीं हैं। राज्य सरकारों के कोर्ट जाने के बाद ही गवर्नर बिल पर कार्रवाई क्यों करते हैं? इसे रोकना होगा।

### दिखावा नहीं नतीजे चाहिए : सुको

दिल्ली में बढ़ते प्रदूषण को लेकर सुप्रीम कोर्ट में शुक्रवार 10 नवंबर को सुनवाई हुई। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि हर साल जब हम दखल देते हैं, तभी एक्शन क्यों लिया जाता है। दिल्ली सरकार को फटकार लगाते हुए कोर्ट ने कहा कि हम नतीजे देखना चाहते हैं। जस्टिस संजय किशन कौल और जस्टिस अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की बेंच ने सरकार से पूछा कि पिछले 6 साल से आप क्या कर रहे थे। शायद भगवान ने दिल्ली के लोगों की प्रार्थनाएं सुन लीं। इसलिए गुरुवार (9 नवंबर) रात में बारिश हो गई। शुक्रवार 10 नवंबर को ही दिल्ली के पर्यावरण मंत्री गोपाल राय ने कहा, 13-20 नवंबर को लागू होने वाली ऑड-ईवन स्कीम अब नहीं होगी। बारिश के चलते दिल्ली की हवा की गुणवत्ता में काफी सुधार हुआ है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में राय ने ये भी कहा कि दीपावली के बाद सरकार एयर क्वालिटी का रीव्यू किया जाएगा। अगर एयर क्वालिटी में गिरावट आती है तो ऑड-ईवन स्कीम शुरू की जा सकती है।

## कारोबारियों के ठिकानों से 18 लाख नकदी और ज्वेलरी सीज

**रायपुर/नवप्रदेश।** आयकर विभाग ने तलाशी में माइनिंग और पटाखा कारोबारियों के ठिकानों से 8 लाख की ब्लैकमनी और 10 लाख की ज्वेलरी को सीज किया है। उनके ठिकानो से कच्चे में करोड़ो रुपए के लेनदेन का हिसाब मिला है। तलाशी के दौरान कारोबारियों के सभी 14 ठिकानों में बोगस बिलिंग के दस्तावेज मिले है। इसे जांच के लिए जब्त किया गया है। उनके रायपुर और भिलाई में 2 लॉकर मिले थे। लेकिन, इसमें कुछ भी नहीं मिला। आईटी टीम रायपुर में 5, भिलाई में 4 और दल्लीराजहरा में एक ठिकानों में जांच चल रही है। बता दें कि आयकर विभाग की टीम ने 8 नवंबर को रायपुर, भिलाई और दल्लीराजहरा में एक माइनिंग और दो पटाखा कारोबारियों के ठिकानों में छापामारा था।

## हीरो के चेयरमैन की 24.95 करोड़ की संपत्ति ईडी ने की जप्त

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने हीरो मोटोकॉर्प के चेयरमैन, सीईओ और मैनेजिंग डायरेक्टर पवन मुंजाल की दिल्ली में स्थित 24.95 करोड़ की 3 संपत्तियों को जब्त कर लिया है। जांच एजेंसी ने प्रिवेंशन ऑफ मनी लॉन्ड्रिंग एक्ट यानी पीएमएलए के तहत यह कार्रवाई की है। इससे पहले ईडी ने पवन मुंजाल की 25 करोड़ की संपत्ति जब्त की थी। यानी अब तक जांच एजेंसी मुंजाल की 50 करोड़ रुपए की संपत्ति अटैच कर चुकी है। पवन मुंजाल पर अवैध तरीके से देश से बाहर 54 करोड़ रुपए ले जाने का आरोप है। तीन महीने पहले ईडी ने पीएमएलए के तहत पवन मुंजाल के दिल्ली और गुरूग्राम स्थित ऑफिसों और घरों पर छापेमारी की कार्रवाई की थी। ईडी की छापेमारी के बाद हीरो मोटोकॉर्प ने बयान जारी कर पवन मुंजाल के दिल्ली और गुरुग्राम ऑफिस में छापेमारी की खबर की पुष्टी की थी। हीरो मोटोकॉर्प ने कहा था कि ईडी के ऑफिसर्स हमारे दिल्ली और गुरूग्राम स्थित दो ऑफिस और हमारे चेयरमैन के घर पर पहुंचे थे। कंपनी ईडी के साथ सहयोग करना जारी रखेगी। अगस्त 2018 में, पवन मुंजाल को दिल्ली एयरपोर्ट पर प्लेन से उतार दिया गया था। ऐसा इसलिए किया गया था क्योंकि उनके साथ सफर कर रहे अमित बाली के पास से सीआईएसएफ को सिक्योरिटी चेक में 81 लाख रुपए की फॉरेन करेंसी मिली थी। डायरेक्टोरेट ऑफ रेवेन्यू इंटेलिजेंस इस मामले की जांच कर रहा था।

## नीतीश को खाने में जहर दिया जा रहा : मांझी

**पटना (एजेंसी)।** सीएम नीतीश कुमार और पूर्व सीएम जीतन राम मांझी के बीच का विवाद थम नहीं रहा है। शुक्रवार को विधानसभा गेट पर धरने पर बैठे पूर्व सीएम जीतन राम मांझी ने कहा कि नीतीश कुमार के खाने में कोई विषैला पदार्थ मिला रहा है। उन्हें गद्दी से हटाने के लिए, किसी और को सीएम बनाने के लिए एक बड़ी साजिश रची जा रही है। उन्होंने कहा, 'इसके कारण ही वह इस तरह की हरकतें कर रहे हैं। कभी विधानसभा में महिलाओं पर विवादित टिप्पणी देते हैं, तो कभी मंत्री अशोक चौधरी के पिता को श्रद्धांजलि देने की बजाय जिंदा मंत्री पर ही फूल चढ़ाने लगते हैं।' गुरुवार 9 नवंबर को विधानसभा में नीतीश कुमार ने जीतनराम मांझी को लेकर बयान दिया था, जिसमें उन्होंने कहा कि मेरी मूर्खता के कारण मांझी सीएम बने। इसके खिलाफ पूर्व सीएम आज विधानसभा में धरना दे रहे हैं। बीजेपी भी उनके साथ है। विपक्ष ने इसे दलित नेता का अपमान बताया। बीजेपी ने मांझी के आरोपों की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है। नेता-प्रतिपक्ष विजय सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री के खिलाफ बड़ी साजिश हो रही है। जो उनके दल के लोग हैं, गठबंधन के लोग उनके खिलाफ साजिश कर सकते हैं। बिहार जैसे बड़े राज्य के लिए मांझी ने बड़ा खुलासा किया है।

## सीएम की छवि खराब करने भाजपा ने रची थी साजिश : राजीव शुक्ला

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ से कांग्रेस के राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला चुनाव प्रचार के सिलसिले में शुक्रवार को राजधानी रायपुर पहुंचे। उन्होंने कांग्रेस मुख्यालय राजीव भवन में पत्रवार्ता ली। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार और भाजपा पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार और भाजपा ने ईडी के साथ मिलकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की छवि खराब करने की साजिश रची थी। महादेव एप के नाम पर कांग्रेस सरकार को बदनाम कर रही है। छत्तीसगढ़ में भाजपा मुद्दाविहीन है। केंद्र सरकार जांच एजेंसियों का दुरुपयोग कर रही है। छत्तीसगढ़ से राज्यसभा सांसद राजीव शुक्ला ने कहा कि अब बीजेपी के पास राज्यों में कोई चेहरा नहीं बचा है। मोदी जी का चेहरा दिखाकर, बीजेपी वोट लेना चाहती है। मोदी जी क्या छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री बनेंगे? वहीं उन्होंने पहले चरण में कांग्रेस की स्थिति मजबूत होने की बात कही है। दावा किया कि दूसरे चरण में भी कांग्रेस की सरकार बन रही है। उन्होंने कहा कि, बीजेपी का दुष्प्रचार न कर्नाटक में चला न हिमाचल में। धान की कीमत को लेकर कहा कि, मोदी जी पूरे देश में धान की कीमत 3100 क्यों नहीं कर देते? छग के किसानों को न्याय की राशि मिलाकर 3800 रुपए मिलेगी, पूरे देश में 500 रुपए में सिलेंडर देने का बीजेपी ऐलान करें, कांग्रेस सरकार की सब्सिडी मिलाकर सिलेंडर मुफ्त में मिलेगा।

## संजय सिंह की न्यायिक रिमांड 24 नवंबर तक बढ़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** दिल्ली शराब घोटाला केस में आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद संजय सिंह की ज्यूडिशियल कस्टडी 24 नवंबर तक बढ़ गई है। दिल्ली के राउज एवेन्यू कोर्ट में शुक्रवार (10 नवंबर) को उन्हें पेश किया गया था। कोर्ट से बाहर निकलते हुए संजय सिंह ने कहा कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को फंसाने की साजिश हो रही है। उन्हें गिरफ्तार नहीं किया जाएगा। केजरीवाल के साथ कोई बड़ी घटना को अंजाम देने की तैयारी चल रही है। दिल्ली शराब घोटाला केस में ईडी ने संजय सिंह को 4 अक्टूबर को अरेस्ट किया था। वे पिछले 38 दिन से हिरासत में हैं। उन्हें 5 अक्टूबर को कोर्ट में पेश किया गया, जहां से उन्हें 10 अक्टूबर तक रिमांड पर भेजा गया था। 0 अक्टूबर को संजय सिंह की रिमांड और 3 दिन के लिए बढ़ा दी गई। फिर 13 अक्टूबर को कोर्ट ने उन्हें 27 अक्टूबर तक न्यायिक हिरासत में भेज दिया था। इसके बाद उनकी ज्यूडिशियल कस्टडी 10 नवंबर तक बढ़ा दी गई थी।

## इजराइली सेना की सीरिया पर एयरस्ट्राइक

■ अब तक 6 लोगों की मौत, आंकड़ा बढ़ने की आशंका

**तेल अवीव/न्यूयॉर्क (एजेंसी)।** इजराइल और हमास जंग का शुक्रवार (10 नवंबर) को आज 35वां दिन था। इस बीच इजराइली सेना ने पुष्टि की है कि उसने सीरिया में एयरस्ट्राइक कीं। सेना ने कहा- सीरिया से इजराइल के ऐलात शहर में एक स्कूल पर हमला किया, जिसके जवाब में हमने कार्रवाई की। हालांकि, सेना ने ये नहीं बताया कि ये हमले किस संगठन पर किए गए। अलजजीरा के मुताबिक गुरुवार देर रात गाजा के सबसे बड़े अल-शीफ ा अस्पताल के कॉम्प्लेक्स में इजराइली हमला हुआ। अब तक 6 लोगों की मौत हुई है। आंकड़ा बढ़ने की आशंका है। फिलिस्तीनी हेल्थ मिनिस्ट्री के मुताबिक, अल-शीफा अस्पताल में हजारों लोगों ने शरण ले रखी है। इस बीच इजराइली प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने दोहराया कि उनका इरादा गाजा पर कब्जे का नहीं है। उन्होंने कहा- हम गाजा पर कब्जा नहीं चाहते हैं। न ही चाहते हैं कि वहां हमारी सरकार हो। हम बस गाजा को बेहतर भविष्य देना चाहते हैं। गाजा में जमीनी हमले के दौरान अब तक 36 इजराइली सैनिकों की मौत हो चुकी है।

## महादेव एप केस : रायपुर एसएसपी और कवर्धा एसपी से ईडी ने की पूछताछ

**रायपुर/नवप्रदेश।** महादेव ऑनलाईन गेमिंग ऐप मामले में ईडी ने दो जिलों के एसपी से पूछताछ हुई। इनमें कवर्धा के एसपी डॉ. अभिषेक पल्लव से गुरूवार को पूछताछ की गई। वहीं शुक्रवार को रायपुर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल से पूछताछ हुई। समाचार लिखे जाने तक देर शाम तक रायपुर एसएसपी ईडी दफ्तर में ही थे। जानकारी के मुताबिक ईडी ने पहले उनके व्हाट्सएपर पर समंस किया। इसके बाद कॉल करके सूचना दिया। अभिषेक पल्लव गुरूवार दोपहर 12 बजे राजधानी रायपुर के पचपेड़ी चौक स्थित ईडी कार्यालय पहुंचे। उनसे करीब पांच घंटे पूछताछ चली। कवर्धा एसपी से दुर्ग पोस्टिंग के दौरान महादेव ऐप के खिलाफ की गई कार्रवाइयों की जानकारी ली गई। ईडी ने ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### गरमा-गरम

सियासत... मुख्यमंत्री ने सिमगा, लवन और पवनी में आमसभा को किया संबोधित

# आप सरकार बनवाइए हम फिर कर्जा माफ करेंगे : भूपेश

**भाटापारा/बिलाईगढ़/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने शुक्रवार को भाटापारा विधानसभा सीट के सिमगा, कसडोल विधानसभा के लवन और बिलाईगढ़ विधानसभा के पवनी में आमसभा को संबोधित किया। इस दौरान सीएम ने भाजपा पर जमकर हमला बोला। सिमगा में चुनावी सभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पिछली बार आपसे जो वादे किए थे उसे हमने पूरा किया। इस बार भी आप सरकार बनवाइए हम फिर कर्जा माफ करेंगे। इस बार हम देश में सबसे ज्यादा 32 सौ रुपए प्रति क्विंटल धान खरीदेंगे। उन्होंने ऐलान किया कि किसानों का ही नहीं स्व सहायता समूह की माताओं-बहनों समेत ट्रांसपोर्टर्स का कर्जा भी माफ करेंगे। उन्होंने कहा कि मोदी जी की क्या गारंटी है, उन्होंने कहा था 15-15 लाख रुपए सबके खाते में आएंगे, आए क्या। नोटबंदी के बाद कालाधन खत्म हुआ क्या। पीएम मोदी हमेशा झूठ बोलते हैं, इनका भरोसा मत करना। राम हमारे भांचा हैं, क्योंकि कौशल्या माता छत्तीसगढ़ की बेटी है।

बीजेपी की गारंटी पर भरोसा मत करना। कांग्रेस और भूपेश के वादों और गारंटी पर भरोसा करना और कांग्रेस की सरकार बनवाना।

**घोषणा पत्र के वादों को दोहराया** : इस बार अगर उनको वोट दिया तो राशन 35 किलो से सात किलो ■ शेष पृष्ठ 6 पर

### बिलाईगढ़ में हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग

इससे पहले बिलाईगढ़ के पवनी में चुनावी सभा को संबोधित करने पहुंचे। इस दौरान उनके हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई। बताया जा रहा है कि हेलीपैड सभा स्थल से करीब एक किलोमीटर दूर बना था। लिहाजा हेलीकॉप्टर को सभा स्थल के पास ही उतारना पड़ा। गनीमत रही की कोई अप्रिय घटना नहीं हुई। यहां भी चुनावी सभा में उन्होंने कांग्रेस की घोषणाओं को दोहराया।

### भाजपा पर लगाया कमीशन लेने का आरोप

इससे पहले उन्होंने कसडोल विधानसभा क्षेत्र के लवन में कहा कि आपको भाजपा के नेताओं ने तरह-तरह का प्रलोभन दिए, क्या आप उनकी बातों में आ गए हैं। यहां भूपेश का भरोसा है। उन्होंने कहा कि कका अभी जिंदा है, फिर का बात की चिंता है। मुख्यमंत्री ने कहा कि, छत्तीसगढ़ का पैसा सेठ-सेठानी के लिए नहीं है, उद्योगपति के लिए नहीं है। यहां की जनता के लिए है। धान खरीदी पर भूपेश बघेल ने कहा कि, हम खरीद का बोनस खाते में देते हैं। भाजपा वाले कहते हैं कि एक साथ पंचायत में कैश बांटेंगे। आरोप लगाया कि वो इसमें भी कमीशन की व्यवस्था पहले कर रहे हैं। चाहे वह खड़ाऊ बांटना हो, मोबाइल देना हो या कुछ और, हर जगह कमीशन खाया।

■ न्यूज गैलरी

## भाजपा का घोषणा पत्र आज जारी करेंगे नड्डा

**भोपाल(वार्ता)।** मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) का घोषणापत्र यहां शनिवार को पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा जारी करेंगे। प्रदेश भाजपा की ओर से आज यहां जारी की गयी जानकारी के अनुसार भाजपा ने इसे संकल्प पत्र नाम दिया है। श्री नड्डा पार्टी के अन्य वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में 11 नवंबर को दिन में पत्रकारों के समक्ष संकल्प पत्र जारी करेंगे। राज्य में मतदान के लिए अब मात्र छह दिन ही शेष हैं। सभी 230 सीटों के लिए मतदान एक ही दिन 17 नवंबर को होगा। मतगणना तीन दिसंबर को की जाएगी।

## आतंकवादी फंडिंग मामले में छापेमारी

**श्रीनगर(वार्ता)।** जम्मू-कश्मीर पुलिस की विशेष जांच एजेंसी (एसआईए) ने आतंकवादी फंडिंग मामले में शुक्रवार को कश्मीर घाटी के कई जिलों में छापेमारी की। एसआईए के सूत्रों के मुताबिक अनंतनाग, पुलवामा तथा अन्य जिलों में कई स्थानों पर छापेमारी जारी है। उन्होंने बताया कि छापे की कार्रवाई आतंकवादी फंडिंग से जुड़े मामले की चल रही जांच का हिस्सा हैं। इससे दो दिन पहले एसआईए ने आतंकवादी फंडिंग मामले में जम्मू कश्मीर और दिल्ली में 22 स्थानों पर छापेमारी की थी।

## बीजेपी ने जारी की उम्मीदवारों की पांचवी सूची

**नई दिल्ली(ए)।** तेलंगाना में होने वाले आगामी विधान सभा चुनाव के लिए भाजपा ने अपने उम्मीदवारों की पांचवी सूची जारी कर दी है। शुक्रवार को जारी अपनी पांचवी सूची में भाजपा ने 14 उम्मीदवारों के नाम का ऐलान कर दिया है। उम्मीदवारों की इस पांचवी सूची के साथ भाजपा ने अब तक कुल मिलाकर 114 सीटों पर अपने उम्मीदवारों के नाम की घोषणा कर दी है। आपको बता दें कि, तेलंगाना में विधान सभा की सभी 119 सीटों पर 30 नवंबर को एक ही चरण में मतदान होना है।

## इंडोनेशिया के बांदा सागर में भूकंप के झटके

**जकार्ता(वार्ता)।** चीन के बांदा सागर में शुक्रवार को मध्यम श्रेणी के भूकंप के झटके महसूस किये गये। जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के मुताबिक आज तड़के 0350 बजे आये भूकंप की तीव्रता रिक्टर पैमाने पर 5.7 मापी गयी। भूकंप का केंद्र 6.05 डिग्री दक्षिण अक्षांश और 130.19 डिग्री पूर्वी देशांतर तथा जमीन की सतह से 10 किलोमीटर की गहराई में रहा।

## हरदा में पटेल को मिल रही कांटे की टक्कर

**हरदा(वार्ता)।** मध्यप्रदेश की हरदा जिले के दोनों विधानसभा क्षेत्रों में एक बार फिर मुख्य मुकाबला सत्तारूढ़ दल भारतीय जनता पार्टी और प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस के उम्मीदवारों के बीच है। हरदा विधानसभा क्षेत्र में राज्य के कृषि मंत्री कमल पटेल भी कांटे के मुकाबले के बीच अपनी विजय सुनिश्चित करने के लिए पूरा जोर लगाते हुए दिख रहे हैं। राज्य के दक्षिणी हिस्से में नर्मदा नदी के तट पर स्थित हरदा विधानसभा सीट पर भाजपा प्रत्याशी कमल पटेल का मुख्य मुकाबला कांग्रेस के डॉक्टर रामकिशोर दोगने से है। हालाकि क्षेत्र में कुल 11 प्रत्याशी अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। कृषि मंत्री श्री पटेल वर्ष 1993 से यहां भाजपा के टिकट पर लगातार सातवीं बार चुनाव लड़ रहे हैं। श्री पटेल को वर्ष 2013 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के पहली बार प्रत्याशी बने डॉक्टर रामकिशोर दोगने से पराजय झेलना पड़ी थी।

# अब पासपोर्ट छापने का भी माद्दा नहीं, पाकिस्तान में खत्म हो रहा लेमिनेशन पेपर्स

**इस्लामाबाद।** पहले ही आर्थिक संकट से जूझ रहा पाकिस्तान रोज नई-नई परेशानियों से घिरता नजर आ रहा है। खबर है कि मुल्क के सामने लेमिनेशन पेपर की कमी के चलते पासपोर्ट संकट भी खड़ा हो गया है। हालांकि, यह पहली बार नहीं है, जब पाकिस्तान के नागरिकों को पासपोर्ट के लिए संघर्ष करना पड़ रहा हो।

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, पाकिस्तान में लेमिनेशन पेपर की कमी आ गई है। रिपोर्ट्स में कहा जा रहा है कि पासपोर्ट में लेमिनेशन पेपर बेहद जरूरी है और आमतौर पर इसे फ्रांस से मंगाया जाता है। अब इस खास पेपर की कमी ने पूरे देश में पासपोर्ट का बड़ा संकट खड़ा कर दिया है। इसका सबसे ज्यादा असर उन लोगों पर पड़ा है, जो पढ़ने के लिए विदेश जाने वाले थे।

कहा जा रहा है कि इनमें वे लोग भी शामिल हैं, जो आर्थिक

संकट से जूझ रहे पाकिस्तान से बाहर जाना चाहते हैं। अब पासपोर्ट की कमी इनके सपनों पर पानी फेरती नजर आ रही है। छात्रों का कहना है कि उनके साथ गलत हो रहा है और सरकार की नाकामी की कीमत उन्हें चुकानी पड़ रही है।

द एक्सप्रेस ट्रिब्यून से बातचीत में गुल कहते हैं, 'मैं जल्द ही काम के लिए दुबई जाने के लिए तैयार था। मेरा परिवार और मैं खुश थे कि अब किस्मत बदलने वाली है, लेकिन छ्रद्ध×क्क की खराब प्रबंधन ने इस देश और गरीबी से निकलने के मौके को मुझसे छीन लिया।'

पेशावर के छात्र हीरा का कहना है, 'इटली के लिए मेरा स्टूडेंट वीजा हाल ही में मंजूर हुआ था और मुझे अक्टूबर में वहां पहुंचना ही था। हालांकि, पासपोर्ट नहीं होने के चलते मौका निकल गया।'

### क्या कहते हैं अधिकारी

रिपोर्ट के अनुसार, आंतरिक मंत्रालय के मीडिया महानिदेशक कादिर यार तिवाना का कहना है कि सरकार इस संकट से उबरने के पूरे उपाय कर रही है। उन्होंने कहा, 'हालात जल्द काबू में होंगे और पासपोर्ट जारी किए जाने की प्रक्रिया पहले की तरह सामान्य हो जाएगी।' खास बात है कि साल 2013 में छ्रद्ध×क्क का प्रिंटरों पर बकाया था लेमिनेशन पेपर्स की कमी के कारण भी पासपोर्ट प्रिंटिंग का काम प्रभावित हुआ था।

# पंजाब में पराली जलाने के 93% मामले

### केंद्र बोला- इसलिए दिल्ली बना गैस चेंबर

**नई दिल्ली(ए.)।** दिल्ली का दम घुट रहा है और इसी बीच पराली जलाने की घटनाओं को लेकर पंजाब सरकार घिरती नजर आ रही है। केंद्रीय मंत्री ने दावा किया है कि पंजाब में ही खेतों में आग लगाए जाने की 93 प्रतिशत मामले सामने आ रहे हैं। इसे लेकर बुधवार को ही हुई कैबिनेट सचिव ने राज्य के अधिकारियों का साथ बैठक की है। मंगलवार को ही सुप्रीम कोर्ट ने पंजाब, हरियाणा, राजस्थान और उत्तर प्रदेश से खेतों की आग को रोकने के लिए कहा था।

### केंद्रीय मंत्री भूपेंद्र यादव ने 'X' पर लिखा,

इस साल खेतों में आग की 93

फीसदी घटनाएं पंजाब में हुई, जिसकी वजह से दिल्ली-एनसीआर गैस चेंबर बन गया। क्योंकि आम आदमी पार्टी किसानों को विकल्प मुहैया कराने में असफल रही है। यह आप आदमी पार्टी की ओर से शासन की आपराधिक विफलता है।'

### पंजाब के अधिकारियों के साथ बैठक

कैबिनेट सचिव राजीव गौबा ने राज्य के अधिकारियों से आग की घटनाओं को रोकने के लिए 'प्रभावी कदम' उठाने के लिए कहा है। साथ ही कलेक्टरों, वरिष्ठ पुलिस अधीक्षकों और एसएचओ की जिम्मेदारियां तय करने के लिए कहा है। शीर्ष न्यायलय ने कैबिनेट सचिव को अधिकारियों का साथ बैठक करने और तत्काल कार्रवाई के निर्देश दिए थे।

### पंजाब के आंकड़े

पर्यावरण मंत्री यादव ने पंजाब में पराली की घटनाओं से जुड़े आंकड़े भी साझा किए। उन्होंने 'ङ्ग' पर बताया कि मौजूदा धान की कटाई के मौसम में कुल 24 हजार 695 पराली जलाने के मामले सामने आए। इनमें से 22 हजार 981 या 93त्न सिर्फपंजाब से ही हैं। एक अन्य पोस्ट में उन्होंने लिखा, '2018 से लेकर अब तक केंद्र पंजाब को क्रॉप रेसीड्यू मैनेजमेंट मशीनों के लिए 1426.41 करोड़ रुपए दे चुका है।'

### आगे की तैयारी

बुधवार को हुई बैठक में अधिकारियों ने कहा कि हरियाणा में 90 फीसदी कटाई हो चुकी है। जबकि, पंजाब के मामले में यह आंकड़ा सिर्फ60 प्रतिशत है। ऐसे में संकेत मिल रहे हैं कि कुछ और दिनों तक आग की घटनाएं देखने को मिल सकती हैं। खबर है कि ष्टक्तरू यानी कमीशन फॉर एयर क्वालिटी मैनेजमेंट अब पंजाब और हरियाणा में उड़नदस्ते भेजेगा और रोज रिपोर्ट भी सौंपेगा।

# 5 लाख युवाओं को दी नौकरी 5600 किमी रेल लाइन बिछाई

**नई दिल्ली(ए.)।** भारतीय रेल 2014 से अब तक पांच लाख लोगों को नौकरी दे चुकी है। इनमें गत वर्ष 1.5 लाख युवाओं की रेलवे में नियुक्ति दी गई है। इसके लिए विश्व की सबसे बड़ी ऑनलाइन परीक्षा आयोजित की गई, जिसमें 2.37 करोड़ अभ्यिर्थियों ने हिस्सा लिया था। इतना ही नहीं रेलवे के कई सार्वजनिक उपक्रमों में तकनीकी व गैर तकनीक पदों पर भर्ती की प्रक्रिया चल रही है।

रेलवे के आंकड़ों के अनुसार ओवर हेड इलेक्ट्रिफिक्रेशन (ओएचई), रेल लाइनों, सिग्नल सिस्टम, रेलवे स्टेशन पुनर्विकास, सहित विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों में सीधेतौर पर प्रतिवर्ष 10 लाख कामगार-श्रमिकों को काम दिया जा रहा है। वरिष्ठ अधिकारी के अनुसार एक किलोमीटर रेल लाइन बिछाने में सालाना 33,000 मानव श्रम दिवस की आवश्यकता होती है। रेलवे ने पिछले एक साल में 5600 किलोमीटर लंबी रेल लाइनों को बिछाया है। इस प्रकार केवल रेल लाइन बिछाने के कार्य में सालाना पांच लाख लोगों को रोजगार मिला है।

इसके अलावा हेड इलेक्ट्रिफिक्रेशन (ओएचई), सिग्नल सिस्टम, रेलवे स्टेशन पुनर्विकास, सहित विभिन्न सार्वजनिक उपक्रमों लगे कामगारों-श्रमिकों को जोड़ा जाए तो यह संख्या 10 लाख होती है। 2004-2014 के दौरान रेलवे में 411000 युवाओं का नौकरी मिली। जबकि 2014 से अब तक पांच लाख युवाओं को रेलवे में नौकरी दी जा चुकी है। औसतन हर साल 54 हजार लोगों को नौकरी दी है। इसमें लोको पॉयलेट, स्टेशन मास्टर, ट्रेन मैनेजर, जूनियर इंजीनियर, टेक्नीशियन, कॉमर्शियल क्लर्क व रेल संरक्षा वर्ग के बडी संख्या में कर्मचारी है। इसके अलावा रेलवे के सार्वजनिक उपक्रमों में भर्ती प्रक्रिया चल रही है। रेलवे के सार्वजनिक उपक्रम हाई स्पीड रेल कॉपरेशन में बुलेट ट्रेन चलाने केलिए 20 विशेष लोको पॉयलेट की भर्ती प्रक्रिया चल रही है। इसके अलावा रोलिंग स्टॉक (इंजन-कोच), डिपो, डाटा बेस, ट्रैक आदि के रख रखाव व मरम्मत के लिए बड़ी संख्या में भर्ती की जा रही है। आवेदन करने की अंतिम तिथि सात दिसंबर 2023 है।

# राम मंदिर अभिषेक के लिए विपक्षी नेताओं को भी किया जाएगा आमंत्रित

**अयोध्या(ए.)।** 22 जनवरी में प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा अयोध्या में किए जाने वाले राम मंदिर के उद्घाटन समारोह में विपक्ष के नेताओं को भी आमंत्रित किया जाएगा। इस संबंध में जल्दे ही कांग्रेस और समाजवादी पार्टी सहित विपक्षी नेताओं को विशेष रूप से पूजे गए चावल दिए जाएंगे। सूत्रों के मुताबिक, विहिप अगले साल एक जनवरी से एक राष्ट्रव्यापी अभियान के तहत राजनीतिक संगठनों से संपर्क

करना शुरू कर देगी, जो पार्टी लाइन से ऊपर उठकर होगा। विहिप के राष्ट्रीय प्रवक्ता विनोद बंसल ने कहा, राजनीतिक विचारधारा के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाएगा। हर इच्छुक व्यक्ति को, चाहे उनकी राजनीतिक संबद्धता कुछ भी हो, पवित्र अक्षत के साथ आमंत्रित किया जाएगा। संगठन को साधु-संतों ने यह सुनिश्चित करने की सलाह दी है कि राम मंदिर का उद्घाटन एक गैर-राजनीतिक कार्यक्रम रहे। विहिप के एक वरिष्ठ नेता ने कहा, यह राम भक्तों का मंदिर है, एक राष्ट्र मंदिर है। विपक्षी नेताओं, मुख्य रूप से कांग्रेस के नेताओं द्वारा यह सवाल उठाए जाने के बाद कि क्या राम मंदिर का उद्घाटन एक भाजपा कार्यक्रम बन जाएगा।

# अग्निवीर के लिए सेना में भर्ती होना हुआ आसान, सेना ने जारी की नई नीति

**नई दिल्ली(ए.)।** अग्निपथ योजना के अंतर्गत सेना में भर्ती होने वाले अग्निवीर के लिए क्राइटेरिया को पहले के मुकाबले सरल किया गया है। पूर्व में इसे सामान्य सैनिकों की भर्ती संबंधी योग्यता के मुकाबले कुछ कठिन रखा गया था। अब यह क्राइटेरिया एक जैसा कर दिया गया है। सेना ने इस संबंध में नई नीति जारी की है नई नीति जारी होने से पहले ही अग्निवीर का पहला बैच ट्रेनिंग पूरी कर अपनी-अपनी यूनिट्स में आ गया है। इन सब के पहले साल की योग्यता का आकलन पुरानी पॉलिसी यानी टफ क्राइटेरिया के हिसाब से ही किया गया है। अग्निवीर का आकलन पहले साल ट्रेनिंग सेंटर में और फिर तीन साल यूनिट में होना है। रेगुलर सैनिक के लिए 5000 फीट की ऊंचाई तक में 5 किमी की दौड़ 25 से 28 मिनट में पूरा करना होता है। वहीं अग्निवीर यह दौड़ 23 मिनट में पूरी करने पर सुपर एक्सिलेंट की श्रेणी में आते हैं।

# कश्मीर में बर्फबारी, तो कहीं झमाझम बारिश

**नई दिल्ली(ए.)।** दिवाली से पहले कई शहरों को बारिश का तोहफा मिला है। राजधानी दिल्ली, मुंबई समेत कई शहरों में बीते कुछ दिनों से प्रदूषण का स्तर खतरनाक स्तर पर पहुंच गया है। दिल्ली एनसीआर समेत अन्य शहरों में बारिश से लोगों को प्रदूषण से निजात मिली है। वहीं तमिलनाडु और केरल में कई जगहों पर ज्यादा बारिश होने से जन-जीवन अस्त व्यस्त भी हो गया। तमिलनाडु में कई जगहों पर भूस्खलन की घटनाएं सामने आई हैं और स्कूल बंद कर दिए गए हैं।

### राजधानी को मिली राहत

कई दिनों से राजधानी दिल्ली और आसपास के इलाकों में धुंध की चादर छाई हुई थी। प्रदूषण का स्तर गंभीर श्रेणा में पहुंच गया था। सांस के रोगियों के लिए मुसीबत खड़ी हो गई थी। हालांकि शुक्रवार सुबह हुई झमाझम बारिश ने

आसमान साफ कर दिया। लोगों को प्रदूषण से बड़ी राहत मिली है। पंजाब, हरियाणा और राजस्थान में भी बारिश हुई है। दिल्ली के अलावा मुंबई भी इन दिनों प्रदूषण की समस्या से जूझ रही थी। मुंबई में भी बारिश से लोगों को राहत मिली है। ठाणे में बारिश की वजह से कई जगहों पर जलभराव हो गया।

### जम्मू-कश्मीर में बर्फबारी

जम्मू-कश्मीर के कई इलाकों में बारिश हुई। मौसम विभाग ने जम्मू-कश्मीर के मैदानी इलाकों में बारिश का अलर्ट जारी किया है। वहीं कुपवाड़ा, गुलमर्ग और माछिल सेक्टर में बर्फबारी देखने को मिली। मौसम विभाग का कहना है कि पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय होने की वजह से अभी और बारिश का अनुमान है। वेदर एजेंसियों ने किसानों से भी दो दिन रुककर बुआई करने को कहा है।

### हिमाचल में भी बर्फबारी

हिमाचल प्रदेश के कोकसार, लाहौल और स्पीति में बर्फबारी शुरू हो गई है। मनाली और लेह में भी बर्फबारी हुई। कई जगहों पर आवागम बाधित हो गया। मौसम विभाग ने पहले ही भविष्यवाणी की थी कि 7 नवंबर के बाद से पश्चिमी विक्षोभ का असर दिखाई देगा और बारिश के साथ पहाड़ी इलाकों में बर्फबारी होगी।

# देव संस्कृति और शांतिकुंज में मनी धनवंतरी जयंती

**हरिद्वार/नवप्रदेश।** देवसंस्कृति विश्वविद्यालय स्थित फार्मेसी एवं शांतिकुंज के मुख्य सभागार में आयुर्वेद के प्रवर्तक भगवान धन्वन्तरी की जयंती आयुर्वेद के विकास में जुट जाने के आह्वान के साथ मनाई गई। फार्मेसी में हवन के साथ भगवान धन्वन्तरी की विशेष पूजा-अर्चना की गयी।

अपने संदेश में अखिल विश्वगायत्री परिवार प्रमुख डॉ. प्रणव पण्ड्या ने कहा कि भगवान विष्णु का अंश ही धन्वन्तरी हैं। उन्हें आदिदेव के रूप में माना जाता है। भगवान धन्वन्तरी ने ही शरीर से संबंधित शास्त्र आयुर्वेद की रचना की है। वे देवताओं के वैद्य थे। संस्था की अधिष्ठात्री श्रद्धेया शैलदीदी ने कहा कि भगवान धन्वन्तरी जयंती यही प्रेरणा देती है कि परमात्मा ने सर्वश्रेष्ठ मनुष्य काया दी है, तो उसे स्वस्थ रखकर जीवन उद्देश्य की दिशा में निरंतर गतिशील रहना चाहिए। धन्वन्तरी जयंती के

अवसर पर डॉ. ओपी शर्मा, डॉ. गायत्री शर्मा, डॉ. मंजू चोपदार, डॉ. शिवानंद साहू, डॉ. वन्दना श्रीवास्तव, डॉ. अलका मिश्रा आदि ने भगवान धन्वन्तरी से जुड़े विभिन्न पौराणिक कथानकों का जिक्र करते हुए प्रकृति के अनुसार जीवन जीने की सलाह दी।

*सादगी से मनाया जायेगा डॉ. पण्ड्या का जन्मदिन*

*अखिल विश्व गायत्री परिवार प्रमुख श्रद्धेय डॉ प्रणव पण्ड्या का 74वाँ जन्मदिन 11 नवंबर रूपचतुर्दशी को 'चेतना दिवस' के रूप में सादगी पूर्ण ढंग से मनाया जायेगा। एमडी (मेडीसिन) में स्वर्ण पदक प्राप्त देवसंस्कृति विश्व विद्यालय के कुलाधिपति श्रद्धेय डॉ पण्ड्या ने अपने प्रारंभिक जीवन 25 वर्ष शिक्षण में व्यतीत करने के बाद शेष जीवन अपने गुरुसत्ता युगऋषि पं. श्रीराम शर्मा आचार्यश्री के चरणों में सौंप दिया। उन्होंने अपने सद्गुरु के बताये निर्देशों के पालन करते हुए देसंविवि एवं अखिल विश्व गायत्री परिवार को नई ऊँचाइयों में पहुँचाया है।*

# देश में हिंदुओं की वजह से लोकतंत्र कायम, पर अब बढ़ रही असहिष्णुता : जावेद अख्तर

**नई दिल्ली(ए.)।** गीतकार जावेद अख्तर ने दिवाली पर आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए हिंदू संस्कृति में सहिष्णुता की सराहना की। उन्होंने कहा कि भारत में यदि लोकतंत्र कायम है तो इसकी वजह हिंदू संस्कृति ही है। उन्होंने कहा कि यह सोचना कि हम ही सही हैं और दूसरे लोग गलत हैं, यह हिंदू संस्कृति का हिस्सा नहीं है। हालांकि उन्होंने इस दौरान यह भीकहा कि अब असहिष्णुता बढ़ रही है, लेकिन देश में लोकतंत्र भी इसी वजह से कायम है क्योंकि हिंदू संस्कृति सहिष्णुता वाली है। वह महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना के प्रमुख राज ठाकरे की ओर से आयोजित कार्यक्रम दीपोत्सव में हिस्सा ले रहे थे।

इस दौरान उनके साथ मंच पर सलीम खान भी मौजूद थे। दोनों लेखक लंबे समय बाद एक मंच पर नजर आए, जबकि एक दौर में दोनों के बीच मतभेद की खबरें भी आई थीं। सलीम-जावेद की जोड़ी ने शोले जैसी सुपरहिट फिल्म की पटकथा लिखी थी। जावेद अख्तर ने इस मौके पर असहिष्णुता बढ़ने का दावा किया। उन्होंने कहा, 'आज जो फिल्में बन रही हैं, उन्हें परिवार के साथ बैठकर नहीं देखा जा सकता। अभिव्यक्ति की आजादी कम हुई है और यह बात तो मैं लगातार दोहरा रहा हूं। यदि आज हम शोले लिख रहे होते तो मंदिर में अभिनेत्री के साथ धर्मेंद्र के डायलॉग्स पर बवाल मच जाता। इसी तरह संजोग फिल्म में ओमप्रकाश जिस तरह गानों में कृष्ण और सुदामा की कहानी सुनाते हैं, क्या आज वैसा हो सकता है।'

### भारत से निकलो तो भूमध्यसागर तक दूसरा लोकतांत्रिक देश नहीं

वह कहते हैं कि आगे देखते हैं कि क्या होता है। फिलहाल तो आप भारत से निकलें तो भूमध्यसागर तक कोई दूसरा देश ऐसा नहीं है, जहां लोकतांत्रिक व्यवस्था हो।

यहां लोकतंत्र इसलिए है क्योंकि जो जैसा चाहे सोच सकता है। जो मूर्ति पूजा करता है, वह भी हिंदू है। जो नहीं करता है, वह भी हिंदू है। यदि कोई एक ही देवता को मानता है तो वह भी हिंदू है। दूसरा यदि 32 करोड़ देवताओं को मानता है तो वह भी हिंदू है। यदि कोई किसी की भी पूजा नहीं करता तो भी वह हिंदू है। यही हिंदू संस्कृति है, जो हमें लोकतांत्रिक मूल्य देती है।

### हिंदुओं की सोच विशाल, यही खासियत, क्या अब छोड़ देंगे विरासत?

अकसर राजनीतिक मसलों पर मुखरता से बोलने वाले जावेद अख्तर ने कहा, 'असहिष्णुता आज बढ़ रही है। पहले कुछ लोग होते थे, जो असहिष्णु थे। हिंदू वैसे नहीं थे। हिंदुओं की सबसे बड़ी खासियत यही रही है कि उनकी सोच विशाल रही। यदि यह खासियत खत्म हो गई तो वे भी दूसरे लोगों की तरह हो जाएंगे। ऐसा नहीं होना चाहिए। हमने तो आपसे ही जीना सीखा है, लेकिन क्या हिंदू ही उन मूल्यों को छोड़ देंगे? उन्हें ऐसा नहीं करना चाहिए।' उन्होंने कहा कि आज देश में लोकतंत्र कायम है और इसे बनाए रखने में हिंदू संस्कृति ने मदद की है।

# इंडो पैसिफिक के लिए अमेरिका-भारत साझेदारी जरूरी : राजनाथ

**नई दिल्ली।** भारत-अमेरिका 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता शुक्रवार को शुरू हुई। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने दोनों देशों के बीच साझेदारी को स्वतंत्र, खुले और नियमों से बंधे भारत-प्रशांत क्षेत्र को सुनिश्चित करने के लिए महत्वपूर्ण बताया। 2+2 मंत्रिस्तरीय वार्ता में अमेरिकी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन और अमेरिकी रक्षा सचिव लॉयड ऑस्टिन ने किया। विदेश मंत्री एस जयशंकर और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने भारतीय पक्ष का नेतृत्व किया। सिंह के विचारों को दोहराते हुए, ब्लिंकन

ने क्षेत्र के महत्व पर कहा कि हम एक स्वतंत्र और खुले, समृद्ध, सुरक्षित और लचीले इंडो-पैसिफिक को बढ़ावा दे रहे हैं, जिसमें जापान और ऑस्ट्रेलिया के साथ क्वाड के माध्यम से अपनी साझेदारी को मजबूत करना भी शामिल है। एक महत्वपूर्ण तरीका जो हम कर रहे हैं वह है समुद्री डोमेन जागरूकता बढ़ाना, क्षेत्र के देशों के साथ उनकी क्षमता बढ़ाने के लिए वाणिज्यिक उपग्रह डेटा साझा करना, उदाहरण के लिए, अवैध फिशिंग, समुद्री डकैती और नशीली दवाओं की तस्करी से निपटना। हम इंडो-पैसिफिक में मानवीय राहत और आपदा प्रतिक्रिया प्रयासों का भी समन्वय कर रहे हैं। हम अपनी अर्थव्यवस्थाओं को अधिक लचीला बनाने और समावेशी आर्थिक अवसर का विस्तार करते हुए अपने समुदायों को अधिक सुरक्षित बनाने के लिए नवाचार की शक्ति का एक साथ उपयोग कर रहे हैं। यह सेमीकंडक्टर और उन्नत जैव प्रौद्योगिकी पर सहयोग, हमारे देशों के साथ-साथ पूरे क्षेत्र में बड़े पैमाने पर स्वच्छ ऊर्जा को तैनात करने में हमारे अभूतपूर्व निवेश और अंतरिक्ष में हमारे संयुक्त अनुसंधान और अन्वेषण परियोजनाओं में स्पष्ट है।

## न्यूज गैलरी

### उधारी नहीं देने पर महिला से मारपीट

**रायपुर/नवप्रदेश।** उधार में गुटका, सिगरेट नही देने पर युवक ने महिला से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है। प्रार्थिया नसरीन बेगम 43 वर्ष मस्जिद रोड कोटा की रहने वाली है। प्रार्थिया किराना दुकान चलाती है। बताया जाता है कि आरोपी सुरेश साल्वे प्रार्थिया के दुकान में आया और उधार में गुटका, सिगरेट मांगा। जिससे प्रार्थिया ने देने से मना किया तो आरोपी ने प्रार्थिया से गाल-गलौज कर 3 लीटर के तेल के डब्बे से मारकर चोट पहुंचाया। प्रार्थिया की शिकायत पर सरस्वती नगर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### शोरूम के पास खड़ी एक्टिवा पार

**रायपुर/नवप्रदेश।** मारूति अरीना शोरूम कलर्स मॉल के पास खड़ी एक्टिवा को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी डॉ. जगदीश उरईया 46 वर्ष डीडीनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि वह अपनी एक्टिवा क्रमांक जीजे 16 बीएच 3477 को कलर्स माल के पास स्थित मारूति अरीना शोरूम के पास खड़ी किया था, तभी अज्ञात चोर ने पार कर दिया। चोरी गए एक्टिवा की कीमत करीब 30 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर राजेन्द्र नगर पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### पुराने विवाद के चलते बहन को पीटा

**रायपुर/नवप्रदेश।** आदिवासी कालोनी कुशालपुर में पुरानी रंजिश के चलते एक युवक ने अपनी बहन से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थिया नीलीमा सोनी 44 वर्ष देवनगरी कालोनी महादेव घाट रायपुरा की रहने वाली है।

बताया जाता है कि प्रार्थिया अपने भाई के यहां आदिवासी कालोनी कुशालपुर गई थी। जहां आरोपी भाई उमेश कुमार सोनी ने पुरानी रंजिश के चलते प्रार्थिया से गाली-गलौज कर मारपीट किया। प्रार्थिया की शिकायत पर पुरानी बस्ती पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 294, 506, 323 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

### निधन

### राजकुमार झाबक

**रायपुर/नवप्रदेश।** पंचशील नगर रायपुर निवासी राजकुमार झाबक उम्र 68 वर्ष का आकस्मिक निधन गुरुवार 9-11-2023 को रात्रि 10.30 बजे हो गया हैं . जिनका अंतिम संस्कार शनिवार 11-11-2023 को सुबह 11.30 बजे 19 पंचशील नगर निवास स्थान से मारवाड़ी शमशान घाट में होगा . वे खुशालचंद झाबक के भतीजे, रमेश, अनीश, सुशील और सुधीर के भाई थे एवं राजुल, रजनी, ऋचा के पिता एवं सुमीत कोठारी, श्रेयांस दस्सानी और समीर पारेख के ससुर थे।

# आचार संहिता के दौरान जप्त की 66 करोड़ नगदी और वस्तुएं

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्य में विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के लिए आदर्श आचार संहिता के प्रभावी होने के बाद से 8 नवम्बर तक की स्थिति में 66 करोड़ 33 लाख रुपए की अवैध धन राशि तथा वस्तुएं जब्त की गई हैं। इनमें 17 करोड़ 98 लाख रुपए की नगद राशि शामिल हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार प्रवर्तन एजेंसियों (इन्फोर्समेंट एजेंसीज) द्वारा निगरानी के दौरान विगत 8 नवम्बर तक 47 हजार 371 लीटर अवैध शराब जब्त की गई है, जिसकी कीमत एक करोड़ 35 लाख रुपए है। साथ ही तीन करोड़ 99 लाख रुपए कीमत की अन्य नशीली वस्तुएं भी जब्त की गई हैं। सघन जाँच अभियान के दौरान 20 करोड़ 36 लाख रुपए कीमत के 484 किलोग्राम कीमती आभूषण तथा रत्न भी जब्त किए गए हैं। इनके अतिरिक्त अन्य सामग्रियां जिनकी कीमत 22 करोड़ 62 लाख रुपए है, भी जप्त की गई हैं। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी श्रीमती रीना बाबासाहेब कंगाले ने विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए आवश्यक कार्यवाही किए जाने के संबंध में सभी जिला निर्वाचन अधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए हैं।

इन दिशा-निर्देशों के परिपालन मंर राज्य में विभिन्न प्रवर्तन एजेंसियों के माध्यम से धन और वस्तुओं के अवैध परिवहन तथा संग्रहण पर कड़ी नजर रखी जा रही है। प्रदेश में लागू आदर्श आचार संहिता के अंतर्गत निगरानी दलों द्वारा सघन जाँच की कार्यवाही लगातार जारी है।

# राजभवन में दीपावली मिलन समारोह

**रायपुर/नवप्रदेश।** दीपावली पर्व के अवसर पर आज राजभवन में दीपावली मिलन समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर राज्यपाल श्री विश्वभूषण हरिचंदन, राज्य की प्रथम महिला श्रीमती सुप्रभा हरिचंदन ने राजभवन के सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दीपावली की शुभकामनाएं दी। राजभवन के अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने भी राज्यपाल को दीपावली की शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल श्री हरिचंदन ने कहा कि दीपावली पर्व एक ऐसा पवित्र दिन जब पाप का विनाश और धर्म की विजय हुई। भगवान राम का वनवास और सीता हरण के बारे में हम सब जानते है। भगवान राम ने रावण को मारकर संसार को उसके आतंक से मुक्त किया और विजयी होकर दीपावली के दिन अयोध्या लौटे थे। यह हमारे लिए अत्यंत शुभ अवसर है।

राज्यपाल ने कहा कि भगवान राम, माता सीता और महाप्रभु जगन्नाथ का आशीर्वाद छत्तीसगढ और आप सभी पर बना रहे। राज्यपाल के सचिव श्री अमृत खलखो ने भी अपना संबोधन दिया और सभी को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर राज्यपाल के विधिक सलाहकार आर.के. श्रीवास्तव, राज्यपाल के उप सचिव दीपक कुमार अग्रवाल, राज्यपाल के परिसहाय द्वय विवेक शुक्ला, निशांत कुमार तथा राजभवन के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

# राज्यपाल से छठ पूजा आयोजकों ने की मुलाकात

**रायपुर/नवप्रदेश।** राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से राजभवन में छठ महापर्व के अवसर पर महादेव घाट में आयोजित होने वाले छठ पूजा के आयोजकों ने मुलाकात कर उन्हें आगामी छठ पूजा के लिए आमंत्रित किया। इस अवसर पर छठ पूजा समिति के प्रमुख राजेश सिंह एवं समिति के अन्य सदस्य उपस्थित थे।

# दिव्यांग आसमा को एक दशक के बाद मिला वोटिंग का अवसर

**रायपुर/नवप्रदेश।** दक्षिण विधानसभा में टिकरापारा की रहवासी आसमा अशरफी आज अपनी खुशी बया नहीं कर पा रही थी, जब मतदान दल उनके घर वोट कराने पहुंचा उस समय वह बिस्तर मे थी क्योंकि उन्हे चलने फिरने में तकलीफहै। पहले उनके पहचान पत्र तथा रजिस्टर में हस्ताक्षर इत्यादि प्रक्रिया पूर्ण की गई। उसके बाद उन्होंने मतपत्र पर अपने मनपसंद अभ्यर्थी को गुप्त रुप से चिन्हाकित किया। फिर उसे फ ोल्ड कर मतपेटी में डाला। इसके बाद उनके चेहरे पर संतुष्टी के भाव उमड़ पड़े। साथ ही वह गौरवान्वित हो उठी की लोकतंत्र के महत्वपूर्ण क्षण का हिस्सा बन चुकी हुं। आसमा अशरफी बतातीं है उन्होंने शादी से पहले कटनी में वोट करने का मौका मिला था। शादी के कुछ वर्ष के बाद बीमार होने से चलने फिरने में तकलीफी होने लगी। इसके कारण वह मतदान केन्द्र तक जाकर वोट

डालने में समर्थ नही थी। आज 13 साल बाद जब बीएलओ मेरे घर आई और होम वोटिंग के बारे में मुझे और मेरे परिजनों को बताया तो सहर्ष सहमति प्रदान की। मैने तो इससे पहले सोंचा ही नही था कि मै मतदान कर पाउंगी। आज मतदान कर वाकई मेरा सपना पूरा हुआ। इसके लिए निर्वाचन आयोग को धन्यवाद देती हूं। उनकी सुपुत्री शबनम ने कहा कि यह हमारे लिए अभूर्तपूर्व खुशी का क्षण है कि मेरी माता जी को मतदान करने मिला वह भी घर में। हैप्पी, हैप्पी, हैप्पी वोटिंग।

# विस अध्यक्ष डॉ. महंत ने दिवाली की दी बधाई

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ विधान सभा अध्यक्ष डॉ. चरणदास महंत ने दीपावली पर्व पर प्रदेशवासियों को अपनी बधाई एवं शुभकामनाएं दी है। शुभकामना संदेश में विधानसभा अध्यक्ष डॉ. महंत ने कहा कि धनतेरस से लेकर भाई दूज तक चलने वाला ये पांच दिन का पर्व हमारी सभ्यता और संस्कृति की गौरव-गाथा है। दीपावली का पर्व

भारतीय संस्कृति का गौरव है, यह पर्व रोशनी का है और तमस (अंधकार) को दूर करता है इसलिए यह पर्व ज्ञान का प्रकाश पहुंचाने के संकल्प का पर्व भी कहलाता है। डॉ. महंत ने कहा कि दीपावली मनाने की सार्थकता तभी है जब भीतर का अंधकार दूर हो। डॉ. महंत ने ईश्वर से कामना करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य के प्रत्येक नागरिक को सुख, सम्पन्नता और समृद्धि का अपूर्व भण्डार प्राप्त हो तथा दीपावली पर्व समस्त नागरिकों के जीवन में नया सबेरा लेकर आये।

# 'महादेव' सट्टा केस में 14 दिन की रिमांड पर असीम और भीम

- **कॉन्स्टेबल भीम सिंह को भी 24 नवंबर तक भेजा गया जेल**

**रायपुर/नवप्रदेश।** ऑनलाइन सट्टा एप केस में असीम दास को

14 दिन की न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है। शुक्रवार को ईडी ने असीम दास के साथ ही कॉन्स्टेबल भीम सिंह यादव को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया था। जिसके बाद दोनों को ही 24 नवंबर तक जेल भेज दिया गया है। कोर्ट में पेशी के दौरान ईडी ने ही 14 दिन की न्यायिक रिमांड की मांग की थी जिसे कोर्ट ने मंजूर कर लिया है। 2 नवंबर को ईडी ने असीम दास से 5 करोड़ 39 लाख रुपए बरामद करने के बाद उसे रायपुर से गिरफ्तार किया था। उसके साथी कॉन्स्टेबल भीम सिंह यादव को भी ईडी ने 3 नवंबर की शाम 5 बजे रायपुर की स्पेशल कोर्ट में पेश किया था। इधर सट्टा एप केस में हवाला मामले में भी एक सुनवाई जारी है। इस केस में आरोपी सुनील दम्मानी और अनिल दम्मानी की जमानत याचिका पर स्पेशल जज अजय सिंह राजपूत के कोर्ट में सुनवाई चल रही है। ये दोनों सट्टा एप में करोड़ों का हवाला करने के आरोपी हैं। ईडी ने दोनों आरोपियों को अगस्त के आखिरी हफ्ते में गिरफ्तार किया था।

#### जबरन साइन कराया गया

असीम दास और कांस्टेबल भीम सिंह के वकील शोएब अल्वी ने बताया कि असीम दास ने कोर्ट में कहा है कि उसे फंसाया जा रहा है। बिना बताए उसके साइन लिए गए। असीम ने 10वीं तक ही पढ़ाई की है और अंग्रेजी नहीं आती है लेकिन अंग्रेजी में लिखे स्टेटमेंट में जबरन साइन कराया गया है। असीम ने कोर्ट में बताया कि वो शुभम सोनी को बस जनता था। साथ ही उसके पुराने परिचित को भी जानता है। शुभम सोनी ने उसे कंस्ट्रक्शन काम के लिए पैसे दिए और उसे पैसे रखने के लिए कहा था। असीम और भीम सिंह के वकील ने न्यायिक रिमांड पर आपत्ति भी जताई है।

# निगम ने चलाया मतदाता जागरूकता अभियान

**रायपुर/नवप्रदेश।** रायपुर जिला निर्वाचन अधिकारी सर्वेश्वर भूरे के आदेशानुसार एवं रायपुर नगर पालिक निगम के आयुक्त मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत नगर पालिक निगम रायपुर के सभी 10 जोनों की टीमों द्वारा जोन कमिश्नरों एवं कार्यपालन अभियंताओं सहित सहायक अभियंताओं, उपअभियंताओं, सहायक राजस्व अधिकारियों, सफाई मित्र कर्मचारियों, महिला स्वसहायता समूहों की महिलाओं की उपस्थिति में नगर पालिक निगम क्षेत्र के विभिन्न सार्वजनिक स्थानों में पहुंचकर मतदाताओं को शत - प्रतिशत मतदान करने जागरूक बनाने का कार्य प्रतिदिन नियमित रूप से निरन्तर जारी है। इस क्रम में स्वीप कार्यक्रम के अन्तर्गत नगर पालिक निगम के जोन 1 के अधिकारियों एवं कर्मचारियों की टीम द्वारा अपर आयुक्त शैलेन्द्र पाटले, विनोद पाण्डेय, जोन 1 जोन कमिश्नर जसदेव सिंह बाबरा की उपस्थिति में जोन के अन्तर्गत स्वीप कार्यक्रम के तहत विभिन्न स्थानों में रहवासी मतदाताओं के मध्य मतदाता जागरूकता रैली निकाली।

# मंदिर हसौद तहसील में पदस्थ कार्यालय सहायक निलंबित

**रायपुर/नवप्रदेश।** विधानसभा निर्वाचन-2023 के दौरान शासकीय कर्मचारी द्वारा आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने पर मंदिर हसौद तहसील में पदस्थ कार्यालय सहायक दिनेश कुमार गोस्वामी को निलंबित कर दिया गया है। कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने इस संबंध में आदेश भी जारी कर दिया है और सभी शासकीय अधिकारी-कर्मचारियों को चुनाव के दौरान आदर्श आचार संहिता का सख्ती से पालन करने का निर्देश जारी किए है। जारी आदेश के अनुसार मंदिर हसौद तहसील कार्यालय में पदस्थ कार्यालय सहायक श्री दिनेश कुमार गोस्वामी आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करते हुए क्षेत्र में घुम-घुमकर आम आदमी पार्टी के पक्ष में मतदान करने जनता को प्रोत्साहित कर रहे थे। राजनीतिक गतिविधियों में सम्मिलित होकर आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन करने की शिकायत पर एसडीएम आरंग ने जांच की थी। जांच में शिकायत सही पाये जाने पर कलेक्टर डॉ. सर्वेश्वर भुरे ने सिविल सेवा आचरण नियमों के उल्लंघन पर दिनेश गोस्वामी को निलंबित कर दिया है।

# मॉडल यूनाइटेड नेशंस का हुआ आयोजन

**रायपुर/नवप्रदेश।** मॉडल यूनाइटेड नेशंस (एमयूएन) एक लोकप्रिय शैक्षिक सिमुलेशन और अकादमिक गतिविधि है जो छात्रों को अंतरराष्ट्रीय संबंधों, कूटनीति और वैश्विक मुद्दों के बारे में सीखने की अनुमति देती है। कलिंगा विश्वविद्यालय के विधि संकाय ने हाल ही में लेग रिदम्स इंटरनेशनल मॉडल यूनाइटेड नेशंस के सहयोग से मॉडल यूनाइटेड नेशंस का आयोजन किया। एमयूएन गतिविधि ने अंतरराष्ट्रीय मामलों का ज्ञान बढ़ाया, संचार और बातचीत कौशल में सुधार किया, वैश्विक जागरूकता बढ़ाई और आलोचनात्मक सोच और समस्या-समाधान क्षमताओं का विकास किया। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि पब्लिक इश्यू सोशल फ ाउंडेशन के अध्यक्ष नितिन भंसाली और कलिंगा विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. आर श्रीधर थे। डॉ. आर श्रीधर ने सभा को संबोधित करते हुए छात्रों में वक्तृत्व कौशल विकसित करने के साथ-साथ उन्हें दुनिया भर में होने वाली घटनाओं से अवगत कराने के लिए एमयूएन के महत्व पर जोर दिया। पब्लिक इश्यू सोशल फाउंडेशन के अध्यक्ष श्री नितिन भंसाली ने अंतरराष्ट्रीय मामलों के ज्ञान, बेहतर संचार और बातचीत कौशल, वैश्विक जागरूकता को उजागर करने और विभिन्न देशों का प्रतिनिधित्व करने और उनके दृष्टिकोण को अपनाने के लिए महत्वपूर्ण सोच और समस्या-समाधान क्षमताओं को विकसित करने पर जोर दिया, जिससे सांस्कृतिक जागरूकता को बढ़ावा मिला। यह दो दिवसीय कार्यक्रम था जिसमें 110 प्रतिभागियों ने संयुक्त राष्ट्र समितियों और निकायों का अनुकरण करते हुए विभिन्न देशों या भूमिकाओं का प्रतिनिधित्व किया क्योंकि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र समितियों और निकायों का अनुकरण किया था।

# एमबीए स्टूडेंट से जॉब के बहाने 2 लाख की ऑनलाइन ठगी

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के राखी थाना क्षेत्र स्थित आईआईएम की एमबीए स्टूडेंट के साथ ऑनलाइन ठगी हुई है। एक साइबर ठग ने छात्रा को पहले मैसेज भेजकर पार्ट टाइम जॉब के बहाने गुमराह किया। ठग ने उसे शुरुआत में पहली कमाई के बहाने 500 रुपए भी भेजे। उसके बाद उसने छात्रा से करीब 1 लाख 99 हजार रुपए वसूल कर लिए। इस पूरे मामले में राखी थाना पुलिस ने केस दर्ज कर ली है। पीड़िता समीक्षा सिंह ने राखी थाने में शिकायत दर्ज कराई कि वह नवा रायपुर के चेरिया स्थित आईआईएम कॉलेज में एमबीए फर्स्ट ईयर की स्टूडेंट है। उसने पुलिस को बताया कि 29 अक्टूबर को शाम साढ़े 8 बजे के करीब एक पार्ट टाइम जॉब का मैसेज व्हाट्सएप पर आया। उसने इस मैसेज में दिए गए निर्देश के अनुसार टेलीग्राम पर जाकर मरीना361 आईडी पर बात की। ये फ र्जी आईडी ऑनलाइन ठग की ही थी। ठग ने समीक्षा से कहा

कि वह डीजी फ्लिपकार्ट में जाकर प्रोडक्ट को एड टू कार्ट करे। हर एक प्रोडक्ट का उसे 50 रुपए मिलेगा। जिसके बाद पीड़िता ने ठीक वैसा ही किया। फिर ठग ने उसके खाते में 500 रुपये पहली कमाई के रूप में भेजे। जिसके बाद पीड़िता ज्यादा पैसे कमाने के लालच में आ गई। इसी बीच ठग ने पीड़िता को 10 हजार रुपए भेजने पर 13 हजार रुपए मिलने का लालच दिया। उसने ये रुपए भेज दिए। इसी तरह ठग ने अलग-अलग बहाने से पीड़िता से करीब 1 लाख 99 हजार रुपये वसूल लिए। उस कुछ भी रिटर्न नहीं दिया। इसके बाद पीड़िता को ठगी का एहसास हुआ। तो उसने राखी थाने में जाकर शिकायत दर्ज कराई। इस मामले में फिलहाल पुलिस आगे की जांच कर रही है।

# 12, 18 और 19 दिसम्बर को मांस विक्रय रहेगा बंद

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ शासन के नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के आदेश के अनुपालन में 12 नवंबर महावीर निर्वाण दिवस, 18 दिसम्बर गुरू घासीदास जयंती, 19 दिसम्बर संत तारण तरण जयंती के अवसर पर रायपुर परिक्षेत्र में स्थित पशु वध शाला गृह एवं मांस - मटन बिक्री दुकानों को बन्द रखे जाने के आदेश नगर पालिक निगम रायपुर के स्वास्थ्य विभाग द्वारा दिये गये है।

उक्त अवसर पर किसी भी दुकान में मांस विक्रय करते पाये जाने पर मांस जप्त कर कार्यवाही की जायेगी और संबंधित व्यक्ति के विरूद्ध यथोचित कार्यवाही भी की जायेगी। उक्त अवसर पर नगर पालिक निगम रायपुर के समस्त जोन स्वास्थ्य अधिकारी स्वच्छता निरीक्षकगण उपरोक्त आदेश का पालन सुनिश्चित कराएंगे और अपने संबंधित क्षेत्रों में लगातार पर्यवेक्षण करेंगे।

## संपादकीय

# आखिर अपना आपा क्यों खो रहे नीतीश

किसी राज्य में विधानसभा चुनाव हो रहें हो या पूरे देश में लोकसभा चुनाव हो रहा हो तो बड़बोले नेता विवादासपद् बयानबाजी करते ही है। किन्तु अभी तो बिहार में कोई चुनाव नही हो रहा है इसके बावजूद खुद वहां के मुख्यमंत्री ही शालीनता की सारी सीमायें लांघ कर अनाब सनाब बयान दे रहे है। बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार जिनके नाम पर सबसे ज्यादा बार बिहार का मुख्यमंत्री बनने का किर्तिमान दर्ज है। और आईएनडीआईए के गठन में इन्होनें आदरणीय भूमिका निभाई है। उनके मुंह से असोभनीय बयान आना हैरत की बात है नीतीश कुमार को एक सुलझा हुआ नेता माना जाता है लेकिन पता नही क्यों वे लगाातार अपना आपा खो रहे है। नीतीश कुमार ने बिहार विधानसभा के पांच दिवसीय शीतकालीन सत्र में आरक्षण विधेयक पेश किया जिसमें बिहार में कराये गए जाति जनगणना के आधार पर पिछड़ो और दलितो का आरक्षण बढ़ाकर अब कुल 75 प्रतिशत कर दिया गया है। नीतीश कुमार अपने इस फैसले के बाद हिरो बन जाते किंतु उन्होने खुद को विलेन बना डाला विधानसभा के भीतर उन्होनें जनसंख्या पर बयान देते हुए ऐसी अभद्र बात कह दी की पूरा सदन शर्मसार हो गया । भाजपा ने जब उनके इस अशलील बयान पर घोर अपत्ति जताई ओर राष्ट्रीय महिला आयोग ने उनके बेहूदे बयान को लेकर उन्हें नोटिस भेजा तो उन्होने अपने बयान के लिए खेद व्यक्त करते हुए माफी मांग ली इसके दूसरे दिन सदन के भीतर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बिाहार के पूर्व मुख्यमत्री और दलित नेता जीतन राम मांझी के साथ भी अमरयादित भाषा इस्तेमाल कर नया बवाल खड़ा कर दिया। जब नीतीश कुमार अपने भाषण के दौरान जीतन राम के साथ तुतडाक कर रहे थे तो विधानसभा अध्यक्ष ने उन्हे टोका भी लेकिन नीतीश कुमार नही रूके और जितन राम मांझी को नालायक व मूर्ख तक ना जाने क्या क्या कह डाला। नीतीश कुमार के इस बयान के बाद फिर विधानसभा में हंगामा चल रहा है। और अब तो भाजपा नें नीतीश कुमार के ऐसे वाहियात बयानों को मुद्दा बनाकर पूरे बिहार में अंदोलन करने की घोषण कर दी है। नीतीश कुमार के आपत्तिजनक बयान से आहत जीतन राम मांझी ने अनसन शुरू कर दिया है। उन्होनें सनसनाी खेज आरोप लगाया है कि नीतीश कुमार कों कोई विषैली दवा दी जा रही है। जिसकी वजह से वे इस तरह के अनरगल बयान दे रहे है भाजपा ने भी नीतीश कुमार पर यह कहकर निशाना साधा है की नीतीश कुमार अपना दिमागी संतुलन खो चुकेहै। यदि नीतीश कुमार की दिमागी हालत वाकई ठीक नही है तो यह चिंता की बात है और यदि पूरी तरह से स्वस्थ और पूरे होसो हवास में इस तरह की अमरयादित बयानबाजी कर रहें है तो यह और भी ज्यादा चिंता का विषय है। नीतीश कुमार के सहयोगियो को चाहिए की वे उनकी हिमायत करने की जगह उन्हे समझाएं की वे अपनी जुबान पर लगाम लगाकर रखे। उनकी इस तरह की बयानबाजी से उनकी अपनी पार्टी को तो नुकसान पहुंचेगा ही नौगठित आईएनडीआईए को भी क्षति उठानी पड़ेगी जिसके नीतीश कुमार ही सुत्रधार है। और आईएनडीआईए को आगामी लोक सभ चुना में यदि पूर्ण बहुमत मिल जाता है तो नीतीश कुमार भी प्रधानमंत्री पद के सशक्त दावेदार बनकर उभर सकते है। दरअसल जब से नीतीश कुमार राष्ट्रीय जनता दल के साथ मिलकर मुख्यमंत्री बने है तभी से वे असहज लग रहे है उनके काम काज में राष्ट्रीय जनता दल अनावश्यक रूप से दखल देती रही है। इस बीच उन्हें राष्ट्रीय राजनीति में भेजने का भी काम शुरू हो गया और उन्हे प्रधानमंत्री पद का सपना दिखाया जाने लगा ऐसी सिंथिति में नीतीश कुमार पशोपेश में पड गए है विपक्ष की ओर से नीतीश कुमार को प्रधानमंत्री के रूप में प्रोजेक्ट करना बंद कर दिया गया है। इधर बिहार में उपमुख्य तेजेसवी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर काबिज होने की कवायद कर रहे है। ऐसा लगता है की इनसब बातो को लेकर ही नीतीश कुमार मानसिक रूप से बेहद परेशान चल रहे है। शायद इसी वजह से वे अपना आपा खो रहे है।

# नरक चतुर्दशीः नरक से मुक्ति के लिए दीपदान

योगेश कुमार गोयल

भारत में कार्तिक कृष्ण पक्ष में पांच पर्वों का जो विराट महोत्सव मनाया जाता है, महापर्व की उस श्रृंखला में सबसे पहले पर्व धनतेरस के बाद दूसरा पर्व आता है 'नरक चतुर्दशी'। कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी को मनाए जाने वाले पर्व 'नरक चतुर्दशी' नाम में 'नरक' शब्द से ही आभास होता है कि इस पर्व का संबंध भी किसी न किसी रूप में मृत्यु अथवा यमराज से है। ऐसी मान्यता है कि इस दिन यमराज का पूजन करने तथा व्रत रखने से नरक की प्राप्ति नहीं होती। दीवाली से ठीक एक दिन पहले मनाए जाने वाले इस पर्व की तिथि को लेकर लोगों के मन में भ्रम की स्थिति है कि यह पर्व 11 नवम्बर को मनाया जाएगा या 12 नवम्बर को। दरअसल कई स्थानों पर यह पर्व इस बार दीवाली के साथ 12 नवम्बर को ही मनाए जाने का उल्लेख है लेकिन हिन्दू पंचांग के अनुसार कार्तिक कृष्ण पक्ष की चतुर्दशी तिथि इस बार 11 नवम्बर 2023 को दोपहर 1 बजकर 57 मिनट पर शुरू होगी और अगले दिन 12 नवम्बर 2023 को दोपहर 2 बजकर 44 मिनट पर इसका समापन होगा। ऐसे में यह पर्व 11 नवम्बर को ही मनाया जाएगा। इस दिन सायं 5 बजकर 29 मिनट से लेकर 8 बजकर 7 मिनट तक दीपदान का शुभ मुहूर्त है। इस पर्व को 'नरक चौदस', 'रूप चतुर्दशी', 'काल चतुर्दशी' तथा 'छोटी दीवाली' के नाम से भी जाना जाता है। इस दिन मृत्यु के देवता यमराज और धर्मराज चित्रगुप्त का पूजन किया जाता है और यमराज से प्रार्थना की जाती है कि उनकी कृपा से हमें नरक के भय से मुक्ति मिले। इसी दिन रामभक्त हनुमान का भी जन्म हुआ था और इसी दिन वामन अवतार में भगवान विष्णु ने राजा बलि से तीन पग भूमि दान में मांगते हुए तीनों लोकों सहित बलि के शरीर को भी अपने तीन पगों में नाप लिया था। हनुमान जयंती वैसे तो चैत्र मास की पूर्णिमा को मनाई जाती है, लेकिन उत्तर भारत के कई भागों में यह दीवाली से एक दिन पहले भी मनाई जाती है। यम को मृत्यु का देवता और संयम के अधिष्ठाता देव माना गया है। नरक चतुर्दशी के दिन सूर्योदय से पहले उठकर स्नान करना शुभ माना गया है और सायंकाल के समय यम के लिए दीपदान किया जाता है। आशय यही है कि संयम-नियम से रहने वालों को मृत्यु से जरा भी भयभीत नहीं होना चाहिए। इस दिन सूर्योदय से पहले स्नान करने का आशय ही आलस्य का त्याग करने से है और इसका सीधा संदेश यही है कि संयम और नियम से रहने से उनका स्वास्थ्य उत्तम रहेगा और उनकी अपनी साधना ही उनकी रक्षा करेगी। नरक चतुर्दशी मनाए जाने के संबंध में एक मान्यता है कि इसी दिन भगवान श्रीकृष्ण ने प्रागज्योतिषपुर के राजा 'नरकासुर' नामक अधर्मी राक्षस का वध किया था और ऐसा करके उन्होंने न केवल पृथ्वीवासियों को बल्कि देवताओं को भी उसके अत्याचारों से मुक्ति दिलाई थी। उसके आतंक से पृथ्वी के समस्त शूरवीर और सम्राट भी थर-थर कांपते थे।

अपनी शक्ति के घमंड में चूर नरकासुर शक्ति का दुरूपयोग करते हुए स्त्रियों पर भी अत्याचार करता था। उसने 16000 मानव, देव एवं गंधर्व कन्याओं को बंदी बना रखा था। देवों और ऋषि-मुनियों के अनुरोध पर भगवान श्रीकृष्ण ने सत्यभामा के सहयोग से नरकासुर का संहार किया था और उसके बंदीगृह से 16000 कन्याओं को मुक्ति दिलाई थी। नरकासुर से मुक्ति पाने की खुशी में देवगण व पृथ्वीवासी बहुत आनंदित हुए और उन्होंने यह पर्व मनाया गया। माना जाता है कि तभी से इस पर्व को मनाए जाने की परम्परा शुरू हुई।

धनतेरस, नरक चतुर्दशी तथा दीवाली के दिन दीपक जलाए जाने के संबंध में एक मान्यता यह भी है कि इन दिनों में वामन भगवान ने अपने तीन पगों में सम्पूर्ण पृथ्वी, पाताल लोक, ब्रह्माण्ड व महादानवीर दैत्यराज बलि के शरीर को नाप लिया था और इन तीन पगों की महत्ता के कारण ही लोग यम यातना से मुक्ति पाने के उद्देश्य से तीन दिनों तक दीपक जलाते हैं तथा सुख, समृद्धि एवं ऐश्वर्य की प्राप्ति हेतु मां लक्ष्मी का पूजन करते हैं। यह भी कहा जाता है कि बलि की दानवीरता से प्रभावित होकर भगवान विष्णु ने बाद में पाताल लोक का शासन बलि को ही सौंपते हुए उसे आशीर्वाद दिया था कि उसकी याद में पृथ्वीवासी लगातार तीन दिन तक हर वर्ष उनके लिए दीपदान करेंगे।

# राम... कितना आएंगे काम

अरुण दीक्षित

*मोदी सहित बीजेपी का हर नेता चुनावी सभाओं में राम राम जप रहा है।राम की आड़ में कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर रहा है।पर सवाल यह है कि इस चुनाव में राम बीजेपी के कितने काम आयेंगे?*

*करीब 31 साल पहले बीजेपी नेताओं के नेतृत्व में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराया गया था।उस समय उत्तरप्रदेश , मध्यप्रदेश,राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में बीजेपी की सरकारें थीं।केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।विवादित ढांचा 6 दिसंबर 1992 को गिराया गया था। उसके साथ ही इन चारो राज्यों की सरकारें भी बर्खास्त कर दी गई थीं।बीजेपी ने इसका कड़ा विरोध किया था।उसके साथ ही वह पूरी तरह हिंदुत्व के रथ पर भी चढ़ गई। लेकिन कुछ महीने बाद जब इन चारो राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए तो राम बीजेपी के काम नही आए।राजस्थान को छोड़ सभी राज्यों में बीजेपी चुनाव हार गई।जबकि उसका मुख्य मुद्दा राम और उनका मंदिर ही था।तब मध्यप्रदेश में तो पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा ने दो मुद्दों पर ही अपना चुनाव अभियान चलाया था।*

राम राम जी ! ये तीन शब्द देश के हर हिंदी भाषी नागरिक के कानों तक जरूर पहुंचे होंगे।यह भी कहा जा सकता है कि ये शब्द किसी न किसी रूप में उसके जीवन का हिस्सा रहे हैं।राम किसी की आस्था हैं तो किसी का विश्वास !राम को लेकर सबका नजरिया अलग अलग है।राम की अलग अलग तरह की व्याख्याएं भी होती रही हैं।सबने अपने अपने नजरिए से राम को देखा और समझा है।वाल्मीकि के राम ,तुलसी के राम,कम्बन के राम और पेरियार के राम।तरह तरह के राम लोगों ने पढ़े और जाने हैं।देखा तो किसी ने है नही।सब ने जैसा सुना वैसा राम को गुना !

राम की बात आज इसलिए क्योंकि आज वे एक बड़ा चुनावी मुद्दा बने हुए हैं। देश और मध्यप्रदेश में राज कर रही बीजेपी चुनावी वैतरणी पार करने के लिए एक बार फिर राम का सहारा ले रही है। अपनी बातों और बयानों से देश - दुनिया में एक अलग पहचान बना चुके देश के मुखिया नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी सभाओं में राम नाम के रथ पर सवार नजर आते हैं।वही बीजेपी सड़कों पर राम को उतार चुकी है।नरेंद्र मोदी अपनी चुनावी सभाओं में राम को अहम मुद्दा बना रहे हैं।वे कह रहे हैं कि राम को काल्पनिक बताने वालों को सत्ता के लिए तरसा दो।अपनी पार्टी के लिए वोट मांग रहे मोदी राम और उनके मंदिर का खुल कर जिक्र कर रहे हैं।उनका आरोप है कि कांग्रेस राम मंदिर बनने ही नही देना चाहती है।वह राम को काल्पनिक बताती है।

उधर बीजेपी ने पूरे प्रदेश में अयोध्या में निर्माणाधीन मंदिर के बड़े बड़े होर्डिंग लगा रखे हैं।इन पर मंदिर के साथ मोदी और अन्य बीजेपी नेताओं की तस्वीरें हैं।इन पर लिखा है - बन रहा है भव्य राम मंदिर !नीचे लिखा है - भाजपा को वोट दीजिए।

मोदी सहित बीजेपी का हर नेता चुनावी सभाओं में राम राम जप रहा है।राम की आड़ में कांग्रेस को कटघरे में खड़ा कर रहा है।पर सवाल यह है कि इस चुनाव में राम बीजेपी के कितने काम आयेंगे?

करीब 31 साल पहले बीजेपी नेताओं के नेतृत्व में अयोध्या में विवादित ढांचा गिराया गया था।उस समय उत्तरप्रदेश , मध्यप्रदेश,राजस्थान और हिमाचल प्रदेश में बीजेपी की सरकारें थीं।केंद्र में कांग्रेस की सरकार थी।विवादित ढांचा 6 दिसंबर 1992 को गिराया गया था।उसके साथ ही इन चारो राज्यों की सरकारें भी बर्खास्त कर दी गई थीं।बीजेपी ने इसका कड़ा विरोध किया था।उसके साथ ही वह पूरी तरह हिंदुत्व के रथ पर भी चढ़ गई।

लेकिन कुछ महीने बाद जब इन चारो राज्यों में विधानसभा चुनाव हुए तो राम बीजेपी के काम नही आए।राजस्थान को छोड़ सभी राज्यों में बीजेपी चुनाव हार गई।जबकि उसका मुख्य मुद्दा राम और उनका मंदिर ही था।तब मध्यप्रदेश में तो पूर्व मुख्यमंत्री स्वर्गीय सुंदरलाल पटवा ने दो मुद्दों पर ही अपना चुनाव अभियान चलाया था।पहला मुद्दा था राम मंदिर और दूसरा मुद्दा था सरकार बर्खास्त करके उनके साथ किया गया अन्याय !लेकिन पटवा जी अपनी कैबिनेट के सदस्य तय करते रह गए जनता ने सत्ता कांग्रेस को सौंप दी। दिग्विजय सिंह मुख्यमंत्री बन गए।मंदिर के लिए सुप्रीम कोर्ट से एक दिन की सजा पाने वाले कल्याण सिंह भी मुख्यमंत्री की कुर्सी पर नही बैठ पाए। हां बाद में बीजेपी को केंद्र में सत्ता अवश्य मिली। अटल विहारी बाजपेई पहले 13 दिन फिर 13 महीने और फिर पांच साल के लिए देश के प्रधानमंत्री बने।लेकिन उन्हें 2004 में जनता ने सत्ता से बाहर कर दिया। 1993 से 2023 के बीच सरयू नदी में बहुत पानी बह गया है।देश की राजनीतिक तस्वीर बदल गई है।बीजेपी में तो अप्रत्याशित बदलाव आया है।अदालत के फैसले के बाद राम का मंदिर भी बन रहा है।उसका भरपूर प्रचार भी हो रहा है।राम जी भी प्रचार का मुद्दा हैं।

पर सवाल यह है कि क्या राम का नाम नरेंद्र मोदी को चार राज्यों में चुनावी वैतरणी पार करा पाएगा?क्या 30 साल बाद राम के नाम पर लोगों को एक छाते के नीचे लाया जा सकता है?लोगों के मन में क्या है ये तो लोग ही जाने और राम जी क्या करेंगे राम ही जाने !

लेकिन एक बात साफ है! करीब दस साल से देश को अपने ढंग से चला रहे नरेंद्र मोदी के पास ÷राम÷ के अलावा कोई बड़ा मुद्दा नहीं है।चुनावी सभाओं में वे आज भी कांग्रेस को ही कोसते हैं।उस पर देश को बर्बाद करने का आरोप लगाते हैं।वे राम की आड़ ले रहे हैं।उनके निर्माणाधीन मंदिर का हवाला दे रहे हैं।लोगों को मुफ्त भोजन देने की उपलब्धि को पांच साल और चलाने की बात कह रहे हैं।लेकिन अपने दस साल के शासन और विकास की उपलब्धियां वे कम ही गिनाते हैं।कांग्रेस और राम से आगे वे बढ़ ही नही पा रहे हैं।

ऐसे में क्या आम मतदाता राम के नाम पर वोट डालने जायेगा ? यह बड़ा सवाल है।क्योंकि जब 31 साल पहले उसने वह रास्ता नहीं चुना था तो अब क्या राम की प्रासंगिकता बढ़ गई है?या फिर पिछले दो दशक में सामाजिक ध्रुवीकरण की जो दिन रात कोशिश की गई है क्या अब उसकी फसल पक गई है ?

पिछले एक दशक में देश में धार्मिक उन्माद खूब बढ़ा है।उसका लाभ भी खूब लिया गया है।लेकिन फिर भी ऐसा नहीं लग रहा है राम और उनका मंदिर जीत दिला पाएंगे।कुछ महीने पहले हुए कर्नाटक विधानसभा के चुनाव यही प्रमाणित करते हैं।

## आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1028 भविष्य के बीजान्टिन साम्राज्ञी ज़ो ने सर्वप्रथम एम्प्रेसकॉनसर्ट के रूप में सिंहासन को रोमनोस तृतीय अरगिरोस के रूप में लिया।1330 आवाज देने वाले बासरब प्रथम के नेतृत्व में व्लादियन बलों ने पोसाडा की लड़ाई में एक घात में एचएच की सेना को हराया।1727 फ्रांस और बवेरिया ने गुप्त संधि पर दोबारा हस्ताक्षर किये। 1781अंग्रेजों ने डच उपनिवेश नागापट्टनम पर कब्जा किया। 1823ग्रेट नॉर्थ हॉलैंड नहर (एम्स्टर्डम) खुली। 1828 ऐनोवंग, वियनतियाने राज्य के शासक का नामकरण किया गया और सियाम द्वारा राज्य कब्जा कर लिया गया। युद्ध के दौरान, वियनतियाने शहर को स्याम देश की सेनाओं द्वारा नष्ट कर दिया गया। 1841 टेक्सास का शहर जॉन नेली ब्रायन द्वारा स्थापित किया गया।1847 ब्रिटेन के चिकित्सक सर जेम्स यंग सिंप्सन ने एनेस्थेटिक के रूप में पहली बार क्लोरोफार्म का प्रयोग किया। 1847 सर जेम्स यंग सिम्पसन, एक ब्रिटिश चिकित्सक, एक संवेदनाहारी के रूप में क्लोरोफॉर्म का उपयोग करने वाला पहला चिकित्सक था।

## QUIZ TIME

Ramaquiz

1) भारतीय अंतर्राष्ट्रीय फिल्म महोत्सव 2023 में अंतर्राष्ट्रीय जूरी पैनल का अध्यक्ष किसे चुना गया है?

2) रोजगार गारंटी योजना शुरू करने वाला पहला राज्य कौन-सा है?

3) मृतकों की जनगणना करने वाला पहला राज्य कौन-सा है?

4) इंटरनेट पर सर्वर से सूचना पाने के कम्प्यूटर प्रोसेस को क्या कहते हैं?

5) दूसरे रोहिणी नैय्यर पुरस्कार से हाल ही में किसे सम्मानित किया गया है?

उत्तरमाला-
(1) शेखर कपूर (2) महाराष्ट्र (3) कर्नाटक (4) डाउनलोडिंग (5)

## आज का पंचांग

सूर्योदय : 06:47, सूर्यास्त : 05:35, चन्द्रोदय : 28:28, चन्द्रास्त : 15:40, अयन दक्षिणायणे (दक्षिणगोलीय), ऋतु : हेमन्त, शक सम्वत : 1945 (शोभकृत), विक्रम सम्वत : 2080 (पिंगल), मास : कार्तिक, पक्ष : कृष्ण, तिथि : त्रयोदशी, नक्षत्र : चित्रा, योग : प्रीति, प्रथम करण : तैतिल (12:35 तक), द्वितीय करण : गर (25:20 तक)

**शुभाशुभ मुहूर्त विचार**

अभिजित मुहूर्त : 11:39 से 12:22, अमृत काल : 17:35 से 19:20, विजय मुहूर्त : 13:48 से 14:31, गोधूलि मुहूर्त : 17:24 से 17:50, सायाह्न सन्ध्या : 17:24 से 18:43, निशिता मुहूर्त : 23:34 से 24:27, राहुकाल : 09:00 से 10:30, राहुवास : दक्षिण-पूर्व, यमगण्ड : 14:42 से 16:03, होमाहुति : केतु, दिशाशूल : पश्चिम, अग्निवास : पाताल (12:35 से पृथ्वी), चन्द्रवास : दक्षिण, शिववास : नन्दी पर (12:35 से भोजन में)

**शुभ यात्रा दिशा**

दक्षिण-पूर्व (दहीलस्सी अथवा राई का सेवन कर यात्रा करें), आज जन्मे शिशुओं का नामकरण, आज जन्मे शिशुओ का नाम चित्रा नक्षत्र के प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं चतुर्थ चरण अनुसार क्रमशः (पे, पो , रा, री,)।

## आज का राशिफल

ज्योतिषाचार्य वास्तुविशेषज्ञ डॉक्टर देवव्रत गुरुजी

**मेषः** आज का दिन प्रतिकूल रहेगा कार्यो के बिगड़ने अथवा आशानुकूल ना होने से मन मे नकारात्मक भाव आएंगे। अनैतिक प्रवृति जल्द आकर्षित करेगी **मिथुनः** आपके लिये आज का दिन कलहकारक रहेगा। दिनभर किसी ना किसी कारण से विवाद के प्रसंग बनेंगे।

**कर्कः** आज का दिन आपके लिए श्रीवृद्धि कारक रहेगा। आज आप जिस भी कार्य मे धन लगाएंगे उसमे थोड़े विलंब से ही सही लेकिन दुगना लाभ मिलेगा।

**सिंहः** दिखावे का संतोषी स्वभाव भी आज आपके व्यक्तित्त्व में चार चांद लगायेगा।

**कन्याः** आज के दिन अधिकांश समय मन को प्रसन्न करने वाले प्रसंग बनेंगे। कार्यो में सहज सफलता मिलने से उत्साह बढ़ेगा।

**तुलाः** आज के दिन आपकी मन के विपरीत घटना घटने से क्रोध आएगा। सहकर्मी अथवा पारिवारिकजन जानकर भी आपकी इच्छा के विपरीत कार्य करेंगे।

**वृश्चिकः** आज का दिन आपके लिए लाभदायक रहेगा सेहत एवं व्यापार दोनों उत्तम रहेंगे। क्रय-विक्रय के व्यवसाय अथवा शेयर सट्टे में निवेश से धन लाभ होगा।

**धनुः** आपका आज का दिन मिश्रित फलदायक रहेगा दिन के आरंभिक भाग में कल वाली स्थिति यथावत रहेगी।

**मकरः** आज का दिन लाभदायक रहेगा आप संबंधों को लेकर ज्यादा गंभीर रहेंगे जिससे कुछ दिनों से चल रही पारिवारिक खटास में कमी आएगी।

**कुंभः** आज का दिन शारीरिक रूप से हानिकारक रहेगा किसी दुर्घटना अथवा आकस्मिक रोग होने से कष्ट की संभावना अधिक रहेगी।

**मीनः** आज का दिन आपको ऐश्वर्य दिलाएगा साथ ही थोड़ा बहुत धन लाभ भी होने से मानसिक रूप से संतोष अनुभव करेंगे। आपको सोचे कार्यो में अवश्य सफलता मिलेगी परन्तु आलस्य एवं अहम् की भावना को दूर रखना होगा।

## वर्ग पहेली

### शब्द सामर्थ्य -241

(भागवत साहू)

**बायें से दायें**

1. कतार, क्रम, पांत 2. लज्जत, जायका 4. कारण, वजह 7. सुंदर प्रतीत होना, सुखद होना 8. घोड़े आदि का मल 9. अक्सर, ज्यादातर 10. चक्की में पीसना, मसलना, कुचलना 12. धनुष, फौजी टुकड़ी 13. आभूषण, जेवर 15. लहरों का चक्कर, जलावर्त, भ्रमर 17. बायां, विरुद्ध 18. माना, नगमा 19. लाचार, विवश 22. नमन, प्रणाम 25. चौकी, थाना 26. इकरार, समझौता, ठेका 27. अधिकार होना, सामर्थ्य होना (मुहा.)।

**ऊपर से नीचे**

1. एक प्रदेश जिसकी राजधानी चंडीगढ़ है 2. हविर्दान के समय उच्चारित एक शब्द, भस्म 3. दन-दन करते हुए 5. बलशाली, बलवाला 6. परिवर्तित करना, पहले से भिन्न हो जाना 7. चांद, चंद्रमा, रजनीश 11. अप्रिय, अरुचिकर 14. मैं का बहुवचन 15. भंगेड़ी, भंग करने वाला, झाड़ू लगाने तथा मैला साफ करने वाला 16. मातृभूमि, स्वदेश 19. मक्खन, माखन 20. बुढ़ापा, धन, ज्वर 21. टालना, हटाना, बहाना करके हटाना 23. सीमा, हद 24. सी का पांचवां हिस्सा 25. घोड़े के पैरों में लगाने का लोहे का टुकड़ा, पौधे आदि का डंठल।



शब्द सामर्थ्य क्रमांक 240 का हल

न्यूज गैलरी

## बुजुर्ग एवं दिव्यांग मतदाताओं ने होम वोटिंग कर निभाई सहभागिता

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष या उससे अधिक आयु वाले मतदाताओं और 40 प्रतिशत से अधिक दिव्यांग मतदाताओं को इस बार डाकमत पत्र की सुविधा दी गई है। ऐसे बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचकर मतदान दलों द्वारा होम वोटिंग कराई जा रही है। उनके चेहरे की मुस्कान यह बयां कर रही है कि घर पर ही मतदान कर पाने की सुविधा मिलने से उन्हें कितनी राहत मिल रही है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण के मार्गदर्शन में मतदान दलों द्वारा होम वोटिंग के लिए कड़ी मेहनत करते हुए यह कार्य किया जा रहा है।

टिकरापारा निवासी 80 वर्षीय श्री प्रवीण कुमार दामानी ने डाकमत पत्र के जरिए होम वोटिंग की। श्री दामानी रिटायर्ड कर्मचारी है। उन्होंने बताया कि चल फिर पाने में असमर्थ होने की वजह से इस बार वोट डाल पाने की उम्मीद छोड़ दी थी। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई इस सुविधा के चलते वे अपने मताधिकार का प्रयोग कर पाएं। श्री दामानी कहते है कि वे हमेशा अपने मताधिकार का प्रयोग करते आए है। उन्होंने इस सुविधा के प्रति आभार व्यक्त किया। 89 वर्षीय श्री रघुनाथ माडिकर ने बताया कि पहले अपने मताधिकार का प्रयोग करने के लिए वे किसी पर आश्रित रहते थे लेकिन अब मतदान दल के घर पर आने से बिना किसी असुविधा के लोकतंत्र का हिस्सा बनने का अवसर मिला। विद्यानगर निवासी 81 वर्षीय श्रीमती गौरी घोष भी चल फिर पाने में असमर्थ है। उन्होंने बताया कि मतदान दल के घर पहुंचने पर अपने मताधिकार का प्रयोग करना उनके लिए आसान हो गया। इस सुविधा के लिए उन्होंने तहे दिल से भारत निर्वाचन आयोग एवं मतदान दल का आभार व्यक्त किया। 88 वर्षीय ग्रीन पार्क निवासी श्रीमती विमला शर्मा ने कहा कि होम वोटिंग के माध्यम से घर पर ही अपने मताधिकार का प्रयोग किया। पहले मतदान केंद्र में घरवालों के सहयोग से पहुंचकर मतदान करते थे लेकिन अब निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर ही यह सुविधा दी जा रही है। होम वोटिंग की सुविधा से परिजनों को भी काफी राहत मिली है

## एक किलो गांजा के साथ युवक गिरफ्तार

**बिलासपुर।** अशोक नगर के पास झोले में गांजा लेकर बेचने निकले युवक को सरकंडा पुलिस की पेट्रोलिंग टीम ने गिरफ्तार किया है। उसके पास से 1 किलो 10 ग्राम गांजा बरामद हुआ है। पुलिस के अनुसार पेट्रोलिंग टीम को गस्त के दौरान एक युवक झोला लेकर घूमता हुआ दिखाई दिया। पेट्रोलिंग टीमे ने संदेही को रोक कर पूछताछ की तो युवक ने अपना नाम सोनू पिता श्यामदास मानिकपुरी (21) निवासी तिफरा यदुनंदन नगर महामाया तालाब के पास सिरगिट्टी का होना बताया। पुलिस ने सोनू मानिकपुरी की तलाशी ली तो उसके पास मिले थैले के अंदर एक पैकेट में 1 किलो 10 ग्राम गांजा मिला। सरकंडा पुलिस मामले में अपराध दर्ज कर जांच को आगे बढ़ा रही है।

## खदान के गड्ढे में डूब कर मासूम की मौत

**बिलासपुर।** मस्तूरी के ग्राम वेदपरसदा स्थित पत्थर खदान में बने गड्ढे में 6 वर्षीय बालक की डूबने से मौत हो गई। परिजनों ने पुलिस को बताया कि रितेश पिता सत्यनारायण सूर्यवंशी (6) निवासी वेद परसदा चाच के घर जाने की बात कह कर घर से निकला था। काफी खोजबीन के बाद परिजनों को जब बालक का पता नहीं चला। इस दौरान परिजनों को पता चला कि एक बच्चा पत्थर खदान के गड़्ढे में डूबा हुआ है। परिजन पहुंचे तो मृतक की पहचान रितेश के रूप में हुई। मस्तूरी पुलिस मामले में मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

# धनतेरस पर बाजारों में उमड़ पड़ी भीड़

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** धनतेरस के मौके पर शनिवार को बाजारों में खूब रौनक रही। धनतेरस को नई खरीदारी के लिए शुभ माना जाता है। सोने और चांदी का कारोबार खूब हुआ। इसके अलावा गणेश, लक्ष्मी की मूर्तियों और बर्तनों की मांग भी खूब देखी गई। दुकानदार अब दिवाली पर भी कारोबार होने का अनुमान लगा रहे हैं। रविवार को भी दुकानें खुली रखने का निर्णय लिया है।

धनतेरस के दिन शाम 4 बजे का समय खरीददारी के लिए शुभ बताया गया था लेकिन फिर भी लोग सुबह के समय से ही खरीदारी करने में लग गए थे। बाजारों में ग्राहकों की आवाजाही के चलते दुकानदारों में भी खुशी की लहर देखी गई। दुकानदार अब दिवाली पर भी खूब कारोबार होने का अनुमान लगा रहे हैं। दो साल से कोरोना के दौरान यह त्योहार फीका था। पिछले साल भी कम व्यापार हुआ था। अब सब कुछ सामान्य होने लगा और लोगों के रोजगार फिर से पटरी पर आ जाने के कारण ग्राहक भी बाजारों में सुचारू रूप से आ रहे हैं।दिवाली के लिए भी बाजार सज चुके हैं। पटाखों के अलावा मिठाईयों और सजावटी सामान की बिक्री भी शुरू हो चुकी है।

## डाक मतपत्र के जरिए 3498 मतदाताओं ने किया मतदान

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले में डाक मतपत्र के माध्यम से 9 नवम्बर तक होम वोटिंग तथा सेवा मतदाताओं एवं निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात 3 हजार 498 मतदाताओं ने अपने मताधिकार का प्रयोग किया है। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा 80 वर्ष एवं इससे अधिक आयु के वृद्धजन तथा 40 प्रतिशत या इससे अधिक दिव्यांगता वाले चिन्हांकित मतदाताओं को अपने मताधिकार का उपयोग करने के लिए डाक मतपत्र के माध्यम से होम वोटिंग की सुविधा दी गई है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री अवनीश शरण के मार्गदर्शन में विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत गठित विशेष मतदान दलों द्वारा चिन्हांकित वृद्धजन एवं दिव्यांग मतदाताओं को डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। साथ ही निर्वाचन ड्यूटी में तैनात मतदाताओं और सेवा मतदाताओं से भी डाक मतपत्र प्राप्त किए जा रहे हैं। जिले के सभी 6 विधानसभाओं के ऐसे सभी मतदाता अधिकारी एवं कर्मचारी जिन्होंने डाक मतपत्र हेतु आवेदन किया हो और जिनका नाम संबंधित रिटर्निंग अधिकारी के पात्र डाक मतपत्र सूची में है, वे केवल डाक मतपत्र के माध्यम से ही मतदान सुविधा केंद्रों में मतदान कर पायेंगे।

जिला निर्वाचन कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार 9 नवम्बर तक निर्वाचन ड्यूटी पर तैनात मतदाताओं हेतु सुविधा केन्द्र से विशेष संवाहक द्वारा अब तक 3122 डाक मतपत्र प्राप्त हुए हैं। जिसमें कोटा विधानसभा क्षेत्र से 444, तखतपुर विधानसभा क्षेत्र से 662, बिल्हा विधानसभा क्षेत्र से 264, बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र से 771, बेलतरा विधानसभा क्षेत्र से 564 एवं मस्तूरी विधानसभा से 402 डाक मतपत्र प्राप्त हुए है।

## कांग्रेस प्रत्याशी शैलेष पांडेय को आयोग की नोटिस

### आचार संहिता के उल्लंघन का मामला

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** जिले में आदर्श आचार संहिता उल्लंघन के मामले में कांग्रेस प्रत्याशी शैलेष पांडेय को नोटिस जारी किया गया है। रिटर्निंग अफसर सुभाष सिंह राज ने नोटिस जारी कर शैलेष पांडेय से 24 घंटे के भीतर जवाब मांगा है।

शिकायत के आधार पर कार्रवाई की गई है। शिकायत पत्र में कहा गया है कि कांग्रेस प्रत्याशी शैलेष पांडेय द्वारा विधानसभा क्षेत्र के मंदिर चौक से लेकर सिंधी कॉलोनी रोड, भक्त कंवर राम रोड, मुख्य मार्ग और अयोध्या नगर (चर्च गली), डॉ घाटगे नर्सिंग होम, सिंधी कॉलोनी बिलासपुर में बिजली के खंभों पर बैनर-पोस्टर लगाए गए हैं। इसके अलावा मेन रोड पर बैनर-पोस्टर से प्रवेश द्वार बनाया गया है, जो आदर्श आचार संहिता का उल्लंघन है। आयुक्त नगर निगम बिलासपुर से मिले प्रतिवेदन के आधार पर शिकायत की पुष्टि भी हो रही है। उनका यह कृत्य आदर्श आचार संहिता एवं छग संपत्ति विरूपण अधिनियम 1994 का उल्लंघन है, इसलिए प्रत्याशी शैलेष पांडेय को निर्देशित किया गया है कि सार्वजनिक संपत्तियों पर किए गए विरूपणों को तत्काल हटाना सुनिश्चित करें और इस संबंध में अपना स्पष्टीकरण नोटिस प्राप्ति के 24 घंटे के भीतर रिटर्निंग ऑफिसर के सामने पेश करें। बैनर-पोस्टर नहीं हटाने और स्पष्टीकरण प्रस्तुत नहीं करने की स्थिति में आपके विरुद्ध नियम के मुताबिक कार्रवाई की जाएगी।

## बिलासपुर महापौर रामशरण यादव कांग्रेस से निलंबित पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने पर कार्रवाई

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** कांग्रेस ने बिलासपुर के मेयर रामशरण यादव को अपनी पार्टी से निष्कासित कर दिया है। आदेश के मुताबिक, पार्टी संगठन के खिलाफ अनर्गल बात करने और पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के कारण उन पर कार्रवाई की गई है।10 नवंबर 2023 को उनकी भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस की प्राथमिक सदस्यता निलंबित की गई है।

बिलासपुर में 8 नवंबर को कांग्रेस के बागी और निर्दलीय प्रत्याशी अरुण तिवारी ने एक ऑडियो पत्रकारों को दिया था। जिसमें कथित तौर पर वे मेयर रामशरण यादव से बात कर रहे हैं। ऑडियो में बड़े नेताओं पर चुनाव में टिकट बांटने के लिए पैसों की लेन-देने का आरोप लगाया था।

### आदेश तत्काल प्रभाव से लागू

निलंबन आदेश में लिखा गया है कि, दीपक बैज के आदेशानुसार विधानसभा चुनाव 2023 में पार्टी विरोधी गतिविधियों में शामिल होने के चलते और कारण बताओ नोटिस का संतोषजनक जवाब नहीं मिलने के कारण रामशरण यादव, महापौर बिलासपुर की आज 10 नवंबर से प्राथमिक सदस्यता निलंबित की जाती है।

### पहले कारण बताओ नोटिस भी जारी हुआ था

ऑडियो में प्रत्याशी बनाए जाने के लिए चार करोड़ रुपए में डील होने का आरोप लगाया गया है। ऑडियो वायरल होने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने मेयर रामशरण यादव को कारण बताओ नोटिस भी जारी किया था। संगठन के प्रभारी महामंत्री मलकीत सिंह गैदू ने पत्र में लिखा कि टिकट वितरण को लेकर हो रही चर्चा का ऑडियो क्लिप सोशल मीडिया में वायरल हो रहा है। इसमें जिस प्रकार की बातचीत हो रही है, वो अनुशासनहीनता की श्रेणी में आता है। इसे लेकर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने नोटिस जारी करने का आदेश दिया है। 24 घंटे के अंदर इस पर मेयर रामशरण यादव से जवाब मांगा गया था। हालांकि मेयर रामशरण ने कहा कि- बातचीत आपसी भाई-चारे के तहत हुई हैद्य मैंने किसी प्रकार का आरोप नहीं लगाया है।

### कांग्रेस की बड़ी नेता पर लगाया था आरोप

कांग्रेस नेता रहे और पूर्व विधायक अरुण तिवारी ने कांग्रेस के छत्तीसगढ़ की जिम्मेदारी संभाल रही बड़ी नेत्री पर टिकट वितरण में पैसे लेने का आरोप लगाया है। उन्होंने अपने और मेयर रामशरण यादव के बीच हुई बातचीत का ऑडियो वायरल किया है। इस ऑडियो में रामशरण यादव चार करोड़ रुपए की डील होने की बात कह रहे हैं। वे यह भी बता रहे हैं कि उनके नाम से हरियाणा के रोहतक में पैसे दिए गए हैं। यह भी कहा जा रहा है कि यह बात खुद पैसे देने वाले ने फैलाया है।

## बिलासपुर रेल जोन का 383 किलोमीटर का सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली से लैस

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे यात्रियों के बेहतर, सुविधाजनक, सुरक्षित और आरामदायक यात्रा अनुभव प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है । यात्रियों को बेहतर सेवाएं देने के साथ-साथ क्षमता में वृद्धि के लिए आधुनिक एवं उन्नत तकनीक को अपनाया जा रहा है । इसी क्रम में अब स्वचालित ब्लॉक सिग्नलिंग प्रणाली यानी ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नलिंग सिस्टम का इस्तेमाल किया जा रहा है । ऑटोमेटिक ब्लॉक सिगनलिंग सिस्टम में दो स्टेशनों के निश्चित दूरी पर सिग्नल लगाए जाते हैं । नई व्यवस्था में स्टेशन यार्ड के एडवांस स्टार्टर सिग्नल से आगे लगभग एक से डेढ़ किलोमीटर पर सिग्नल लगाए गए हैं। जिसके फलस्वरूप सिग्नल के सहारे ट्रेनें एक-दूसरे के पीछे चलती रहती है । अगर किसी कारण से आगे वाले सिग्नल में

तकनीकी खामी आती है तो पीछे चल रही ट्रेनों को भी सूचना मिल जाएगी । जो ट्रेन जहां रहेंगी और वो जहां है वहीं रुक जाएंगी। दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे में बिलासपुर से दाधापारा, बिल्हा, गतौरा, जयरामनगर, लटिया, अकलतरा, उसलापुर, घुटकू, चांपा से गेवरा रोड , नागपुर से भिलाई के साथ कुल 383 किलो मीटर सेक्शन ऑटोमैटिक सिग्नल प्रणाली से लैस है । कोरबा से गेवरा रोड के कार्य पूरे होने से चांपा से गेवरा रोड तक का पूरा सेक्शन ऑटो सिग्नलिंग से लैस हो गया। ऑटोमेटिक ब्लॉक सिग्नल सिस्टम के लागू हो जाने से एक ब्लॉक सेक्शन में एक ही रूट पर एक से अधिक ट्रेनें चल सकती है । इससे रेल लाइनों पर ट्रेनों की रफ्तार के साथ ही संख्या भी बढ़ गई है । वहीं, कहीं भी खड़ी ट्रेन को निकलने के लिए आगे चल रही ट्रेन के अगले स्टेशन तक पहुंचने का भी इंतजार नहीं करना पड़ता है । स्टेशन यार्ड से ट्रेन के आगे बढ़ते ही ग्रीन सिग्नल मिल जाता है।

## दिव्यांग कोच और रेलवे शौचालय बना पार्सल गोदाम, दो दिन में 2,056 किलो सामान जब्त

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** हावड़ा-पुणे आजाद हिंद एक्सप्रेस का दिव्यांग कोच बना बुक कराए पार्सल का परिवहन किया जा रहा है। दो दिन की औचक जांच में इस कोच के अंदर सीट के नीचे से 2,056 किलो सामान जब्त किया गया है। सात नवंबर को 60 पैकेट व आठ नवंबर को 24 पैकेट में सामान बरामद किया है। वाणिज्य विभाग इसकी जांच कर रहा है। प्रधान मुख्य वाणिज्य प्रबंधक के निर्देश पर बिना बुक किए ट्रेनों से होने वाले पार्सल परिवहन पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। वाणिज्य विभाग की टीम लगातार अलग-अलग ट्रेनों में औचक जांच कर रही है। ट्रेन के अलावा स्टेशन व पार्सल कार्यालय में भी टीम दबिश दे रही है। इसी के तहत सात नवंबर को हावड़ा-पुणे एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच की जांच के दौरान 60 पैकेट वजन 1,512 किलो पार्सल बरामद किया गया। यह कार्रवाई जोन की टीम ने की। दूसरे दिन आठ नवंबर को फिर से बिलासपुर रेल मंडल के वाणिज्य विभाग की टीम ने इस ट्रेन के दिव्यांग कोच का जायजा लिया। इस टीम को भी सफलता मिली। सहायक वाणिज्य प्रबंधक एस भारतीयन के नेतृत्व में मुख्य वाणिज्य निरीक्षक एके सिंह, भोला नाथ डे, संतोष मिश्रा, पीपी पाठक, सीटीआई सुरेश कुमार सिंह, डिप्टी सीटीआइ राजूदास मानिकपुरी, सीनियर टीटीई जीसी साई किरण पुणे-हावड़ा आजाद हिन्द एक्सप्रेस के दिव्यांग कोच के शौचालय से 24 पैकेट वजन लगभग 544 किलो बिना बुक किए लगेज बरामद किया गया।

## छत्तीसगढ़ में शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास, पानी में सिर्फ घोटाल किया, प्रदेश बदहाल : धरमलाल कौशिक

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** भाजपा प्रत्याशी धरमलाल कौशिक ने विधानसभा बिल्हा के बिल्हा मंडल में ग्राम हरदीकला,गणेशनगर चुचुहिया पारा अन्नपूर्णा कालोनी,नगाराडीह ,पिरैया, कनेरी, दुर्गडीह, मंगल, बेलटुकरी, कुरेली, बरतोरी, मुरकुटा, करहीपार, दगौरी, अमेरी अकबरी, अमेरीकापा,पौसरी,खंताहा, डोकलाडीह एवं भोजपुरी में जन आशीर्वाद प्राप्त कर भारी मतों से विजयी बनाने का अनुरोध किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि मोदी जी की सरकार ने आम आदमी के लिए, गरीब के लिए जो कल्याण एजेंडा चलाया और गरीबों को अधिकाधिक राहत देने की योजनाएं लाई। छत्तीसगढ़ में केवल वोट की राजनीति के लिए उन योजनाओं को रोकने का काम

हुआ। 16 लाख लोगों को मकान से वंचित रखने का काम बघेल जी की सरकार ने किया और जन चुनाव नजदीक आया तब नए सिरे से 10 लाख मकान बनाने की बात कही जाती है ।जहां पैसा तैयार है, योजना तैयार है ,लोग तैयार हैं, उसको रोक देंगे और कहेंगे कि हम नई योजना लाएंगे जो आने वाली नहीं है। पिछले सारी योजनाओं की तरह वह भी बस्ते में बंद होने वाली है। कांग्रेस के आज पूरे 36 के 36 वादे अधूरे है और एक बार फिर जनता को छलने के लिए झूठे घोषणा पत्र जारी की है। उन्होंने कहा कि कहा कि हर घर जल इस योजना के तहत हजारों करोड़ रुपया छत्तीसगढ़ की सरकार को केंद्र की सरकार ने दिया और आज देश के अंतिम पांच राज्यों में छत्तीसगढ़ है। क्योंकि हर घर जल के लिए जो पैसा केंद्र सरकार ने दिया था, उसमें भी भ्रष्टाचार किया और गरीबों के लिए, आम आदमी के लिए मोदी जी के दिए पैसे को भी रोकने का काम इस सरकार ने किया है।

राजनीति

### महतारी वंदन योजना से महिलाओं को आकर्षित करने की कोशिश

# भाजपा को अच्छी बढ़त की उम्मीद : डॉ. बांधी

**बिलासपुर।** जहां एक ओर मस्तूरी विधानसभा के लोकप्रिय भाजपा प्रत्याशी और विधायक डॉ कृष्णमूर्ति बांधी अपने सघन जनसंपर्क में लगे हुए हैं वहीं दूसरी ओर भाजपा के घोषणा पत्र ने भी मस्तूरी में खासा माहौल तैयार कर दिया है।

अनुसूचित वर्ग के लिए आरक्षित मस्तूरी विधानसभा सीट में हमेशा से ही एक पढ़े लिखे और आम लोगों की समस्या को समझने वाले संवेदनशील प्रत्याशी की मांग रही है । उस मांग पर हमेशा से ही डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी खरा उतरते रहे हैं । राजनीति के क्षेत्र में प्रवेश से पहले ही वे इस क्षेत्र में चिकित्सक के तौर पर लंबे समय तक अपनी सेवा देते रहे ।उसके बाद भी उनकी संवेदनशीलता क्षेत्र के मतदाताओं को प्रभावित करती रही है। उनका अपने क्षेत्र की जनता से गहरा और आत्मिक संबंध रहा है। सिर्फ समस्याओं और उसके समाधान की ही बात नहीं है, एक-एक घर में होने वाले सुख-दुख के आयोजनों में भी डॉक्टर बांधी हमेशा उनके साथ खड़े पाए गए हैं, यही बात उन्हें अपने अन्य प्रतिद्वंदियों से मिलो आगे खड़ा करती है। प्रतिद्वंद्वी भी जब उनसे मुकाबले में सक्षम नहीं हो पा रहे हैं तो दुष्प्रचार का सहारा लेकर उनकी छवि बिगाड़ने की कोशिश भी हो रही है। यही बौखलाहट बताती है कि इस विधानसभा चुनाव में भी एक बार फिर डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी बड़े अंतर से जीत दर्ज करने

जा रहे हैं । एक तरफ डॉक्टर कृष्णमूर्ति बांधी की स्वच्छ और शिक्षित उम्मीदवार की छवि है तो वहीं भाजपा का घोषणा पत्र भी तुरुप का पत्ता साबित होने जा रहा है। भाजपा घोषणा पत्र में शामिल महतारी वंदन योजना मस्तूरी में भाजपा के लिए मील का पत्थर साबित हो रही है। बता दें कि मस्तूरी विधानसभा में हजारों की संख्या में महिला स्व सहायता समूह कार्यरत है और रेडी टू ईट योजना बंद होने के बाद बड़ी संख्या में समूह की महिलाएं बेरोजगार हो गई है। जिसके चलते महिलाओं में कांग्रेस के प्रति रोष भी देखा जा रहा है। वही महतारी वंदन योजना की घोषणा एक गेमचेंजर के तौर पर उभर रही है। घोषणा पत्र जारी होने के बाद भाजपा के पक्ष में जो माहौल बना है उसके पीछे महतारी वंदन योजना की घोषणा की बड़ी भूमिका है । प्रदेश की जनता मध्य प्रदेश में लागू लाडली बहना योजना को पहले से ही सराह रही है । यही वजह है कि छत्तीसगढ़ में महतारी वंदन योजना लागू होने के बाद से महिलाओं में भाजपा के प्रति विश्वास काफी बढ़ गया है। हाल ही का सर्वे अलग-अलग जातियों और वर्गों के आधार पर भी किया गया और इसके आंकड़े कांग्रेस को परेशान करने वाले हैं, क्योंकि किसी भी वर्ग में कांग्रेस को बढ़त मिलते हुए नहीं दिखाई दे रही है। अनुसूचित जातियों के 40 फीसदी मतदाता भाजपा के समर्थन में है, जबकि 35 फीसदी कांग्रेस के पक्ष में हैं। वहीं, आदिवासी मतदाता भी भाजपा के समर्थन में वहीं कुछ का रुझान बहुजन समाज पार्टी की ओर भी जाता दिखाई दे रहा है।

गुरुवार को बिलासपुर में मायावती की सफल सभा भी कांग्रेस की चिंता बढ़ाने वाली है क्योंकि बसपा प्रत्याशी पिछले विधानसभा चुनाव में भी कांग्रेस के दिलीप लहरिया से अधिक वोट पाने में कामयाब हुए थे, इसलिए फिलहाल कांग्रेस की चिंता डॉ कृष्णमूर्ति बांधी को हराने की नहीं बल्कि इस चुनाव में दूसरे पायदान पर पहुंचने की है जो भी फिलहाल कठिन नजर आ रही है।

## विधानसभा चुनाव मैं नहीं आपकी बेटी लड़ रही है फैसला आपके हाथ में है : चांदनी भारद्वाज

**मस्तुरी।** विधानसभा क्षेत्र के आज अनेक ग्रामों में जाकर आम जनता से सतत जनसंपर्क कर अपने पक्ष में मतदान करने की अपने कार्यकर्ताओं के साथ जाकर अपील कर रही है जिससे क्षेत्र में बहुत तेजी से पार्टी मजबूत हो रही है जनता जोगी कांग्रेस की प्रत्याशी चांदनी भारद्वाज ने आज खोरसी, मुड़पार नवापारा, वेदपरसदा , दलदली, चौहा , टिकारी , थेम्हापार, बेट्री जैतपुर मल्हार, नेवारी, हरदी , सहित अनेक ग्रामों में चाँदनी भारद्वाज ने जनसम्पर्क कर जनता से सहयोग माँगा और मतदान करने अपील की। मस्तुरी की जनता को संबोधित करते हुए मस्तुरी प्रत्याशी चांदनी भारद्वाज ने कहा कि जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़(जे) की प्रदेश में सरकार बनने पर पुरे प्रदेश में शराबबंदी का वादा आपसे कर रही हू शराब एक सामजिक बुराई है जिसके चपेट में आने से कई परिवार तबाह हो चुके है ऐसी सामाजिक बुराई को नष्ट कर दिया जाना चाहिए। चांदनी भारद्वाज ने कहा कि प्रदेश में बेरोजगारी सबसे बड़ी समस्या है हमारी सरकार बनने पर प्रदेश के युवाओं को रोज़गार दिलाने के लिए काम करेंगे, उन्होंने कहा कि चुनाव मैं नहीं आपकी एक बेटी लड़ रही है।

■ न्यूज गैलरी

## अंतिम संस्कार से पहले वोट कर दो परिवारों ने निभाया जिम्मेदार नागरिक का कर्तव्य

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। दुख की विकट घड़ी भी दो परिवारों को लोकतंत्र के इस महान पर्व में शामिल होने से नहीं रोक पाए और इन परिवारों ने विषम पारिवारिक दुखद क्षण में भी एक नागरिक और एक आदर्श मतदाता होने का सराहनीय दायित्व निभाया दरअसल 4 नवंबर को जिला अस्पताल में एक मां ने दो बच्चे को जन्म दिया। जिसमें एक बच्चे की मृत्यु जन्मोपरांत हो गई थी। इसके बाद एक बच्चे की स्थिति को देखते हुए जगदलपुर रेफर किया गया। बच्चा जीवन और मृत्यु के बीच झूल रहा था। इसी विकट परिस्थिति में फंसकर भी लोकतंत्र के इस महापर्व में दोनों पति-पत्नी भगवत प्रसाद सलामे, श्रीमती टुकेश्वरी सलामे मतदान प्रक्रिया में शामिल हुए और मतदान केंद्र 98 दंतेवाड़ा-2 में अपना मत का प्रयोग किया और वापस लौटकर अपने बच्चों का अंतिम संस्कार किया। वहीं एक और परिवार ने मतदान दिवस के दिन दुखद समय में भी अपने मताधिकार का प्रयोग किया। इस क्रम में जिले के मोहम्मद सोहेल खान एवं मोहम्मद सरफराज खान के परिवार में पिता आई. ए. खान का देहांत जिला अस्पताल दन्तेवाड़ा में 4 नवंबर को हो गया था। 5 नवंबर को अंतिम संस्कार करने के बाद 7 नवंबर मंगलवार को मतदान करने आये। उपरोक्त दोनों परिवारों के परिजनों का धैर्य और मानसिक संबल वास्तव में प्रेरणादायक और अभूतपूर्व है, और इससे अन्य मतदाताओं को भी प्रेरणा मिलेगी। इन दो परिवारों ने कठोर मानसिक आघात के पश्चात भी अपना नागरिक कर्तव्यों का पालन करना नहीं भूला और पहले अपना वोट डाला जिसके कारण चुनाव आयोग ने उनकी विशेष तौर पर सराहना करते हुए ''आभार पत्र'' प्रदान कर आभार व्यक्त किया है।

## शांतिपूर्ण, स्वतंत्र व निष्पक्ष मतदान के लिए कर्मा ने माना आभार

दंतेवाड़ा/नवप्रदेश। विधानसभा आम चुनाव के तहत 7 नवम्बर को शांतिपूर्ण, स्वतंत्र, निष्पक्ष मतदान हुआ। लोकतंत्र के महापर्व में उत्साहपूर्वक सहभागिता निभाने के लिए कांग्रेस प्रत्याशी छविंद्र कर्मा ने विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदाताओं, सुरक्षा में लगे पुलिस अधिकारी, सुरक्षा जवान और मीडियाकर्मियों तथा इस कार्य में लगे सभी अधिकारी-कर्मचारियों, मतदान दल के अलावा प्रत्यक्ष-अप्रत्यक्ष रूप से सहयोग के लिए सभी का आभार व्यक्त किया है। छविंद्र कर्मा ने कहा है कि जिले में सुरक्षा बलों की रणनीतिक तैनाती और कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के चलते मतदान दलों का सुरक्षित व सुगम वापसी सुनिश्चित हो सकी। वहीं शांतिपूर्ण ढंग से स्वतंत्र, निष्पक्ष व निर्विघ्न चुनाव संपन्न कराने, मतदान दलों को सुरक्षित वापसी सुनिश्चित कराने में जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन ने सुनियोजित तरीके से काम किया। इसके लिए भी सभी का आभार जताया।

# मलखंभ कलाकारों का चारामा में आतिशबाजी के साथ स्वागत

■ अबूझमाड़ मलखंभ ने गॉट टैलेंट प्रतियोगिता में जीता ग्रैंड फिनाले

■ बस्तर के प्रवेश द्वार से लेकर जगह जगह जमकर स्वागत

कांकेर/चारामा/नवप्रदेश। देश के प्रचलित मनोरंजन टीवी चैनल पर प्रसारित होने वाले रियेलिटी शो इंडिया गॉट टेलेन्ट शो मुंबई के ग्रांड फिनाले में विजय बनकर अपने घर लौट रहे अबूझमाड़ मलखंभ एवं स्पोर्टस एकेडमी की टीम के कलाकारों का चारामा नगर के कौरव चौक में भव्य स्वागत आतिशबाजी और फूलमालाओं के साथ किया गया। मलखंभ टीम के कलाकारों को अपने बीच पाकर चारामावासी और स्कूली बच्चे गदगद नजर आये। वहीं भव्य स्वागत और सम्मान को देखकर टीम के कलाकार भी गदगद हो उठे। कलाकारों के आगमन के साथ ही सभी कलाकारों के साथ सेल्फी और फोटो लेने लगे, सभी अपने कैमरे में उस पल को कैप्चर करना चाहते थे, सभी छोटे उम्र के कलाकारों ने उपस्थित लोगों ने अपनी गोद में उठा लिया। जिसके बाद कलाकारों ने विजयी ट्राफी को सबको दिखाया। कौरव चौक में स्थित स्व राम प्रसाद पोटाई की प्रतिमा पर कलाकारों ने माल्यापण कर उन्हें प्रणाम किया। सभी ने कलाकारों को उनके आगामी भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। टीवी शो में बस्तर के अबूझमाड़ क्षेत्र से कलाकारों का मुंबई तक पहुँचना ही लोगों को चौंकाने वाला रहा। किसी ने यह सोचा भी नहीं होगा कि पूरे देश भर के कलाकारों को पछाड़ कर नारायणपुर की यह टीम विजयी होगी। कार्यक्रम में शुरू से ही एकेडमी की टीम को सराहना मिलती रही और धीरे-धीरे अपने प्रदर्शन के बूते फाइनल तक पहुंच गई।फाइनल में भी अबूझमाड़ के हुनरबाजों ने अपने प्रदर्शन से दर्शकों को दांतों तले उंगलियां दबाने मजबूर कर दिया और फाइनल मुकाबले में जीत भी हासिल कर ली।

### 2017 में शुरू हुई ट्रेनिंग

2017 में अबूझमाड़ के आदिवासी बच्चों को मलखंभ का प्रशिक्षण देने का निर्णय लेते हुए व इस क्षेत्र में पहचान देने जुट गए। चूंकि मलखंभ यहां के लिए नया खेल था, ऐसे में उन्होंने इसका प्रदर्शन इसी साल 15 अगस्त को स्वतंत्रता दिवस समारोह में किया। इस प्रदर्शन को खूब सराहना मिली, जिसके बाद इसके प्रशिक्षण की शुरुआत नारायणपुर के रामकृष्ण मिशन आश्रम से की गई। आश्रम से पोटाकेबिन व स्कूलों में उन्होंने मलखंभ की नींव रखी।प्रशिक्षण का सिलसिला लगातार जारी रहा और सूरजपुर में 5 से 7 सितंबर 2019 को मलखंभ स्पर्धा में नन्हें खिलाड़ी के रूप में राजेश कोराम ने अपने से दोगुने वर्ग के सीनियर खिलाड़ी को हराकर अबूझमाड़ को स्वर्ण पदक दिलवाया। फिर मार्च 2020 में बिलासपुर में हुई राष्ट्रीय स्पर्धा में 8 स्वर्ण व 3 कांस्य पदक अबूझमाड़ के बच्चों ने अपने नाम किए।2021 में कोविड महामारी के बीच जहां स्कूल-आश्रम बंद कर दिए गए, वहीं मनोज भी गश्त-सर्चिंग अभियान में जुट गए। सभी बच्चे अपने-अपने गांव जा चुके थे और ऐसे में उन्हें वापस लेकर आना खासा मुश्किलों के साथ ही जोखिम भरा था।उन्होंने एक-एक कर 20 बच्चों को इकट्ठा किया और लगातार दो सालों तक उनके रहने व खाने का इंतजाम भी किया। इस बीच इन दो सालों में बच्चों ने मलखंभ का अभ्यास जारी रखा।धीरे-धीरे लोगों का सहयोग मिलना शुरू हुआ और मलखंभ एकेडमी के लिए हाईस्कूल मैदान में जगह दी गई। इसके बाद बारिश का मौसम शुरू हुआ और मैदान में प्रशिक्षण प्रभावित होने लगा। मनोज और उनके खिलाड़ियों ने प्रभावित हो रहे अभ्यास के लिए इनडोर हॉल की व्यवस्था करनी शुरू कर दी। इसके लिए सभी ने मिलकर अपनी जमा पूंजी लगा दी, लेकिन हॉल निर्माण पूरा नहीं हो पाया। अथक प्रयास के बाद हॉल बनकर तैयार हुआ और बारिश के बावजूद उन्होंने अपना अभ्यास जारी रखा।

लगातार किए गए अभ्यास के बाद 26 से 30 सितंबर 2021 को उज्जैन में हुई राष्ट्रीय मलखंभ प्रतियोगिता में छत्तीसगढ़ ने 58 पदक जीतकर ऐतिहासिक जीत हासिल की। जून 2022 में खिलाड़ियों ने पंचकूला में खेलो इंडिया यूथ गेम्स में बालक व बालिका वर्ग की टीम चैंपियनशिप में तीसरा स्थान हासिल किया। अक्टूबर 2022 में गुजरात में नेशनल गेम्स में अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी के खिलाड़ियों ने सीनियर स्तर पर चैंपियनशिप में 2 कांस्य पदक लिया। इस वर्ष भूटान में हुई मलखंभ वर्ल्ड चैंपियनशिप में अबूझमाड़ मलखंभ अकादमी के खिलाड़ियों ने भारत का प्रतिनिधित्व किया और छत्तीसगढ़ के खिलाड़ियों ने 3 स्वर्ण पदक भी जीते। इधर गोवा में आयोजित राष्ट्रीय खेलों में 2 कांस्य पदक भी जीता।

इसी बीच रियेलिटी शो इंडियाज गॉट टैलेंट का ऑडिशन खिलाड़ियों ने दिया, जिसमें उनका चयन भी हो गया। पहले चरण में भारत की 120 हुनरमंद टीमों ने हिस्सा लिया, जिसमें मुख्य 16 टीमों में अबूझमाड़ मलखंभ एकेडमी ने अपनी जगह बनाने में कामयाब हुई। टीम में सबसे छोटे खिलाड़ी सुरेश पोटाई और सबसे बड़े खिलाड़ी पारस यादव रहे। सभी ने अपनी उत्कृष्ट देते हुए इस प्लेटफॉर्म में जीत हासिल की है।हैड मलखंभ के प्रशिक्षक मनोज ने बीते 7 सालों में एक भी दिन निजी अवकाश नहीं लिया है और न ही वे अपने गृहग्राम ही गए। मनोज ने बताया कि यदि वे कुछ दिनों के लिए अपने घर चले जाते हैं तो बच्चों का प्रशिक्षण प्रभावित होगा।

टीम में प्रशिक्षक मनोज प्रसाद के साथ ही पारस यादव, नरेंद्र गोटा, युवराज सोम, फूलसिंह सलाम, श्यामलाल पोटाई, राजेश सलाम, राकेश कुमार वड़डा मोनू नेताम राजेश कोरीया, शुभम पोटाई, अजमत फरीदी, समीर शोरी, सुरेश पोटाई शामिल हैं।

### अब तक टीम ने राष्ट्रीय स्तर पर 45 पदक जीते

राज्यस्तर पर 120 पदक अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर 3 पदक जीते हैंइस स्वागत सम्मान के दौरान चारामा विकासखंड के शिक्षा विभाग,सहित सभी विभाग,स्कूली बच्चे,जनप्रतिगण,पत्रकार,हर वर्ग उपस्थित होकर उनको सम्मानित किया।

### विश्व रिकार्ड भी बनाया

दरअसल अबूझमाड़ के आदिवासी बच्चों को इस मुकाम तक लाने वाले सीएएफ के जवान मनोज प्रसाद हैं। उन्होंने आदिवासी बच्चों को मलखंभ का प्रशिक्षण देते हुए इस खेल को राष्ट्रीय स्तर पर ख्याति दिलवाई। इन्हीं बच्चों में से एक ने मलखंभ के हैंडस्टैंड में विश्व रिकार्ड भी कायम किया है। मनोज की ही शिद्दत का परिणाम है कि अबूझमाड़ के आदिवासी बच्चे पूरे देश के लिए चमकते सितारे बनकर उभरे हैं।

### सीएएफ का जवान है जीत का हीरो

इस शानदार जीत के असली हीरो अबूझमाड़ में तैनात सीएएफ के जवान मनोज प्रसाद हैं। उत्तरप्रदेश के बलिया जिले में जन्मे सीएएफ के जवान मनोज के पिता की नौकरी के चलते उनका बंगाल जाना हुआ। वहीं उनकी शिक्षा पूरी हुई। बचपन से उन्हें दौड़ का शौक था, जिसके कारण एथलेटिक्स से उनका जुड़ाव हुआ। चूंकि एथलेटिक्स बड़ा कष्टसाध्य खेल है और बचपन से ही उन्होंने इसी क्षेत्र में अपना भविष्य बनाने की ठान ली। दौड़ के लिए उनके पास अच्छे जूते भी नहीं थे। लगातार वे इसी खेल में आगे बढ़ते रहे और इसी के बूते उनका चयन छत्तीसगढ़ सशस्त्र बल के लिए हो गया।

साल 2016 में मनोज ने महाराष्ट्र में मलखंभ की विधा सीखी। मलखंभ में लकड़ी के एक खंभे पर तरह-तरह की कलाबाजियां दिखाने के प्रति उनका रुझान जागा और मुंबई के समर्थ व्यायाम शाला के उदय देशपांडे से मलखंभ के गुर सीखे। इसी बीच उनकी मुलाकात पारस यादव से हुई। दरअसल पारस एक डांसर और स्टंटमैन भी हैं, जो आगे चलकर मनोज की टीम का हिस्सा बने। महाराष्ट्र से आने के बाद मनोज की पोस्टिंग एसटीएफ में हुई और उन्हें नारायणपुर जिले के अबूझमाड़ में पदस्थ किया गया। उन्होंने एसटीएफ के कैंप में ही मलखंभ बनाया और इसका अभ्यास करते रहे। साथ ही नक्सल उन्मूलन अभियानों में भी अपनी ड्यूटी में भी मुस्तैद रहे।

दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे
निविदा सूचना
ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी-बीएसपी टी.75-23-24 दिनांक: 01.11.2023
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता, [illegible] के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत [illegible] में [illegible] इकाई का निर्माण।
निविदा मूल्य: ₹ 1,25,50,906/-
अमानत राशी: ₹ 2,12,800/-
कार्य पूर्णता की अवधि: 12 (बारह) महीने।
ई-निविदा संख्या: डीआरएम-इंजी-बीएसपी टी.76-23-24 दिनांक: 01.11.2023
कार्य: बिलासपुर मंडल के सहायक मंडल अभियंता, रायगढ़ के अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत [illegible] में टीडीएमआर (रन-बीम) स्लीपरों के साथ मौजूदा पैनल स्लीपरों का नवीनीकरण।
निविदा मूल्य: ₹ 3,48,46,093/-
अमानत राशी: ₹ 3,24,200/-
कार्य पूर्णता की अवधि: 12 (बारह) महीने।
उपरोक्त दोनों निविदाओं के लिए:
निविदाएं जमा करने की आरंभ तिथि: दिनांक 20.11.2023 से।
निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि: दिनांक 04.12.2023 को 11:00 बजे तक।
उपरोक्त ई-निविदा सूचना की संपूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है। उपरोक्त निविदाओं हेतु ई-टेंडर के अलावा अन्य टेंडर स्वीकार नहीं की जाएगी।
मंडल रेल प्रबंधक (अभियांत्रिकी), दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर
CPR/1/297
South East Central Railway | @secrail

# पैराडाइज स्कूल में पैरेंट्स-टीचर मीटिंग

■ अध्ययनरत बच्चों के सर्वांगीण विकास की चर्चा

■ कमजोर बच्चों की काउंसिलिंग

कांकेर/नवप्रदेश। पैराडाइज सीबीएसई हायर सेकेण्डरी में 9 नवंबर को शिक्षक पालक बालक सम्मेलन का आयोजन किया गया। इसमें कक्षा नर्सरी से बारहवीं तक के पालक अपने बच्चों के साथ उपस्थित होकर अपने थर्ड यूनिट टेस्ट के प्रोग्रेस रिपोर्ट एवं विभिन्न भाषायी कौशल एवं गणित, विज्ञान तथा व्यक्तित्व विकास के विभिन्न बिन्दुओं पर विस्तार से चर्चा की। विषय शिक्षक से उनके विषय के बारे में छात्रों की प्रगति की चर्चा की गई। शारीरिक शिक्षा, नैतिक शिक्षा, साथ-साथ संगीत, नृत्य एवं कला में उनकी रूचि की भी चर्चा की गई। पालकों ने महत्वपूर्ण सुझाव भी दिये।

इस शिक्षक पालक बालक सम्मेलन मे सभी छात्र-छात्राओं को प्रगति की चर्चा की ताकि जिन बच्चों के एक्स्ट्रा अटेंशन, रेमिडियल क्लास एवं उनका काउंसलिंग कर उन छात्र-छात्राओं के लिये एक्स्ट्रा अटेंशन और रेमिडियल कक्षाओं का आयोजन किया जा रहा है। सभी बच्चों को समय नियोजित कर स्वयं से अध्ययन के लिये समय सारणी बनाकर सम्पूर्ण पाठ्यक्रम को गहनता के साथ अध्ययन का अभ्यास करा कर अच्छे परिणाम के साथ-साथ छात्र-छात्राओं की सुदृढ़ व्यक्तित्व निर्माण को भी प्राथमिकता दिया जा सकें।

पैराडाइज हायर सेकेण्डरी स्कूल द्वारा आयोजित इस विशेष शिक्षक पालक बालक सम्मेलन में लगभग सभी पालक संतुष्ट रहें। वे अपने बच्चों की अच्छी प्रगति से बहुत ही प्रसन्न एवं गौरवान्वित हुये। पैराडाइज स्कूल में बच्चों के शिक्षण एवं प्रशिक्षण कार्य को अति उत्तम स्तर पर ले जाने में प्राचार्य रश्मि रजक, मैनेजर योगेश रजक उप प्राचार्य हरिन्द्र गोलुगिरी, एडमिनिस्ट्रेटर हमीद खान वरिष्ठ शिक्षक प्रीति झा, रूबी खान, पवित्र बढ़ाई, अरविंद महतो, दीपांजली, गोगोई, स्वाति गुप्ता, वर्षा रमानी, एस. नंदी, मेघा सेवा, सबाना परवीन, तीरथ साहू, कृष्णापद कुंभकार, इतिश्री गोलुगिरी, सुचिस्मिता खान, भारती सेठिया, प्रतीक सिंह ठाकुर, संगीता भारती, रीया सोनी, प्रीतिलता सोरी, सरिता मिश्रा, अवतार सिंह, शिखा मेहता, दीप्ति सोनी, आकांक्षा यादव, रूमा मजूमदार, अनिल कुमार ढाके, सुकदेव सरकार, रामेश्वरी साहू, नोमन साहू, ज्योति सलाम, अपूर्वा ठाकुर, कोमल साधवानी, रेणु शुक्ला, प्रियंका शुक्ला, उज्जवल निर्मलकर, मोना हैवार, शांतिलीना नेताम, तुलसी निषाद आदि शिक्षकों ने योगदान दिया।

### शिक्षा के साथ योग-ध्यान, आउटडोर गेम्स भी

पैराडाइज सी.बी.एस.ई. स्कूल प्रत्येक छात्र-छात्राओं के सर्वांगीण विकास के लिये प्रतिबद्ध है। जिसके लिये पैराडाइज स्कूल के बच्चों को पाठ्यक्रम के विभिन्न विषय के साथ-साथ योग ध्यान, विभिन्न आउटडोर, इनडोर गेम्स, मार्शलआर्ट, क्लासिकल एवं वेस्टर्न गीत संगीत एवं नृत्य, आर्ट एण्ड क्राफ्ट, स्पोकन इंग्लिश, बाल नैतिक शिक्षा एवं यूथ इम्पावरमेन्ट कक्षाओं का आयोजन प्रशिक्षित शिक्षकों द्वारा किया जाता है। जिससे प्रत्येक बच्चों का सम्पूर्ण व्यक्तित्व विकास हो और समाज के लिये अति महत्वपूर्ण मानव संसाधन बनकर अपने देश एवं मानव समाज की सेवा कर सकें।

# दर्जन भर होटलों में हो रहा था घरेलू सिलेंडर का उपयोग, जप्त

■ एक दर्जन होटल से मिठाइयों के लिए सैंपल

विमल कुमार सिंह जिला खाद्य सुरक्षा अधिकारी ने बताया की त्योहारी सीजन को देखते उच्च अधिकारियों से मिले निर्देश अनुसार होटलों में दीपावली सीजन के दौरान मिठाइयों में मिलावट की जाती है। जो मानव शरीर के लिए नुकसान देह होता है। मिठाइयों की गुणवत्ता को लेकर कार्यवाही किया जा रहा है आगे भी कार्यवाही जारी रहेगा।

कांकेर/नवप्रदेश। कांकेर जिले की खाद्य एवम औषधि प्रशासन विभाग की टीम ने होटलों और डेली नीड्स की दुकानों में खाद्य की गुणवत्ता की जांच की। जांच के दौरान कई होटलों में घरेलू गैस सिलेंडर का इस्तेमाल करते पाया गया। उनके खिलाफ कार्रवाई के निर्देश दिए गए।

त्योहारी सीजन को ध्यान में रखते हुए खाद्य एवम औषधि प्रशासन विभाग के खाद्य सुरक्षा अधिकारी विमल सिंह एवम खाद्य विभाग के खाद्य निरीक्षक पूजा थेर, खाद्य निरीक्षक उमेश कुमार सिन्हा की संयुक्त टीम द्वारा कांकेर जिले के प्रत्येक विकासखंड के होटलों और डेली नीड्स की दुकानों का औचक निरीक्षण कर खाद्य सामग्री की गुणवत्ता की जांच की गई।

जिला खाद्य विभाग की टीम ने कार्यवाही करते हुए कांकेर एवम लखनपुरी के होटलों में निरीक्षण की कार्यवाही की। निरीक्षण के दौरान राजेश होटल कांकेर से 1 नग घरेलू सिलेंडर अन्नपूर्णा होटल लखनपुरी से 1 नग घरेलू सिलेंडर बलदेव होटल लखनपुरी से 1 नग घरेलू सिलेंडर जप्त किया एवम दुर्गा मारवाड़ी होटल पुराना बस स्टैंड कांकेर से 13 नग 2 लीटर वाले कोल्ड्रिंक एक्सपायरी नष्ट करते हुए केसर पेड़ा का नमूना लिया गया। होटल लेक व्यू 7 इलेवन ऊपर नीचे रोड कांकेर से मैगी 12 पैकेट, तेल 8 लीटर, मूंग बर्फी 1 पैकेट, कोल्डड्रिंक 12 नग को मौके पर नष्ट किया। साथ ही जैन नमकीन टिकरापारा से अंजीर रोल एवम नेकी हसन एवम स्वीट्स से बूंदी लड्डू के नमूना जांच हेतु लिया गया। मिठाइयों के लिए एवं सैंपल को रायपुर लैब भेजा जाएगा।

छत्तीसगढ़ स्टेट पावर डिस्ट्रीब्यूशन कम्पनी लिमिटेड

क्र. 37-42/सामा./विद्वा./3364 साजा, दिनांक 10.11.2023

दीपावली पर्व हेतु विशेष शिकायत निवारण केन्द्र

-: आवश्यक सूचना :-

विद्युत कम्पनी की ओर से सम्मानीय विद्युत उपभोक्ताओं को दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं।

दीपावली पर्व में विद्युत शिकायतों के निराकरण हेतु निम्न अधिकारियों/कर्मचारियों की ड्यूटी दिनांक 11.11.2023 से 13.11.2023 तक समय शाम 04.00 बजे से रात 12.00 बजे तक निम्नांकित केन्द्रों में लगाई जाती है। संबंधित अधिकारी अपने अधिनस्थों के साथ अपने क्षेत्राधिकार में विद्युत व्यवस्था को सुचारू बनाये रखना सुनिश्चित करेंगें। माननीय उपभोक्तागण विद्युत में व्यवधान होने की स्थिति में अविलम्ब संबंधित अधिकारी के दिये गये मोबाईल नम्बरों पर संपर्क कर अपनी समस्या का हल प्राप्त करें।

| क्र. | अधिकारी का नाम | पदनाम | स्थान | मोबाइल नं. |
|---|---|---|---|---|
| 01. | श्री परीक्षित शर्मा | सहायक अभियंता (कार्य) | संभागीय कार्यालय साजा | 9179502692 |
| 02. | श्री नितीश कुमार गुप्ता | सहायक अभियंता | उपसंभाग साजा | 7804907898 |
| 03. | श्री गोपाल प्रसाद साहू | सहायक अभियंता | उपसंभाग बेरला | 9406208510 |
| 04. | श्री वरदान खलखो | सहायक अभियंता | उपसंभाग देवकर | 7974541791 |
| 05. | श्री अजय कुमार सिंह | सहायक अभियंता | उपसंभाग भिंभौरी | 7024114049 |
| 06. | श्री आदित्य कुमार कश्यप | कनिष्ठ अभियंता | साजा वितरण केन्द्र | 8770354866 |
| 07. | श्री कामता प्रसाद साहू | कनिष्ठ अभियंता | थानखम्हरिया वितरण केन्द्र | 6261118648 |
| 08. | श्री आदित्य कुमार कश्यप | कनिष्ठ अभियंता | देवकर वितरण केन्द्र | 8770354866 |
| 09. | श्री मिलेश साहू | कनिष्ठ अभियंता | परपोड़ी वितरण केन्द्र | 6267319083 |
| 10. | श्री प्रकाश साहू | कनिष्ठ अभियंता | देवरबीजा वितरण केन्द्र | 8817740300 |
| 11. | कु. अनामिका सिंह | कनिष्ठ अभियंता | सरदा वितरण केन्द्र | 9907636763 |
| 12. | कु. चारूलता सिन्हा | कनिष्ठ अभियंता | बेरला वितरण केन्द्र | 7049952704 |
| 13. | श्री चन्द्र कुमार बघेल | कनिष्ठ अभियंता | भिंभौरी वितरण केन्द्र | 9479121724 |
| 14. | श्री चन्द्र कुमार बघेल | कनिष्ठ अभियंता | आनंदगांव वितरण केन्द्र | 9479121724 |

स्वहित एवं राष्ट्रहित में ऊर्जा बचायें।

इंजी. ए. पी. सोनी (91516962)
कार्यपालन अभियंता (संचा-संधा.)
संभाग, छ.ग.स्टेटपा.डि.कं.लि., साजा

## त्योहार आते ही सक्रिय हुआ खाद्य विभाग

दंतेवाड़ा /नवप्रदेश। कार्यालय खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा जारी विज्ञप्ति अनुसार आगामी दीपावली त्यौहार के दृष्टिगत कलेक्टर विनीत नंदनवार के निर्देशानुसार अपर कलेक्टर द्वारा आदेश के तहत मुख्यालय सहित सभी ब्लॉकों के होटलों, मिष्ठान एवं किराना दुकानों का खाद्य एवं औषधि विभाग द्वारा गहन निरीक्षण एवं दबिश देकर कार्यवाही की गयी। साथ ही विभिन्न खाद्य पदार्थों का नमूना जांच हेतु लिया गया। इस मौके पर 3 व्यापारियों को खुली मिठाई के ट्रे पर निर्माण एवं एक्सपायरी तिथि उल्लेख ना करने पर तत्काल नोटिस जारी कर सुधार हेतु निर्देशित किया गया।

## प्रथम पृष्ठ का शेष...

**महादेव एप केस : रायपुर ...**

उनसे एक मीडिया द्वारा किए गए स्टिंग आपरेशन के बारे में भी पूछा। इसके बाद ईडी ने उन्हें वापिस जाने कह दिया। शाम पांच बजे अभिषेक पक्षव कवर्धा के लिए रवाना हो गए। इसके बाद ईडी ने शुक्रवार को रायपुर के एसएसपी प्रशांत अग्रवाल को सुबह साढ़े दस बजे ईडी आफिस बुलाया। बता दें महादेव ऐप के कथित संचालक शुभम सोनी ने एक वीडियो जारी कर एसएसपी प्रशांत अग्रवाल समेत कई लोगों का नाम लिया था। इनमें से सीएम भूपेश बघेल के राजनीतिक सलाहकार विनोद वर्मा ने गुरूवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर बताया कि वीडियो जारी कर उनकी छबि को नुकसान करने वाले तीन भाजपा नेताओं के खिलाफ उन्होंने मानहानि का नोटिस भेजा है। महादेव सट्टा एप मामले में प्रवर्तन निदेशालय की रिमांड पर चल रहे कैश कोरियर असीम दास और उसके साथी कॉन्स्टेबल भीम सिंह यादव को शुक्रवार को रायपुर की विशेष अदालत में पेश किया गया। ईडी दोनों की रिमांड बढ़ाने की मांग की जिस पर 24 नवंबर तक रिमांड दिया गया है। 2 नवंबर को ईडी ने असीम दास से 5.39 करोड़ रुपए बरामद करने के बाद उसे गिरफ्तार किया था। असीम दास और उसके साथी कॉन्स्टेबल भीम सिंह यादव को ईडी ने रिमांड में लिया था। बताते हैं कि दोनों से ईडी को कई रहस्यमय जानकारियां मिली हैं।

**आप सरकार बनवाइए...**

हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी को 5 सौ रुपए में गैस सिलेंडर देंगे, सबको बिजली बिल में 2 सौ यूनिट की छूट देंगे। यहां तक की बच्चों की पढ़ाई भी मुफ्त होगी। कॉलेज वाले बच्चों का बस पास फ्री कर दिया है। केजी से पीजी तक सबकी पढ़ाई मुफ्त होगी। सबको रोजगार दिलाना है चाहे जितना पैसा खर्च हो। गांव वालों को भी आर्थिक रूप से सक्षम बनाना है। ताकी गांव के बच्चों को बाहर न जाना पड़े। ये तभी संभव होगा जब छत्तीसगढ़ में दूसरी बार आप हमारी सरकार बनवाएंगे।

न्यायालय तहसीलदार सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202311905000006/ विषय- अ-21, वर्ष 2023-24
// ईश्तहार //
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदिका श्रीमती इंदिरावती शर्मा पति दायमा ओम प्रकाश शर्मा, जाति-ब्राम्हण, निवासी शबरी नगर वार्ड क्रमांक- 12, मेनरोड दधिच कुटी सुकमा, तहसील सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) के द्वारा कलेक्टर महोदय, जिला सुकमा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर, स्वयं की स्वामित्व हक की नगर सुकमा, प.ह. नं.-13/सुकमा स्थित परिवर्तित भूमि खसरा नं. 1896/6 रकबा 0.0400 हेक्टे. भूमि को गैर आदिवासी क्रेता लोकेश शर्मा, पिता ओम प्रकाश शर्मा, शबरी, निवासी शबरी नगर वार्ड क्रमांक-12, मेनरोड दधिच कुटी सुकमा, तहसील सुकमा, जिला सुकमा (छ.ग.) को विक्रय करने कि अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया ।
आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला सुकमा (छ.ग.) का पत्र क्रमांक/2873/क/रीडर/भू. वि. अनु./2023 सुकमा, दिनांक 04/10/2023 के तहत शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के तहत भूमि विक्रय अनुमति हेतु निर्धारित बिन्दुओं पर जॉच करते हुए, उक्त बिन्दुओं को जांच प्रतिवेदन में शामिल करते हुए भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6-क) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार भूमि विक्रय अनुमति के संबंध में प्रतिवेदन मय प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ इस न्यायालय को प्राप्त हुआ है। प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है।
तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो, वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/11/2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 09/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी ।
सील
तहसीलदार
सुकमा, जिला-सुकमा

न्यायालय तहसीलदार सुकमा, जिला-सुकमा (छ.ग.)
रा.प्र.क्र. 202309190500070/ विषय- अ-21, वर्ष 2022-23
// ईश्तहार //
एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक श्री कैसर खान पिता यासीम खान, उम्र-58वर्ष, जाति-मुसलमान, निवासी सुकमा, तहसील सुकमा के द्वारा कलेक्टर महोदय, जिला सुकमा के समक्ष आवेदन पत्र प्रस्तुत कर स्वयं की स्वामित्व हक की नगर सुकमा, प.ह.नं.-13/सुकमा स्थित परिवर्तित भूमि ख.नं. 741/10 रकबा 0.024 हेक्टे. भूमि को क्रेता मोहम्मद नाजीम पिता स्व. शेख खलील, उम्र 54वर्ष, जाति मुसलमान, निवासी पटनमपारा सुकमा, तहसील सुकमा को विक्रय करने कि अनुमति प्राप्त करने हेतु आवेदन-पत्र प्रस्तुत किया गया।
आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन पत्र कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी, जिला सुकमा (छ.ग.) का पत्र क्रमांक/2576/क/रीडर/भू. वि. अनु./2023 सुकमा, दिनांक 11/09/2023 के तहत शासन द्वारा समय-समय पर जारी दिशा-निर्देशों के तहत भूमि विक्रय अनुमति हेतु निर्धारित बिन्दुओं पर जॉच करते हुए, भू-राजस्व संहिता 1959 की धारा 165 (6- क) में दिये गये प्रावधानों के अनुसार भूमि विक्रय अनुमति के संबंध में प्रतिवेदन मय प्रकरण प्रस्तुत करने के निर्देश के साथ इस न्यायालय को प्राप्त हुई है। प्रकरण इस न्यायालय में विचारधीन है।
तत्संबंध में जिस किसी व्यक्ति/संस्था को आपत्ति हो तो, वह अपना दावा-आपत्ति, स्वयं या अधिवक्ता के माध्यम से दिनांक 27/11/2023 तक प्रस्तुत कर सकते है। नियत तिथि के पश्चात् प्राप्त दावा/आपत्ति पर कोई विचार नही किया जावेगा।
आज दिनांक 09/11/2023 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पदमुद्रा सील से जारी।
सील
तहसीलदार
सुकमा, जिला-सुकमा

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक यशवंत धोटे द्वारा, मीनल पब्लिकेशन एंड प्रोडक्शन प्रा.लि. शेड नंबर 74, सेक्टर-सी, उरला इंडस्ट्रियल एरिया रायपुर, से मुद्रित कर तृतीय तल, सुपर मार्केट कॉम्पेक्स, राजा रघुराज सिंह स्टेडियम के सामने अग्रसेन चौक, बिलासपुर से प्रकाशित, संपादक- चन्द्रशेखर धोटे , स्थानीय संपादक अशोक शर्मा, फोन नंबर : 07752-468654, डाक पंजीयन क्रमांक G-2-112/CG/BPL/108/2020-22

## न्यूज गैलरी

### दूसरे चरण के चुनाव से पहले सुरक्षा चाकचौबंद

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** विधानसभा निर्वाचन स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए जिले में फ्लाइंग स्क्वॉड और स्टेटिक सर्विलांस टीम सक्रिय है। टीमों की कार्यप्रणाली का औचक निरीक्षण करने बुधवार को देर रात 2 बजे के करीब कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री कुन्दन कुमार और पुलिस अधीक्षक श्री सुनील शर्मा कालीघाट नाका में औचक निरीक्षण पर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने स्टेटिक सर्विलांस टीम में ड्यूटीरत कर्मचारियों से वाहनों की आवाजाही, और चेकिंग की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि मतदान दिवस अब नजदीक है। साथ ही त्योहारों सहित अब शादियों का सीजन भी शुरू हो चुका है। इस समय सघन जांच करना सबसे महत्वपूर्ण है। चौकन्ना रहें, लोगों के और वाहनों के आवागमन के पैटर्न को समझें। सूक्ष्म निगरानी रखकर जांच करें। जांच के दौरान इसका भी ध्यान रखें कि किसी सही व्यक्ति को किसी तरह की परेशानी ना हो। आदर्श आचार संहिता के तारतम्य में वाहन चेकिंग की कार्यवाही एनडीपीएस, शराब, धन, कीमती सामान जो जिले के अंदर लाकर निर्वाचन को प्रभावित कर सकते हैं, उनकी निगरानी की जा रही है। इसके जरिए जिले के एंट्री और एक्जिट पॉइंट्स की निगरानी की जा रही है।

### मतदान प्रशिक्षण सफलतापूर्वक संपन्न

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** विधानसभा निर्वाचन 2023 हेतु गुरुवार को कार्मेल स्कूल में विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के सर्व पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी के प्रशिक्षण आयोजित किया गया। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार ने स्वयं मतदान दलों के साथ बैठकर प्रशिक्षण लेकर मतदान दलों का उत्साहवर्धन किया, उन्होंने सफलतापूर्वक मतदान कराने हेतु सभी को शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि प्रशिक्षण में सभी तथ्यों को अच्छे से समझें, किसी भी प्रकार की शंका होने पर उसे अवश्य पूछ लें। उन्होंने मास्टर ट्रेनरों को सभी दलों के प्रत्येक सदस्यों से ईवीएम एवं वीवीपैट की हैंड्स ऑन ट्रेनिंग करवाने के निर्देश दिए। इस दौरान उप जिला निर्वाचन अधिकारी सुनील नायक सहित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित थे। प्रशिक्षण के दौरान मास्टर ट्रेनर्स एवं सेक्टर अधिकारियों के द्वारा कुल 1143 मतदान अधिकारियों को मतदान के सम्बंध में प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मुख्य रूप से ईवीएम एवं वीवीपैट का हैंड्सआन ट्रेनिंग, मॉक पोल की प्रक्रिया, मतदान केंद्र से 100 मीटर की दूरी का प्रोटोकॉल, मतदान कक्ष में बैठक व्यवस्था, पीठासीन अधिकारी की डायरी, मतपत्र लेखा फॉर्म 17, पोस्टल बैलट डाक मत पत्र, मतदान से संबंधित विविध प्रपत्रों को भरे जाने, ईवीएम मशीन की सीआरसी आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। कलेक्टर कुंदन ने प्रशिक्षण स्थल पर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 11 सीतापुर के मतदान दलों द्वारा डाकमत पत्र के माध्यम से किए जा रहे मतदान का निरीक्षण भी किया।

### भाजपा कराएगी सभी को रामलला के दर्शन: शाह

**सक्ती/नवप्रदेश।** 9 नवंबर को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने चंद्रपुर विधानसभा के डभरा में चुनावी सभा को संबोधित कर अपने प्रत्याशी संयोगिता सिंह जूदेव के लिए वोट मांगा। इस दौरान श्री शाह ने कांग्रेस सरकार पर जमकर निशाना साधा। शाह ने कहा कि कांग्रेस से बड़ी भ्रष्ट सरकार मैंने अपने जीवन में नहीं देखा। वहीं शाह ने राजा दिलीप सिंह जूदेव को नमन कर उन्हें याद किया। केंद्रीय अमित शाह ने महादेव सट्टा एप पर कांग्रेस सरकार को घेरते हुए कहा ÷पहले चरण के चुनाव में कांग्रेस का सफाया हो रहा है, और छत्तीसगढ़ में प्रचंड बहुत से भाजपा की सरकार कुछ दिनों बाद बनने जा रही है। उन्होंने घोषणा पत्र को लेकर कहा ÷बीजेपी की सरकार बनाएं, 3100 में धान खरीदी करेंगे। बीजेपी के कार्यकर्ता आए तो फार्म भर दें, सरकार बनी तो हर महीने 1 हजार विवाहिता को दिया जाएगा। हर गरीब के स्वास्थ्य का पूरा खर्चा बीजेपी उठाएगी और गैस सिलेण्डर का दाम 500 रुपए करेंगे। कांग्रेस पर हमला बोलते हुए अमित शाह ने कहा छत्तीसगढ़ में कांग्रेस सरकार ने हजारों करोड़ का घोटाला किया है। उनको उल्टा लटका के सीधा करेंगे। रामलला के दर्शन चंद्रपुर वालों को करना है तो बीजेपी की सरकार बनाओ, भाजपा सबको श्रीराम भगवान के दर्शन कराएगी। हमारी सरकार आएगी तो चंद्रपुर में सिकलसेल सेंटर बनाएंगे। प्रदेश में दूसरे चरण के 70 सीटों पर 17 नवंबर को मतदान किया जाएगा। जिसके मद्देनजर केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह डभरा पहुंचे थे। गृहमंत्री के दौरे को लेकर पुलिस प्रशासन अलर्ट रहा।

### नगर कांग्रेस ओबीसी विभाग की बैठक सम्पन्न

**जांजगीर/नवप्रदेश।** जिला कांग्रेस ओबीसी विभाग की जिम्मेदारी जबसे लोकेश राठौर को मिली है। इस विभाग में कई सफल कार्यक्रम व बैठक अध्यक्ष लोकेश राठौर के नेतृत्व में हो चुकी है। ओबीसी विभाग के ब्लॉक स्तर के सभी पदाधिकारी जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर के निर्देश पर लगातार क्षेत्र में कार्य कर रहे है। 9 नवंबर को चांपा नगर में कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग द्वारा रखा गया था। जिसमें मुख्यअतिथि जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर, कार्यक्रम की अध्यक्षता मनोज गोहाना पर्यवेक्षक जांजगीर चाम्पा विधानसभा ने की।अतिथि परदेशी केवट पूर्व पार्षद चाम्पा,डॉ बद्री प्रसाद वर्मा, डॉ लोकेंद्र कश्यप थे। कार्यक्रम का नेतृत्व शिवा साहू पूर्व पार्षद चाम्पा द्वारा किया गया। बैठक में जिलाध्यक्ष लोकेश राठौर ने कहा कांग्रेस सरकार की जनकल्याणकारी कार्यो व घोषणाओं को जन-जन तक पहुचाना है साथ ही विधानसभा में कांग्रेस प्रत्याशियों के पक्ष में गली मोहल्ले सहित मित्र रिश्तेदारों से प्रत्यक्ष अप्रत्यक्ष रूप से बात कर वोट देने की अपील करनी है। ताकि प्रदेश में कांग्रेस पार्टी की सरकार बन सके। बैठक में चांपा नगर के समीर साहू, सागर पटेल,मुकेश यादव,सुशील साहू,कृष्णा कवर,सुनील यादव,तेरस साहू,सुरेंद्र यादव,रामकुमार चौहान,प्रीतम देवांगन,अनिल नेताम,सूरज किरण,विक्कू मिरी, शिव देवांगन,तिजु थॉमस,प कीर्तक मसीह,मनोज टंडन, नितेश सिंह, महेश सिंह,शैलेन्द्र लाल,मार्पूस बैरो, प्रदीप ठाकुर,सोनू ठाकुर,राजेश श्रीवास, जेठू श्रीवास,राजेश गोड़, दीपक पटेल,सूरज सिदार,अशोक सिदार,विनोद, घासीराम यादव,गोविंद साहू,मोहनीश धीवर,रोशन केवट,सूरज यादव,सागर कर्ष,मानव शर्मा,अनिल पटेल,दीपक मसीह,अविनाश मसीह,मोहन चौहान, शाहिल धीवर,प्रवीण रात्रे,रमेश साहू,राजेश साहू,विवेक साहू,कुनाल यादव,शुभम पटेल व सैकड़ो के संख्या में कांग्रेसी सदस्यगण उपस्थित थे।

# किसान धान कटाई में व्यस्त...

**मुंगेली/नवप्रदेश।** चुनाव में उम्मीदवारों को लेकर एक ओर शहर के चैक-चैराहों में चर्चाओं का दौर जारी है, वहीं दूसरी ओर इन सब बातों से बेखबर कृषि प्रधान जिले में किसानों की नजर अपनी फसलों पर है। जिससे किसान खेती किसानी कामों में व्यस्त है। गांव में चुनावी हलचल नजर नहीं आ रही है। चुनाव के ऐन वक्त में ही गांव-गांव में किसान धान लुआई एवं मिसाई के कार्यो में व्यस्त हो गये है, जिससे उम्मीदवारों का ग्रामीण क्षेत्रों के मतदाताओं से संपर्क आसान नहीं नही हो रहा है।

विधानसभा चुनाव को लेकर तैयारियां जोरों से चल रही है। प्रशासनिक अधिकारी पिछले दो महिने से तैयारियों में जुटे हुए हैं।खेती किसानी कामों में व्यस्त है जिसके चलते यह अवश्य ही कहा जा सकता है कि कृषि प्रधान जिले में मुख्य रूप से किसान मतदाताओं से मिलने के लिये उम्मीदवारों व नेताओं को खासी मशक्कत अवश्य करनी पड़ रही है। क्योंकि किसान वर्ग जहां इन दिनों खेतो में व्यस्त नजर आएंगे। पूरा गांव का गांव खाली हो जाता है। बच्चे से लेकर सभी वर्ग के लोग खेतों पर ही नजर आते है। धान मिसाई के पश्चात किसान धान बेचने के लिए सोसायटियों में व्यस्त नजर आ रहे है। जहां तक उम्मीदवारों को पहुंचने के लिए खेत-खलिहान और सोसायटी तक का भी चक्कर लगाना पड रहा है । उल्लेखनीय है कि मुंगेली जिला मुख्य रूप से कृषि प्रधान जिला है। जहां पर तीन विधानसभा मुंगेली, लोरमी और बिल्हा हैं। कृषि प्रधान जिला में किसानों के पास कृषि कार्य के अलावा और कोई भी आय के साधन नहीं है। इन दिनों किसान धान की कटाई व मिसाई की तैयारियों में जुटे हुए है। वहीं धान को काटने के बाद किसान जहां सोसायटी की ओर रूख करेंगे और अपनी फसल को सोसायटी में बेचेंगे। वहीं इन सबके बीच किसानों की व्यस्तता की बात से इनकार नहीं किया जा सकता है। बहरहाल किसानों को इन व्यस्त समय में किसानों से मिलना और मतदान के लिए अपील करना टेढ़ी नजर हो सकती है। हालांकि इसकी तैयारी भी राजनीतिक दलों के उम्मीदवार और कार्यकर्ताओं द्वारा की जा रही है कि वह कैसे किसानों तक पहुंचकर अपनी और अपने पार्टी की बात रख सकेंगे। वहीं दूसरी ओर बड़े नेताओं की सभाओं में भीड़ जुटाने के लिए भी करनी होगी खासी मशक्कत करनी पड़ेगी। किसानों के व्यस्त समय में से उन्हें अपनी बातें उन तक अपनी बातों को पहुंचाना और पार्टी के तय कार्यक्रम के तहत उन्हें पार्टी की गतिविधियों में शामिल करना मुश्किल रहेगा। राजनीतिक पार्टियों द्वारा स्टार प्रचारकों की भी सभाएं तय किये गए हैं।

### बीआरसाव स्कूल मैदान में फटाखों की दुकानें सजी

**मुंगेली/नवप्रदेश।** बीआरसाव स्कूल मैदान में फटाखे की दुकानों में फटाखों की बिक्री शुरू हो गई है। फटाखे फोडने की परंपरा पर महंगाई का ग्रहण लग रहा है। हर साल पटाखे के दाम में 10 से 15 प्रतिशत की वृद्धि हो रही है। उच्च वर्ग पर इसका प्रभाव तो नहीं पड़ेगा, लेकिन मध्यम व गरीब वर्ग जरुर प्रभावित होंगे। दीपावली पर फटाखा फोड़ने की परंपरा सालों से चली आ रही है। सोने चांदी या अन्य वस्तुओं की खरीदी हो या न हो, पर पटाखे अनिवार्यतरू बिकते हैं। बीआरसाव स्कूल मैदान में फटाखों की दुकान सजी हुई है। फटाखा व्यवसायी ने बताया कि इस साल फटाखों के रेट में 15 प्रतिशत वृद्धि हुई है, लेकिन बिक्री पर इसका ज्यादा फर्क नहीं पड़ेगा। फटाखा व्यवसायी शिवाकांशी से फटाखा मंगवाते हैं। यहां से स्टैंडर्ड फटाखों की सप्लाई होती है। सप्लाई इस साल कमजोर है। फटाखा दुकानों में चाइना फटाखों की मांग कम हो गई है। पूर्व में दीवाली पर चाइना फटाखों का कब्जा रहता था। जो अब कम हो रहा है।

## मतदाताओं को जागरूक करने मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन

**अम्बिकापुर /नवप्रदेश।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी छत्तीसगढ़ के निर्देशानुसार कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुंदन कुमार के मार्गदर्शन एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी एवं स्वीप के नोडल अधिकारी नूतन कुमार कंवर के नेतृत्व जिले विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से मतदाता जागरुकता कार्यक्रम चलाकर मतदान प्रतिशत बढ़ाने का प्रयास किया जा रहा है।मतदाता जागरूकता कार्यक्रम के तहत गुरुवार को मल्टीपरपज स्कूल अम्बिकापुर से गांधी स्टेडियम तक मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से स्वीप मिनी मैराथन दौड़ का आयोजन किया गया।

मिनी मैराथन दौड़ को सीईओ जिला पंचायत श्री कंवर ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह मिनी मैराथन दौड़ मल्टीपरपज स्कूल ग्राउंड से शुरू होकर गुदरी चौक, जलपद कार्यालय रोड, मिशन हॉस्पिटल रोड, साक्षरता मार्ग, चर्च के सामने चौक, जोड़ा पीपल, चौपाटी, आकाशवाणी चौक से होते हुए गांधी स्टेडियम में समाप्त हुई। दौड़ में बड़ी संख्या में महाविद्यालय एवं विद्यालय के छात्र-छात्राओं, अधिकारी-कर्मचारी सहित आमजनों ने हिस्सा लिया।

**स्पर्धा के विजेता**

मिनी मैराथन दौड़ दो वर्गों में आयोजित किया था, जिसमें 10 से 45 वर्ष एवं 45 से 70 वर्ष के महिला एवं पुरुष ने भाग लिया, जिसमें 45 वर्ष से कम उम्र की महिला वर्ग में सरस्वती सिंह प्रथम, यशोदा राजवाडे द्वितीय एवं गायत्री ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 45 वर्ष से ऊपर की महिला वर्ग में इंद्रवती कुमारी राजवाडे प्रथम, लीलावती मुंडा द्वितीय, अनिता विश्वकर्मा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसी क्रम में पुरुष वर्ग में 45 वर्ष से नीचे कृष्णा मरावी ने प्रथम, बनारसी ने द्वितीय एवं अश्लेष कुमार राजवाडे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। 45 वर्ष से ऊपर वर्ग में सुनिल प्रसाद गुप्ता प्रथम, राधेश्याम राजवाडे द्वितीय व राजेश प्रसाद सिन्हा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, साथ ही 0 से 12 वर्ष बालक वर्ग में तीर्थ राज कुशवाहा ने प्रथम, गुलशन पैकरा ने द्वितीय एवं आशीष पैकरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया, 0 से 12 बालिका वर्ग में रीतिका ने प्रथम, दुर्गा ने द्वितीय एवं काजल ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

### बिना अनुमति डीजे बजाने पर कार्रवाई

**मुंगेली।** आदर्श आचार संहिता के दौरान बिना अनुमति के डीजे बॉक्स से प्रचार-प्रसार करने पर जब्ती की कार्यवाही की गई। मामला लोरमी थाना क्षेत्र का है, जहां विधानसभा आम निर्वाचन के तहत प्रचार-प्रसार के लिए निर्दलीय प्रत्याशी कोमल सिंह राजपूत द्वारा वाहन में चोंगा बजाने की अनुमति लिया गया था, लेकिन उनके द्वारा चोंगा के साथ 08 नग डीजे बाक्स जोड़कर प्रचार-प्रसार के लिए उपयोग किया जा रहा था। इसे संज्ञान में लेते हुए उड़नदस्ता दल द्वारा कार्यवाही की गई है।

रिटर्निंग अधिकारी लोरमी पार्वती पटेल ने बताया कि मामले की जानकारी मिलने पर उड़नदस्ता दल द्वारा 08 नग डीजे बाक्स को नियमानुसार कार्यवाही करते हुए जब्त किया गया है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी के निर्देशानुसार आदर्श आचार संहिता के उल्लघंन पर कड़ी निगरानी रखने के लिए 21 उड़नदस्ता दल का गठन किया गया है। इन दलों द्वारा चुनाव लड़ने वाले अभ्यर्थियों के चुनाव प्रचार में किये जाने वाले व्यय तथा शिकायतों के संबंध में कड़ी निगरानी रखी जा रही है।

## सीएमएचओ ने झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ दिए जांच के निर्देश

**जांजगीर/नवप्रदेश।** कपिसदा में झोलाछाप डॉक्टर की शिकायत मिलने के बाद सीएमएचओ ने बीएमओ को जांच के आदेश दिए हैं। मामले की जांच कर उक्त फर्जी क्लीनिक को बन्द करने कहा है। सीएमएचओ का आदेश पाकर बीएमओ ने जांच शुरू कर दी है। ज्ञात हो कि एक सप्ताह पहले झोलाछाप डॉक्टर के गलत इलाज से एक मरीज की मौत हो गई थी। मरीज के परिजनों को झोलाछाप डॉक्टर के द्वारा लेन-देन का मैनेज कर लिया गया। जो क्षेत्र में चर्चा का विषय रहा। बताया गया कि मरीज के परिजन को उक्त डॉक्टर द्वारा 7 लाख दिया गया, लेकिन इस बात की शिकायत सीएमएचओ डॉक्टर स्वाती वंदना सिसोदिया के पास पहुंच गई। दिलचस्प बात यह है कि इसके एवज में बिचौलियों ने भी बड़ी रकम में भांजी मार ली। अब देखना यह है कि झोलाछाप डॉक्टर के खिलाफ क्या कार्रवाई होती है।

इससे पहले कपिसदा के इसी डॉक्टर के खिलाफ बड़ी कार्रवाई हुई थी। जिसमे सीएमएचओ ने उसके खिलाफ कार्रवाई करते हुए उसकी क्लीनिक को सील किया था। और जेल का हवा खाना पड़ा था ।इसके बाद उसने फिर क्लिनिक सजा ली। और हर रोज सैकड़ो मरीज का इलाज कर रहा। बावजूद स्वास्थ्य विभाग के अफसर हाथ मे हाथ धरे बैठे हैं।

**अधिकारी उनकी जेब में**

कपिसदा के झोलाछाप डॉक्टर को अधिकारियों की चिंता नहीं रहती। क्योंकि उसकी क्लीनिक इतनी चलती है कि उसे अधिकारियों का डर नहीं रहता। वह हर अधिकारी को मैनेज करने सक्षम है। क्योंकि जब करनौद के एक मरीज की मौत हुई तो कुछ लोगों को मैनेज करने 10 लाख तक खर्च कर दिया।

*मामले में जांच के ऑदेश दिए हैं। बीएमओ जांच कर देगा फिर उक्त झोला छाप डॉक्टर पर कार्रवाई की जाएगी।*

**-डॉ. स्वाती वंदना**, सिसोदिया, सीएमएचओ

### सांसद ज्योत्सना महंत ने लिमतरा अर्जुनी में किया कांग्रेस का प्रचार

**सक्ती/नवप्रदेश।** चुनावी प्रचार के क्रम में सांसद ज्योत्सना महंत ने 8 नवंबर को सक्ती विधानसभा के ग्राम लिमतरा, सपनईपाली व अर्जुनी पहुंचकर कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में जोरदार प्रचार कर माहौल बनाया। उन्होंने दावा किया है कि इन गांवों में कांग्रेस को बहुमत मिलना तय है। इस दौरान कांग्रेस नेत्री रीना गेवाडीन उनके साथ कदम से कदम मिलाकर चल रही थी। गेवाडीन ने बताया कि विधानसभा के सभी गांवों में पहुंचकर डा.महंत के पक्ष में प्रचार करने का लक्ष्य है जिसमें वे जरूर कामयाब होंगी।

विदित हो कि सक्ती विधानसभा में डा. महंत प्रत्याशी के रूप में मैदान में है ऐसे में उनकी सांसद पत्नि दिन रात एक कर गांव-गांव में प्रचार प्रसार कर रही है। उनके साथ कांग्रेस के महिला नेत्री श्रीमती रीना गेवाडीन जुटी हुई है। किसी भी राजनीति दल का चुनाव में जीत-हार लगा रहता है किंतु महिलाओं की इस मेहनत की हर कोई तारीफ कर रहा है और कांग्रेस की जीत पक्की मानी जा रही है।

### चुणामणी कांग्रेस से 6 साल के लिए निष्कासित

**जांजगीर/नवप्रदेश।** कांग्रेस नेता व कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष चुणामणी राठौर ने भाजपा प्रवेश कर लिया है। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया है। इस संबंध में जिला कांग्रेस पार्टी के महामंत्री शिशिर द्विवेदी ने मीडिया में सूचना पत्र जारी किया। जानकारी के अनुसार कुछ दिनों पहले चांपा सिवनी कृषि उपज मंडी के अध्यक्ष रहे चुणामणी राठौर को हटाकर गुलजार सिंह की पत्नी रत्ना सिंह को अध्यक्ष बनाया गया था। जिसको लेकर आशंका व्यक्त की जा रही थी जल्द ही चुणामणी राठौर पार्टी विरोधी कोई बड़ा कदम उठा सकते है। आखिरकार उन्होंने भाजपा प्रवेश करके अपनी मंशा को सबके सामने ला दिया। जिसके बाद कांग्रेस पार्टी ने उन्हें छह साल के लिए पार्टी से निष्कासित कर दिया।

## मायावती ने हसौद में भरी हुंकार कांग्रेस,भाजपा पर साधा निशाना

**जांजगीर/नवप्रदेश।** अविभाजित जांजगीर-चाम्पा के जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के हसौद में बसपा सुप्रीमो मायावती ने चुनावी सभा ली और कांग्रेस व बीजेपी पर जमकर हमला बोला। उन्होंने दोनों पार्टियों को दलित विरोधी और गरीबों का शोषण करने वाली पार्टी बताते हुए बसपा प्रत्याशियों के लिए जनसमर्थन मांगा। यहां जैजैपुर विधानसभा क्षेत्र के बसपा प्रत्याशी केशव चन्द्रा और पामगढ़ की प्रत्याशी इंदु बंजारे समेत 13 विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी मौजूद थे।

सभा को सम्बोधित करते हुए बसपा सुप्रीमो मायावती ने कहा कि बसपा और गोंडवाना गणतंत्र पाटी के साथ गठबंधन हुआ है और दोनों पार्टी मिलकर चुनाव लड़ रही है। उन्होंने ने कहा कि देश को आजाद हुए बरसों बीत गए हैं, लेकिन विकास नहीं हुआ। सर्व समाज, मजदूरों, किसानों का विकास नहीं हो सका है, सरकार की नीतियां खराब रही हैं। मायावती ने कहा कि केंद्र के द्वारा महिलाओं को 33 फीसदी आरक्षण दिया गया है, जिसमें एससी, एसटी और ओबीसी की महिलाओं की उपेक्षा की गई है। कांग्रेस सरकार और भाजपा सरकार में आमजन गरीबो का शोषण हुआ है। मायावती ने कहा कि छत्तीसगढ़ और केंद्र में लंबे समय तक कांग्रेस की सरकार रही, तब उन्होंने भीमराव अंबेडकर जी को भारत रत्न नहीं दिया। जब बीपी सिंह की सरकार बनी, तब बाबा साहब भीमराव अंबेडकर को भारत रत्न से नवाजा गया। बसपा सुप्रीमो मायावती ने बसपा प्रत्याशियों के पक्ष में जनता से वोट करने की अपील की। बसपा सुप्रीमो की सुरक्षा को लेकर चाक चौबंद व्यवस्था किया गया था। बड़ी संख्या में बसपा सुप्रीमो मायावती को सुनने लोगों की भीड़ हसौद में इक्कठा हुई। जातीय जनगणना के मुद्दे पर कांग्रेस को घेरते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस जब सरकार में थी तो उन्होंने इसे लागू नहीं किया।

**पूंजीपतियों की है केंद्र और राज्य सरकार**

मायावती ने कहा कि दोनों ही पार्टी जनता को लुभाने के लिए कई तरह के हथकंडे अपना रही है। यह पूंजीपति की सरकार है, लेकिन आपको झांसे में नहीं आना है और सावधान रहने कि आवश्यकता है। मायावती ने केंद्र सरकार और छग़ सरकार पर आरोप लगाते हुए कहा कि आज सरकारी नौकरियों में पूंजीपतियों के माध्यम से प्राइवेट सेक्टर में नौकरी देने का चलन शुरू हुआ है।

**व्यवस्था...** निर्वाचन आयोग की पहल सुविधाजनक, 100 वर्षीय बुजुर्ग धुमरी बाई और निशक्त कुदरत अली ने किया घर बैठे मतदान

# बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के लिए चुनाव आयोग का होम वोटिंग सराहनीय

**अम्बिकापुर/नवप्रदेश।** विस निर्वाचन 2023 के तहत पहली बार होम वोटिंग की शुरुआत की गई है, जिसमें दिव्यांग और बुजुर्ग मतदाताओं को वोट डलवाने के लिए मतदान दल के सदस्य घर तक पहुंच रहे है। भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार शारीरिक रूप से असक्षम मतदाताओं को यह सुविधा दी गई है। जिले में गुरुवार को मतदान कराने का काम शुरू हो गया है, सुबह मत पेटियों एवं बैलेट पेपर लेकर जिला कलेक्टरेट से कुल 20 मतदान दल रवाना हुए। दुर्गम रास्तों को पार कर जिले के तीनों विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं तक पहुंचकर वोट डलवाए गए। इसके साथ ही भटगांव विधानसभा अंतर्गत भी एक दल के जरिए जिले के 2 मतदाताओं को होम वोटिंग कराई गई है।

जिले के तीनों विधानसभा में कुल 172 बुजुर्गों और दिव्यांगों ने घर से वोट डालने हेतु आवेदन भरा था। उसके बाद आज विभिन्न क्षेत्रों में अलग-अलग मतदान दल इन बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं के घर पहुंचे और पोस्टल बैलेट के जरिए वोट डलवाया, वहीं घर पर मतदान के दौरान गोपनीयता और सुरक्षा का खास ख्याल भी रखा गया। मतदान के लिए बकायदा वोटिंग कंपार्टमेंट बनाया गया था। वोट डालने में असमर्थ मतदाताओं के लिए परिवार के किसी सदस्य को सहयोगी के रूप में वचनपत्र भरकर वोट डलवाने में मदद करवाया गया। निर्वाचन आयोग की इस पहल से मतदाताओं में भरपूर उत्साह दिखा, मतदाताओं तथा उनके परिवार जनों ने इस हेतु आयोग की तारीफ की और इस सुविधा के लिए धन्यवाद दिया।निर्वाचन आयोग की पहल रही बेहद सुविधाजनक, 100 वर्षीय बुजुर्ग धुमरी बाई और निशक्त कुदरत अली ने सहयोगी मतदाता के जरिए दिया वोटहोम वोटिंग में सबसे अधिक उम्र की मतदाता अम्बिकापुर विधानसभा से जोगीबांध रामपुर की 100 वर्षीय धुमरी बाई रही। होम वोटिंग कराए जाने पर उनके परिवार ने काफी खुशी जताई। चलने-फिरने में असमर्थ अंबिकापुर, मोमिनपुरा के 85 वर्षीय बुजुर्ग कुदरत अली खान ने अपने पुत्र श्री मुसर्रत अली के सहयोग से मत डाला। श्री अली ने कहा कि भारत निर्वाचन आयोग की इस पहल से उनके पिता को इस अवस्था में भी देश के मजबूत लोकतंत्र के लिए भूमिका निभाने में आसानी हुई, उन्होंने इस सुविधा पर खुशी जाहिर की। इसी तरह सबसे कम उम्र के वोटर सीतापुर विधानसभा से 26 वर्षीय दिव्यांग मतदाता सिलास खलखो हैं। दिव्यांग मतदाता धर्मेंद्र ने इस सुविधा पर बेहद खुशी जताई। उन्होंने कहा कि घर में मतदान की सुविधा मिलने से मताधिकार का उपयोग कर पाने में सहूलियत मिली। होम वोटिंग की सुविधा मिलने से मतदाता अमित कुमार राजवाड़े काफी उत्साहित हैं, 2014 से व्हीलचेयर पर हैं। अमित बताते हैं पहले वोट डालने जाने में काफी दिक्कत होती थी, पर अब निर्वाचन आयोग द्वारा घर पर मतदान की सुविधा ने इस परेशानी को दूर कर दिया है।अस्थिबाधित 48 वर्षीय दिव्यांग मतदाता पंकज गुप्ता होम वोटिंग की सुविधा हेतु भारत निर्वाचन आयोग, मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय एवं जिला निर्वाचन अधिकारी को धन्यवाद करते हैं।

नव प्रदेश
छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश
छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023

# बृजमोहन के सामने 'गुंडा' शब्द का अपमान : भूपेश

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के रायपुर दक्षिण से भाजपा उम्मीदवार बृजमोहन अग्रवाल पर प्रचार के दौरान हमले को लेकर मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने प्रतिक्रिया दी है। मुख्यमंत्री बघेल ने कहा, जो प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जैसे व्यक्ति को टेबल के नीचे छिपने के लिए मजबूर कर दे उस बृजमोहन को कोई धक्का दे सकता है? इसका मतलब ये है कि वे (बृजमोहन अग्रवाल) चुनाव में पिछड़ रहे हैं। वे लाख कोशिश करें कुछ फर्क नहीं पड़ने वाला है। भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेस पर हमला करने का आरोप लगाया है। बृजमोहन अग्रवाल कहना है कि, ये हमला प्रचार करने के दौरान किया गया। मिली जानकारी के अनुसार जिसके बाद उन्होंने कांग्रेसियों को गुंडा तक कह दिया। अब इसी बयान पर सीएम बघेल का पलटवार सामने आया है। भूपेश बघेल ने बृजमोहन अग्रवाल के बयान पर पलटवार करते हुए कहा, बृजमोहन अग्रवाल पर हमला कौन कर सकता है? उनको कौन धमकी देगा। बृजमोहन जी ने मोदीजी को टेबल के नीचे छुपने पर मजबूर कर दिया था। वहीं हमले के बाद बृजमोहन अग्रवाल ने कांग्रेसियों को गुंडे तक कह दिया। जिस पर सीएम बघेल ने कहा, उनके सामने किसी को गुंडा कहना, गुंडा शब्द का अपमान है। जनता सब समझती है, अब ऐसी राजनीति नहीं चलेगी। बता दें कि रायपुर दक्षिण से भाजपा प्रत्याशी बृजमोहन अग्रवाल पर प्रचार के दौरान गुरुवार शाम को हमला कर दिया गया। बृजमोहन बैजनाथ पारा में प्रचार के लिए पहुंचे थे। इस दौरान उनसे धक्का-मुक्की की गई। इसकी जानकारी मिलने पर बड़ी संख्या में उनके समर्थक कोतवाली थाने पहुंच गए। उन्होंने थाने का घेराव कर कांग्रेस सरकार के खिलाफ नारेबाजी की। आरोपितों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर चार घंटे प्रदर्शन चलता रहा। इसी दौरान बृजमोहन के समर्थन में पूर्व मुख्यमंत्री डा. रमन सिंह भी पहुंच गए। कोतवाली थाना प्रभारी विनीत दुबे ने बताया कि अज्ञात लोगों के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपितों की गिरफ्तारी की जाएगी। अपराध पंजीबद्ध होने और रमन सिंह की उपस्थिति में धरना-प्रदर्शन समाप्त किया गया। समर्थकों का आरोप है कि बृजमोहन अग्रवाल मौलाना अब्दुल रऊफ वार्ड में प्रचार कर रहे थे। एवरग्रीन चौक के पास कुछ लोग बृजमोहन के पास आए और उन्हें कहा कि इस वार्ड में घुसने की हिम्मत कैसे हुई और उनके साथ धक्का-मुक्की की, फिर फरार हो गए। इसके बाद हंगामा शुरू हो गया।

# अमित शाह ने कहा है तो ओपी चौधरी को मिलेगी बड़ी जिम्मेदारी : रमन

**रायपुर/नवप्रदेश।** पूर्व मुख्यमंत्री डॉ रमन सिंह ने अधिकारी से नेता बने पूर्व कलेक्टर ओपी चौधरी की राजनीतिक भविष्य को लेकर बड़ा बयान दिया है।

रायगढ़ में हुई अमित शाह की रोड शो में उन्होंने बीजेपी प्रत्याशी ओपी चौधरी के लिए वोट मांगा और कहा कि आप ओपी चौधरी को वोट दीजिए मैं ओपी चौधरी को बड़ा आदमी बनाऊँगा। अब इस बयान के लोग कई मायने निकाल रहे हैं। वहीं, अमित शाह के इस बयान पर पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह का भी बड़ा बयान सामने आया है।

पूर्व मुख्यमंत्री रमन सिंह ने कहा, कि अगर अमित शाह ने कहा तो जरूर उन्हें आने वाले दिनों में कोई बड़ी जिम्मेदारी दी जाएगी। राजधानी के भाजपा प्रत्याशी और पूर्व मंत्री बृजमोहन अग्रवाल पर हमले को लेकर रमन सिंह ने कहा कि राजधानी की ये हालत है कि विधानसभा के प्रत्याशी और सबसे सीनियर विधायक बृजमोहन अग्रवाल के खिलाफ पर आक्रमण हो सकता है। ये इस बात को साबित करता है कि कानून व्यवस्था की स्थिति कितनी चौपट हो गई है। रमन सिंह ने कहा, कि अब कांग्रेस के कार्यकर्ता गुंडागर्दी पर उतारू हो गए हैं। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष दीपक बैज के बयान भाजपा लाशों पर राजनीति करती है पर रमन सिंह ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी स्पष्ट और साफ राजनीति करती है और षड्यंत्र करने का काम कांग्रेस का है।

## कांग्रेस करेगी भाजपा के दुष्प्रचार की आयोग में शिकायत

**रायपुर/नवप्रदेश।** बलौदाबाजार विधानसभा के कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी का बायोडाटा प्रदेश कांग्रेस कमेटी में जमा है। शैलेश नितिन त्रिवेदी के बायोडाटा को गलत तरीके से प्रचारित किया जा रहा है जिसकी कांग्रेस पार्टी खंडन करती है। उनके बायोडाटा में किसी अन्य के बारे में कोई जानकारी नहीं है। बलौदाबाजार क्षेत्र में सभी कांग्रेसजन पूरी एकजुटता के साथ कांग्रेस प्रत्याशी शैलेश नितिन त्रिवेदी के पक्ष में चुनाव प्रचार में जुटे है। क्षेत्र की जनता में भी कांग्रेस प्रत्याशी के पक्ष में पूरी तरह से रूझान है, लोग कांग्रेस प्रत्याशी को विजयी बनाने कृत संकल्पित है। इसको देखते हुये भाजपा के द्वारा षड़यंत्रपूर्वक कांग्रेस प्रत्याशी के बायोडाटा को भ्रामक तरीके से प्रचारित किया जा रहा। कांग्रेस पार्टी इसका खंडन करती है। कांग्रेस इसकी शिकायत चुनाव आयोग में करेगी।

## पीएम मोदी की गारंटी है, भ्रष्टाचारियों को छोड़ेंगे नहीं : रविशंकर

**रायपुर/नवप्रदेश।** भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने शुक्रवार को भाजपा कार्यालय एकात्म परिसर में संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि पहले चरण के मतदान के बाद पूरे छत्तीसगढ़ का माहौल यह स्पष्ट बता रहा है कि भूपेश बघेल की सरकार जा रही है और भाजपा की सरकार आ रही है। यह बात मैं पूरे विश्वास के साथ कह रहा हूं कि दूसरे चरण के मतदान में भी भाजपा को ऐतिहासिक समर्थन मिलेगा। छत्तीसगढ़ की जनता का कांग्रेस सरकार से भरोसा उठ चुका है। छत्तीसगढ़ की जनता का भूपेश बघेल से भरोसा उठ चुकी है। छत्तीसगढ़ की जनता बहुत ही सरल सहज स्वभाव की है और इस तरह का भ्रष्टाचार और इस तरह की नेतागिरी और इस तरह के शासन की छवि उन्हें पसंद नहीं। पूर्व केन्द्रीय मंत्री रविशंकर प्रसाद ने कहा कि छत्तीसगढ़ की महिलाओं की मजबूती के लिए मोदी की गारंटी है कि यहां की वैवाहित महिलाओं को, बेटियों को, बहनों को, बहुओं को 1000 रुपए महीना मिलेगा तो मिलेगा।और जिनके घरों में 2 है उन्हें 2000 रु प्रतिमाह और 3 होने पर 3000 रु प्रतिमाह मिलेगा। हमने मध्यप्रदेश में यह करके दिखा दिया है। यहां भी देंगे और 500 रुपए में गैस सिलेंडर भी देंगे। उन्होंने कहा कि मैंने पहले भी कहा था कि भूपेश बाबू ऐप से बहुत प्रेम करते हैं। मुझे यह नहीं मालूम था कि जब मैं आपसे दूसरी बार मिलूंगा तो महादेव एप की कहानी इतनी बड़ी हो जाएगी।

महादेव के नाम को भी नहीं छोड़ा। भूपेश बघेल झूठ क्यों बोल रहे हैं कार्रवाई करना और कार्रवाई करने का दिखावा दिखाना, यह दोनों अलग-अलग बात है। भूपेश बघेल कहते है कि महादेव एप बंद करने चिट्ठी लिखी थी वे बताएं कि कब कौन सी चिट्ठी लिखी। भूपेश बघेल ने कोई चिट्ठी नही लिखी है। इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय के राज्य मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने स्पष्ट लिखा है कि भूपेश बघेल ने ऐसी कोई चिट्ठी नहीं भेजी है। उन्होंने कहा कि छत्तीसगढ़ की पुलिस ने इस मामले में पूरी ईमानदारी के साथ क्या काम किया यह बताया जाए। मीडिया के स्टिंग ऑपरेशन में पुलिस की मिलीभगत सामने आयी है और इनके चेहरे भी बेनकाब हुए है। कांग्रेस द्वारा ईडी पर केन्द्र सरकार के दबाव में काम करने के आरोप को सिरे से खारिज करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में भूपेश बघेल के जितने करीबी ईडी की पड़ताल के बाद जेल गए हैं वे वहीं हैं कि नहीं? भूपेश बघेल यदि अपने सलाहकार के जरिये भाजपा को नोटिस भेज रहे है तो उसका माकूल जवाब देने भाजपा सक्षम है।

## कांग्रेस ने 15 तो बीजेपी ने 6 बागी नेताओं को पार्टी से निकाला

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के चुनावी समर में पार्टी से बगावत करने वाले नेताओं पर कार्रवाई शुरू हो गई है। कांग्रेस ने जहां 15 बागियों को पार्टी से निकाला है वहीं भाजपा ने भी छह बागी नेताओं को पार्टी से बाहर का रास्ता दिखा दिया है। इन नेताओं को छह-छह साल के लिए निष्कासित कर दिया गया है। प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने 15 बागी प्रत्याशियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की है। बागी होकर चुनाव लड़ने व बागियों का साथ देने के लिए अलग-अलग विधानसभा क्षेत्रों के 15 सदस्यों के पार्टी की प्राथमिक सदस्यता से छह साल के लिए निष्कासित किया गया है। इनमें राजधानी से वरिष्ठ कांग्रेसी नेता आनंद कुकरेजा सहित अन्य प्रत्याशी शामिल हैं। इस संबंध में पार्टी अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी (एआइसीसी) से मंजूरी मिलने के बाद प्रदेश कांग्रेस कमेटी ने निष्कासन आदेश जारी कर दिया है।

### कांग्रेस के ये नेता हुए निष्कासित

कांग्रेस नेताओं में आनंद कुकरेजा, सागर दुल्हानी (रायपुर उत्तर), अजहर अली (वैशाली नगर), प्रभातबेला मरकाम(सामरी),महेंद्र सिदार (लैलुंगा),बिंदू यादव, सागर सिंह बैस,सूरज बर्मन (लोरमी), शिव ध्रुव, निर्मल दिवाकर (बिल्हा), गुड्डू महाराज (जांजगीर), गोरेलाल बर्मन (पामगढ़), किस्मतलाल नंद (सरायपाली), मनोज आडिल(कसडोल), मनोहर साहू (भाटापारा) शामिल हैं।

### भाजपा से ये नेता हुए बाहर

कांग्रेस की तरह भाजपा के भीतर भी विधानसभा चुनाव के दौरान बगावत देखने को मिली है। रायपुर की भाजपा नेत्री सावित्री जगत को पार्टी ने छह साल के लिए निष्कासत कर दिया गया है। सावित्री समेत छह नेताओं पर कार्रवाई हुई है। इनके अलावा खेदूराम साहू, रामबाई देवांगन, मुरली साहू, मिथलेश साहू, भगवती साहू के नाम शामिल हैं। इस संबंध में प्रदेश अध्यक्ष अरुण साव ने आदेश जारी कर दिया है।

## भाजपा प्रदेश अध्यक्ष साव को आयोग ने भेजा नोटिस

**रायपुर/नवप्रदेश।** मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी कार्यालय ने भारतीय जनता पार्टी प्रदेशाध्यक्ष अरुण साव को आचार संहिता के उल्लंघन के लिए नोटिस जारी की है। नोटिस में नौ नवंबर 2023 को विभिन्न स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में प्रकाशित महतारी वंदन योजना के विज्ञापन को आचार संहिता का निर्देशों का उल्लंघन माना गया है। इसके लिए चौबीस घंटे के भीतर जवाब प्रस्तुत करने की निर्देश दिए गए हैं। नोटिस में उल्लेख है कि विधानसभा निर्वाचन 2023 में आचार संहिता नौ अक्टूबर से प्रभावशील है, जिसमें राजनीतिक दलों से आचार संहिता के निर्देशों का पालन किया जाना अपेक्षित है। नौ नवंबर को विभिन्न स्थानीय दैनिक समाचार पत्रों में भाजपा के द्वारा महतारी वंदन योजना का विज्ञापन प्रकाशित करते हुए महतारी वंदन योजना में पंजीयन के लिए एक प्रारूप आवेदन का प्रकाशन भी किया गया है। साथ ही घर-घर पंजीयन करने के लिए क्यूआर कोड भी दिया है। निर्वाचन आयोग ने कहा है कि इससे प्रतीत होता हैं कि योजना में दी जाने वाली राशि तत्काल मतदाताओं को हस्तांतरित किया जा सकता है।

## महंत रामसुंदर दास को नोटिस

**रायपुर/नवप्रदेश।** विधानसभा निर्वाचन के दौरान प्रत्याशियों के निर्वाचन लेखा व्यय की जांच लगातार की जा रही है। व्यय प्रेक्षक लगातार प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नजर रख रहें है। रायपुर दक्षिण विधानसभा क्षेत्र के प्रत्याशी महंत रामसुन्दर दास को रिटर्निंग ऑफिसर ने लेखा व्यय मिलान के लिए पत्र जारी किया है। 6 नवम्बर की स्थिति में महंत रामसुन्दर दास प्रस्तुत घोषणा और लेखा व्यय के छाया प्रेक्षण पंजी में परिकलित व्यय में अंतर होने के कारण यह पत्र जारी किया गया है। निर्वाचन अधिकारी द्वारा शीघ्रता से निर्वाचन संबंधी सभी खर्चों का मिलान कराने का निर्देश प्रत्याशी को दिए है।

# आज सोनहत में राजनाथ सिंह की आमसभा

**बैकुंठपुर/नवप्रदेश।** अवगत करा दें की छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव 2023 अंतर्गत दो चरणों में मतदान होना था। जिसके मद्देनजर 7 नवंबर को पहले चरण का मतदान बस्तर और दुर्ग संभाग के 20 विधानसभा सीटों पर संपन्न कराया जा चुका है। जिसके बाद अब दूसरे चरण के चुनाव की तैयारियां जोरों पर है।जिस बावत भारतीय जनता पार्टी कोरिया और एम सी बी जिले के प्रत्याशियों के लिए भाजपा के स्टार प्रचारक भाजपा और मोदी सरकार के केंद्रीय रक्षा मंत्री व भाजपा के कद्दावर नेता राजनाथ सिंह की चुनावी आमसभा का आयोजन किया जाना है। आमसभा कोरिया जिला अंतर्गत व भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के सोनहत विकासखंड मुख्यालय के सलगवा कला स्कूल मैदान में दिनांक 11 नवंबर को सुबह 11 बजे से शुरू होगी । यह चुनावी आमसभा विशेष रूप से भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के भाजपा प्रत्याशी केंद्रीय मंत्री रेणुका सिंह के लिए बतौर चुनावी आमसभा होगी। जिस आमसभा के माध्यम से भरतपुर सोनहत विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं और कोरिया तथा एम सी बी जिले के भाजपा कार्यकर्ताओं को केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा संबोधित किया जायेगा। ताकि प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी 2023 घोषणा पत्र और भाजपा का ÷सबका साथ सबका विकास÷ को फ्लीभूत करने वाली केंद्र सरकार की योजनाओं का अनुसरण दोनो जिले व विधानसभा के मतदाताओं को कराया जा सके। साथ ही छत्तीसगढ़ की भ्रष्टाचारी भूपेश सरकार की नाकामी और कुशासन को जन जन तक पहुंचाया जा सके। केंद्रीय रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह द्वारा अपने संबोधन से भाजपा कार्यकर्ताओं और मतदाताओं को चुनावी रणनीति और तैयारियों पर रिचार्ज करने का भी कार्य किया जाएगा।

## हार की बौखलाहट से कांग्रेस पर ठीकरा फोड़ना चाह रह बृजमोहन : दीपक बैज

**रायपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ के दक्षिण विधानसभा से बृजमोहन अग्रवाल के इस बयान पर 'ढेबर के लोग मेरी हत्या करवाना चाहते थे' मामले में पीसीसी चीफ दीपक बैज का बयान सामने आया है। उन्होंने कहा कि बृजमोहन अग्रवाल को रायपुर दक्षिण से हार दिख रहा है। ये हार की बौखलाहट है, वे चाहते हैं कि कांग्रेस गलती करे, इसलिए उन्हें सुनना पड़ रहा है। वे हार की बौखलाहट से कांग्रेस पर ठीकरा फोड़ना चाह रहे हैं। पीएम मोदी के दौरे पर पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि जब से चुनाव की शुरुआत हुई तब से प्रधानमंत्री छत्तीसगढ़ आ रहे हैं, चुनाव से पहले छत्तीसगढ़ झांक कर नहीं देखें पीएम, वे सत्ता हासिल करने के लिए छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। छत्तीसगढ़ के लोगों को डराने का काम केंद्र के नेता कर रहे हैं। वहीं साजा विधानसभा क्षेत्र में भाजपा नेताओं ने डेरा डाला हुआ है इस मामले में पीसीसी चीफ दीपक बैज ने कहा कि रवींद्र चौबे बड़े नेता हैं, बीजेपी वहां हिंदुत्व का कार्ड खेलना चाह रही है, घटना को वे चुनाव में भुनाना चाह रहे हैं, लोकतांत्रिक तरीके से चुनाव होना चाहिए। भाजपा नेता वहां लगातार डेरा डाले हुए हैं लेकिन वहां कांग्रेस मजबूत है। भाजपा सहानुभूति के दम पर चुनाव जीतने का प्रयास कर रही, लेकिन वे सफल नहीं होंगे।

# कोरिया जिले के नेताओं की संपति 5 साल में 36 गुना बढ़ी

**बैकुंठपुर/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ में सात नवंबर को पहले चरण का चुनाव हो चुका है। दूसरे चरण का चुनाव 17 नवंबर को निर्धारित है। इसके लिए 21 अक्टूबर से 2 नवंबर तक नामांकन पत्र दाखिल करने की प्रक्रिया चली। इससे विधानसभा चुनाव में उतरे प्रत्याशियों की चल, अचल संपत्ति सहित कैश, ज्वेलरी का ब्यौरा भी सामने आ गया है। इनमें से कुछ प्रत्याशी ज्यादा पैसे वाले नहीं है, वहीं कुछ प्रत्याशियों के पास अथाह चल-अचल संपत्ति है।

भरतपुर सोनहत की प्रत्याशी रेणुका सिंह जो कि वर्तमान में सरगुजा सांसद व पूर्व विधायक रहते हुए राज्य में पूर्व मंत्री भी रह चुकी हैं। रेणुका सिंह के पास सबसे ज्यादा संपत्ति है। भरतपुर सोनहत के वर्तमान विधायक गुलाब कमरो की संपत्ति विधायक बनने के बाद पिछले 5 सालों में 36 गुना बढ़ गई है। 2018 में उनकी संपत्ति 5 लाख 12 हजार रुपये थी। वही भईयालाल रजवाड़े के पास 17.84 करोड़ और श्याम बिहारी के पास 12.5 करोड़ की संपत्ति है। लेकिन जिले से एक विधायक की संपति विधायक बनते ही करोड़ों में है। गुलाब कमरो ने शपथ पत्र में संपत्ति का ब्योरा दिया है उसके मुताबिक खुद, पत्नी और बच्चों के नाम पर 1 करोड़ 85 लाख 60 हजार रुपए की संपत्ति घोषित की है । इन 5 सालों में उनकी पत्नी भी पति की विधायकी में गृहिणी से व्यवसायी बन गई हैं। हालांकि विधायक और उनकी पत्नी पर 35.88 लाख रुपये का बैंक लोन भी है। विधायक के पास कुल चल संपत्ति 63 लाख 70 हजार 255 रुपये, पत्नी की 42 लाख 16 हजार 536 रुपये बताई गई है. गुलाब कमरो ने 2022 में 2.938 एकड़ भूमि खरीदी थी, जिसका वर्तमान बाजार मूल्य 9 लाख 62 हजार रुपये बताया गया है. गृह निर्माण मंडल के प्लॉट की बुकिंग के लिए उन्होंने 2 लाख रुपये एडवांस जमा किए हैं. साल 2021 में विधायक ने रायपुर में पक्का मकान लिया है, जिसका वर्तमान बाजार मूल्य उन्होंने 65 लाख रुपए बताया है.इस अवधि में विधायक ने बैंकों से कर्ज भी लिया है, जिसकी अदायगी 35 लाख 1905 रुपए और पत्नी द्वारा 84,426 रुपये बकाया है. वहीं भरतपुर सोनहत की भाजपा प्रत्याशी व केंद्रीय राज्यमंत्री रेणुका सिंह की संपत्ति 30 करोड़ से भी ज्यादा की है. इनके पास जमीन, वाहन, दुकान भी हैं। बैकुंठपुर विधानसभा सीट पर भईयालाल राजवाड़े जो कि बीजेपी प्रत्याशी हैं इनके पास 17 करोड़ 84 लाख रुपए की संपत्ति है। इनके पास एक वाहन है, खेती और कमर्शियल जमीन भी है ।वहीं बैकुंठपुर से कांग्रेस प्रत्याशी अंबिका सिंह देव के पास करीब 4 करोड़ 22 लाख रुपए की संपत्ति है. नकद, बैंक खाते, डाक घर, आभूषण समेत अन्य मिलाकर कुल एक करोड़ 7 लाख 24 हजार रुपए की चालू संपत्ति भी इनके पास है। मनेन्द्रगढ़ विधानसभा सीट से कांग्रेस ने रमेश सिंह को प्रत्याशी घोषित किया है जो पेशे से वकील भी है। उनके पास भी 6.50 करोड़ की संपत्ति है जो पहली बार चुनाव लड़ रहे वहीं भाजपा से पूर्व विधायक श्याम बिहारी जायसवाल प्रत्याशी हैं जिनके पास 12.5 करोड़ की संपत्ति है। वाहन में इनोवा, महिन्द्रा एसयूवी, 5 ट्रक, मेटाडोर, जेसीबी, बाइक शामिल है। खुद के नाम 26.68 एकड़ और पत्नी के नाम 7.73 एकड़ जमीन है।

# सेमीफाइनल में न्यूजीलैंड की जगह पक्की

**बेंगलुरु।** आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्वश कप 2023 मैच में न्यूजीलैंड की श्रीलंका पर 160 गेंद बाकी रहते पांच विकेट से जीत से उसका नेट रन रेट (एनआरआर) +0.743 तक बढ़ गया है और सेमीफाइनल में उसकी जगह पक्की हो गई है।न्यूजीलैंड ने भारत, दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के साथ विश्वव कप के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली है।श्रीलंका पर न्यूजीलैंड की जोरदार जीत का मतलब है कि टूर्नामेंट के सेमीफाइनल चरण की रूपरेखा तभी बदल सकती है जब कुछ नाटकीय घटित हो।अंक तालिका में भारत के पहले स्थान पर रहने का अनुमान है, जबकि दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया क्रमशः दूसरे और तीसरे स्थान पर रहेंगे। सेमीफाइनल 16 नवंबर को कोलकाता के ईडन गार्डन्स में खेला जाएगा।श्रीलंका पर ब्लैक कैप्स की जीत का मतलब है कि वे चौथे स्थान पर रहने के लिए बॉक्स सीट पर बैठे हैं और भारत के लिए सबसे संभावित प्रतिद्वंद्वी हैं, हालांकि पाकिस्तान के पास अभी भी इंग्लैंड पर बड़ी जीत के साथ नॉकआउट चरण में अंतिम स्थान का दावा करने का एक बाहरी मौका है। न्यूजीलैंड की बड़ी जीत के बाद सेमीफाइनल में पहुंचने के लिए पाकिस्तान का समीकरण लगभग असंभव है। यदि वे पहले बल्लेबाजी करते हैं, तो उन्हें कम से कम 287 रनों के अंतर से जीतना होगा और यदि वे पीछा कर रहे हैं, तो उन्हें इंग्लैंड को 50 रनों पर आउट करना होगा और दो ओवर में लक्ष्य का पीछा करना होगा या तीन ओवर में 100 रन बनाने होंगे।हालांकि ये सभी विकल्पा असंभव प्रतीत होते हैं।अफग़ानिस्तान की संभावनाएं और भी कम हैं, क्योंकि उनका नेट रन रेट पाकिस्तान से भी कम है। शुक्रवार को अहमदाबाद में उनका सामना दक्षिण अफ्रीका से होगा।यदि स्थिति अभी जैसी ही रही तो भारत 15 नवंबर को मुंबई में न्यूजीलैंड से भिड़ेगा और अगले दिन कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका और ऑस्ट्रेलिया के बीच मुकाबला होगा।आईसीसी की आधिकारिक वेबसाइट पर एक रिपोर्ट में कहा गया है कि अगर पाकिस्तान न्यूजीलैंड से आगे निकलने और चौथे स्थान पर रहने में कामयाब होता है, तो भारत का अपने प्रतिद्वंद्वी के साथ मुकाबला गुरुवार को कोलकाता में होगा और प्रोटियाज का ऑस्ट्रेलियाई टीम के साथ मुकाबला एक दिन पहले मुंबई में होगा।

## मिचेल ने डेनियल के एक सीजन में सर्वाधिक विकेट लेने की रिकार्ड बराबरी की

**बेंगलुरु।** मिचेल सैंटनर ने एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में श्रीलंका के खिलाफ मैच में वनडे विश्व कप के एक संस्करण में सर्वाधिक विकेट लेने के डेनियल विटोरी के रिकॉर्ड की बराबरी की। बरसि मिचेल सैंटनर के पास अब विश्व कप के मौजूदा संस्करण में नौ मैचों में 24.68 की औसत और 4.89 की इकॉनमी रेट से 16 विकेट हैं।2007 विश्व कप में विटोरी ने 16 विकेट लेकर वनडे विश्व कप के एक संस्करण में न्यूजीलैंड के किसी स्पिनर द्वारा सर्वाधिक विकेट लेने का रिकॉर्ड बनाया।अगर न्यूजीलैंड गुरुवार को मैच जीतता है, तो सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की करने के बेहद करीब होगा। वहीं, सेंटनर की नजर विटोरी के रिकॉर्ड को तोड़ने पर होगी।मिचेल सैंटनर ने 10-2-22-2 के आंकड़े के साथ अपना स्पैल पूरा किया। यह इस विश्व कप में 10 ओवर का दूसरा सबसे किफायती स्पैल है। इस टूर्नामेंट में केवल जानसेन, ज़म्पा और मदुशंका के पास सेंटनर से अधिक विकेट हैं। सैंटनर मौजूदा टूर्नामेंट में भारत के मोहम्मद शमी के साथ संयुक्त रूप से चौथे सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले गेंदबाज हैं।

## अंडर 14 इंटर डिस्ट्रिक्ट एलीट ग्रुप टूर्नामेंट 2023 का आयोजन

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ स्टेट क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंडर 14 इंटर डिस्ट्रीक्ट एलीट ग्रुप टुर्नामेंट 2023 का आयोजन दिनांक 30 अक्टुबर 2023 से आयोजित किया गया। जिसमें छत्तीसगढ़ की विभिन्न 8 टीमों ने भाग लिया। टुर्नामेंट के सेमी फाइनल मैच दिनांक 8 नवंबर से धमतरी एवं सेक्टर 1 भिलाई के मैदान में खेले गये। टुर्नामेंट का पहला दो दिवसीय सेमी फाइनल मैच दिनांक 8-9 नवंबर 2023 को प्लेट कंबाइंड तथा रायपुर के मध्य सेक्टर 1 भिलाई में खेला गया। जिसमें रायपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया।

रायपुर अपनी पहली पारी में 57.1 ओवरों में 158 रन बनाकर ऑल आउट हो गयी। रायपुर की ओर से मानस मूलचंदानी ने 41 रन तथा सिद्वान्त गोयल ने 36 रनों का योगदान दिया। प्लेट कंबाइंड की ओर से आयुश द्विवेदी ने 6 विकेट प्राप्त किये।प्लेट कंबाइंड अपनी पहली पारी में 74.4 ओवरों में 10 विकेट के नुकसान पर 222 रन बनाये। प्लेट कंबाइंड की ओर से अनमोल द्विवेदी ने 60 रन तथा लवकेष यादव मे 49 रन बनाये। रायपुर की ओर से मानस ने 4 तथा आयुश ने 3 विकेट प्राप्त किये।फॉलोऑन खेलते हुये रायपुर ने अपनी दुसरी पारी में 21 ओवरों में 4 विकेट के नुकसान पर 61 रन बनाये। टुर्नामेंट का दुसरा दो दिवसीय सेमी फाइनल मैच दिनांक 8-9 नवंबर 2023 को बिलासपुर तथा जशपुर के मध्य धमतरी में खेला गया। जिसमें जषपुर ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का निर्णय लिया। जशपुर ने पहली पारी में बल्लेबाजी करते हुये 34.4 ओवरों में 10 विकेट खोकर 68 रन बनाये। जिसमें हनी निर्मलकर ने सर्वाधिक 14 रनों का योगदान दिया। बिलासपुर की ओर से रनवीर ने 3 विकेट, अयानवीर, यशराज तथा राज श्रीवास ने 2-2 विकेट लीये। बिलासपुर ने अपनी पहली पारी में 80.3 ओवरों में 10 विकेट खोकर 213 रन बनाये जिसमें आयुश तोडेकर ने 76 तथा पियुश चंद्रा ने 63 रनों की पारी षामिल रही। जशपुर की ओर से ष्लोक प्रधान ने 5 तथा अनिकेत ने 3 विकेट प्राप्त किये।

## ऑस्ट्रेलिया की दिग्गज खिलाड़ी ने अचानक अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से लिया सन्यास

**मेलबर्न।** ऑस्ट्रेलियाई महिला क्रिकेट टीम की कप्तान मेग लैनिंग ने पदार्पण के लगभग 13 साल बाद 31 साल की उम्र में अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट से संन्यास की घोषणा की है। लैनिंग महिला बिग बैश लीग और महिला राष्ट्रीय क्रिकेट लीग सहित घरेलू प्रतियोगिताओं में खेलना जारी रखेंगी। क्रिकेट के इतिहास में किसी भी कप्तान ने लैनिंग से अधिक विश्व कप ट्राफियां नहीं जीती हैं, जो ऑस्ट्रेलियाई खेल के सबसे सफल लीडर्स में से एक के रूप में सेवानिवृत्त हुए हैं। उन्होंने किसी भी अन्य महिला खिलाड़ी से अधिक 182 मौकों पर ऑस्ट्रेलिया की कप्तानी की और टीम को ऐतिहासिक पांच विश्व कप खिताब दिलाए। लैनिंग की कप्तानी में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम की जीत दर 80त्न थी और 2018 और 2021 के बीच एकदिवसीय क्रिकेट में लगातार जीत (26) का विश्व रिकॉर्ड बनाया। सात बार की विश्व कप विजेता और तीन बार की बेलिंडा क्लार्क पदक विजेता ने 241 अंतरराष्ट्रीय मैचों में 8,352 रन बनाए। शीर्ष क्रम की बल्लेबाज ने अपने अंतरराष्ट्रीय करियर में 17 शतक बनाए।

अपनी सेवानिवृत्ति पर बोलते हुए, लैनिंग ने कहा, अंतर्राष्ट्रीय क्रिकेट से दूर जाने का निर्णय लेना कठिन था, लेकिन मुझे लगता है कि अब मेरे लिए सही समय है। मैं 13 साल के अंतरराष्ट्रीय करियर का आनंद लेने के लिए अविश्वसनीय रूप से भाग्यशाली रही हूं। लेकिन मुझे पता है कि अब मेरे लिए कुछ नया करने का सही समय है। टीम की सफलता के कारण ही आप खेल खेलते हैं, मैं जो हासिल कर पायी हूं उस पर मुझे गर्व है और मैं इस दौरान टीम साथियों के साथ साझा किए गए पलों को संजोकर रखूंगी।

## मुबंई ने उत्तराखंड को हराकार जीती ट्राफी

**रायपुर।** टूर्नामेन्ट का फायनल मैच मुबंई एवं उत्तराखंड के मध्य 9 नवंबर 2023 को शहीद वीर नारायण सिंह इंटरनेशनल स्टेडियम, रायपुर में खेला गया। मुबंई ने टॉस जीतकर पहले क्षेत्ररक्षण करने का निर्णय लिया। उत्तराखंड सीनियर वुमेन्स टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 20.0 ओवर में 8 विकेट खोकर 84 रन बनाए। उत्तराखंड की ओर से पुनम राउत ने 24 तथा जसीया अख्तर ने 20 रनों का योगदान दिया। मुबंई की ओर से प्रकाशिका नायक ने 3 विकेट, एम दक्षिणी एवं फातिमा ने 2-2 विकेट प्राप्त किये। जवाब में खेलने उतरी मुबंई सीनियर वुमेन्स टीम ने 15.2 ओवरों में 4 विकेट खोकर 85 रन का लक्ष्य प्राप्त कर लिया। मुबंई के लिये जेमीमा राड्रिग्स ने षानदार बल्लेबाजी करते हुये 30 तथा हुमायरा काजी ने 23 रनों का योगदान दिया। उत्तराखंड की ओर से प्रेमा ने 2 विकेट प्राप्त किये।

मुबंई ने 6 विकेट से मैच जीतकर फायनल मैच अपने नाम किया। प्लेयर ऑफ द मैच का पुरस्कार, प्रभतेष भाटिया, पुर्व अध्यक्ष, सी.एस.सी.एस. द्वारा मुबंई की प्रकाषिका नायक को दिया गया। प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट का खिताब, विजय षाह, पुर्व कोषाध्यक्ष, सी.एस.सी.एस. द्वारा मुबंई की कप्तान जेमीमा राड्रिग्स को प्रदान किया गया। द्वितीय पुरस्कार के रुप में बीसीसीआई द्वारा रुपये 20 लाख, उत्तराखंड की टीम को जुबीन शाह, अध्यक्ष, सी.एस.सी.एस. द्वारा प्रदान किया गया। प्रथम पुरस्कार के रुप में बीसीसीआई द्वारा रुपये 40 लाख, मुबंई की टीम को प्रभतेश भाटिया, पुर्व अध्यक्ष, सी.एस.सी.एस. द्वारा प्रदान किया गया।

## बिजनेस

# भारत में गिटहब पर अब 13.2 मिलियन डेवलपर्स

**नई दिल्ली।** माइक्रोसॉफ्ट के स्वामित्व वाले एआई-पावर्ड प्लेटफॉर्म गिटहब के भारत में 13.2 मिलियन डेवलपर्स हैं। जिसमें से 3.5 मिलियन इस साल इस प्लेटफॉर्म से जुड़े हैं। भारत में डेवलपर्स वैश्विक स्तर पर गिटहब जेनरेटिव एआई परियोजनाओं में दूसरा सबसे बड़ा योगदानकर्ता हैं।

इस निरंतर और महत्वपूर्ण वृद्धि के साथ गिटहब का अनुमान है कि भारत 2027 तक कुल डेवलपर आबादी में अमेरिका से आगे निकल जाएगा।

गिटहब में एपीएसी के उपाध्यक्ष शैरिन नेपियर ने कहा, भारत का बढ़ता डेवलपर समुदाय एक नवाचार पावरहाउस के रूप में देश की स्थिति के केंद्र में है। भारतीय डेवलपर्स को गिटहब पर जेनेरिक एआई परियोजनाओं में महत्वपूर्ण योगदान देते हुए देखना रोमांचक है, जो एआई परिदृश्य में भारत के बढ़ते महत्व को उजागर करता है, साथ ही देश के डेवलपर्स सीधे दुनिया भर में एआई नवाचार के भविष्य को आकार दे रहे हैं। गिटहब की स्टेट ऑफ द ऑक्टोवर्स रिपोर्ट के 2023 संस्करण से पता चला है कि जेनरेटिव एआई 148 प्रतिशत साल-दर-साल वृद्धि के साथ जेनरेटर एआई परियोजनाओं में व्यक्तिगत योगदानकर्ताओं में एक महत्वपूर्ण और वैश्विक वृद्धि ला रहा है।विशेष रूप से, अमेरिका, भारत और जर्मनी डेवलपर समुदायों के बीच अग्रणी हैं, जबकि यूके, जापान, हांगकांग और फ्रांस सहित अन्य क्षेत्र इसके बाद हैं।भारत के डेवलपर समुदाय ने साल-दर-साल लगातार वृद्धि का अनुभव किया है, जिसमें 2023 में 36 प्रतिशत की वृद्धि भी शामिल है।

## द आर्चीज का ट्रेलर आउट, 60 के दशक की कहानी में लगा प्यार और दोस्ती का तड़का

काफी समय से दर्शकों को फिल्म द आर्चीज का इंतजार है। यह इसलिए भी सुर्खियों में है, क्योंकि इसके जरिए न सिर्फ शाहरुख खान की बेटी सुहाना खान फिल्मी दुनिया में कदम रख रही हैं, बल्कि श्रीदेवी और बोनी कपूर की बेटी खुशी कपूर भी बॉलीवुड में अपनी शुरुआत कर रही हैं, वहीं अमिताभ बच्चन के नाती अगस्त्य नंदा की भी यह पहली फिल्म है।फिल्म के पोस्टर, टीजर और गाने के बाद अब इसका ट्रेलर रिलीज हो गया है। ट्रेलर देख ऐसा लगेगा जैसे आप 60 के दशक में चले गए हों। कलाकारों के कपड़ों से लेकर उनके हेयरस्टाइल तक को रेट्रो लुक दिया गया है।फिल्म में सुहाना, अगस्त्य और खुशी के बीच लव ट्राएंगल देखने को मिल रहा है, वहीं अभिनय के मामले में अगस्त्य सबसे ज्यादा प्रभावित करते हैं।इसमें दोस्तों की मस्ती से लेकर, डांस और कुछ दुखभरे पल भी हैं, जो कहानी को दिलचस्प बनाते हैं। फिल्म का संगीत सुनने में अच्छा लगता है। द आर्चीज का निर्देशन जोया अख्तर ने किया है। इसमें आर्ची एंड्रयूज के किरदार में अगस्त्य, वेरोनिका लॉज के रूप में सुहाना खान, बेट्टी कपूर के किरदार में खुशी कपूर, जुगहेड जोन्स के रोल में मिहिर आहूजा, रेगी मेंटल के रूप में वेदांग रैना और एथेल मुग्स की भूमिका में अदिति सहगल शामिल हैं।फिल्म की कहानी कॉमिक बुक द आर्चीज के किरदार आर्ची एंड्रयूज और उसके दोस्तों पर आधारित है। यह फिल्म 7 दिसंबर को नेटफ्लिक्स पर आएगी।

## भारतीय निर्यातक अमेज़ॅन ग्लोबल सेलिंग पर बम्पर हॉलिडे शॉपिंग सीजन के लिए तैयार

**बेंगलुरु।** अमेज़ॅन ने आज घोषणा की कि उसके अमेज़ॅन ग्लोबल सेलिंग प्रोग्राम पर भारतीय निर्यातक वार्षिक ब्लैक फ्राइडे और साइबर मंडे (बीएफसीएम) बिक्री कार्यक्रमों के दौरान दुनिया भर के ग्राहकों के लिए लाखों मेड इन इंडिया' उत्पादों को प्रदर्शित करने के लिए तैयार हैं। इस वर्ष ग्राहकों के पास खरीदारी के लिए पिछले वर्ष की तुलना में अधिक दिनों का समय होगा।

भारतीय निर्यातकों ने 17 नवंबर को शुरू होने वाली और 27 नवंबर को समाप्त होने वाली बिक्री कार्यक्रम के लिए अमेज़ॅन की वैश्विक वेबसाइटों पर 50,000 से अधिक नए उत्पाद लॉन्च किए हैं। वैश्विक स्तर पर अमेज़ॅन के ग्राहक भारत भर के निर्यातकों के परिधान, स्वास्थ्य और व्यक्तिगत देखभाल, कार्यालय उत्पाद, आभूषण, सौंदर्य और फर्नीचर होम और किचन, एसटीईएम खिलौने सहित विभिन्न श्रेणियों के उत्पादों को देख सकेंगे। ब्लैक फ्राइडे और साइबर मंडे वैश्विक स्तर पर छुट्टियों के मौसम की शुरुआत को चिह्नित करने वाली महत्वपूर्ण घटनाएं हैं और इस समय ग्राहक घर पर उपयोग के लिए और दोस्तों और परिवार को उपहार देने के लिए वस्तुओं की तलाश में होते हैं।

## 50 हजार करोड़ के कारोबार की आस, चीन को झटका

**मुंबई।** रविवार को दिवाली है। त्योहारों के लिए बाजार सजे हुए हैं। इस बार चीनी उत्पादों की कम और स्थानीय उत्पादों की धूम अधिक मची हुई है। दिल्ली सहित देश भर के व्यापारियों के लिए माल की बिक्री का एक बड़ा दिन है जिसकी लेकर देश भर में बड़ी तैयारियाँ व्यापारियों ने की हुई है। कन्फ़ेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रवीन खंडेलवाल ने बताया की आज और कल धनतेरस के मौक़े पर देशभर में करीब 50 हज़ार करोड़ रुपये के रिटेल व्यापार का अनुमान है। दूसरी तरफ़ इस दिवाली पर वोकल फॉर लोकल का असर पूरी तरह से बाजारों में दिख रहा है। ज्यारदातर लोग भारत में बने हुए सामान की खरीददारी करना पसंद कर रहे हैं। एक अनुमान के अनुसार दिवाली से जुड़े चीनी सामानों की बिक्री अब न होने से चीन को लगभग 1 लाख करोड़ रुपए का नुकसान हुआ है। धनतेरस पर अमूमन लोग बर्तन और दूसरे सामानों की खरीदारी करते हैं।

## बंद हुआ पॉपुलर चैटिंग एप ओमेगल, कंपनी ने लिया फैसला

**नई दिल्ली।** 2021 में बीबीसी इंवेस्टिगेशन के बाद विवादों में आए लाइव वीडियो चैट प्लेटफॉर्म ओमेगल बंद हो गया है। बीबीसी की इंवेस्टिगेशन में पाया गया था कि बच्चे वेबसाइट पर अजनबियों के सामने खुद को एक्सपोज कर रहे हैं। वेबसाइट की स्थापना 2009 में 18 वर्षीय प्रोग्रामर और हाई स्कूल के छात्र लीफ़ के-ब्रूक्स ने की थी। महामारी के दौरान यह वेबसाइट अमेरिका, मैक्सिको और यूके के अलावा भारत में भी लोकप्रिय हो गई। ओमेगल वर्चुअल वीडियो और टेक्स्ट चैट के लिए लोगों को लिंक करता था, और मॉडरेटर होने का दावा करता था। हजारों उपयोगकर्ता भारत से भी थे। एक ब्लॉग पोस्ट में, के-ब्रूक्स ने कहा कि वर्षों से, लोगों ने विदेशी संस्कृतियों का पता लगाने, निष्पक्ष तीसरे पक्षों से अपने जीवन के बारे में सलाह लेने और अकेलेपन को कम करने के लिए ओमेगल का उपयोग किया है। हालांकि, उन्होंने कहा कि ओमेगल ये लड़ाई हार गया है, लेकिन इंटरनेट के खिलाफ युद्ध जारी है।

के-ब्रूक्स ने लिखा, जितना मैं चाहता हूं कि परिस्थितियां अलग होतीं, उतनी ही ये बढ़ती गईं। ओमेगल का संचालन अब न तो आर्थिक रूप से और न ही मनोवैज्ञानिक रूप से टिकाऊ है। सच कहूं तो, मैं 30 की उम्र में दिल का दौरा नहीं चाहता। कई देशों में स्कूलों और कानून अधिकारियों ने वेबसाइट के बारे में चेतावनी जारी की थी।

द इंडिपेंडेंट की रिपोर्ट में कहा गया, वेबसाइट के अस्वीकरण के बावजूद कि उपयोगकर्ताओं की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए, और 13 से 18 वर्ष के यूजर्स को माता-पिता की अनुमति के साथ साइट का उपयोग करना चाहिए, साइट पर ऐज वेरिफिकेशन नहीं है।

केनरा बैंक Canara Bank

वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण एवं प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के नियम 8(6) के अन्तर्गत अचल संपत्तियों की बिक्री हेतु विक्रय सूचना

ई-नीलामी दिनांक 12.12.2023

**स्थायी संपत्तियों की बिक्री हेतु ई-नीलामी सूचना**

आम जनता को साधारणतः एवं निम्न वर्णित अचल संपत्तियों के ऋणियों एवं जमानतदारों को विशेषतः सूचित किया जाता है कि निम्न वर्णित संपत्तियाँ केनरा बैंक (सुरक्षित लेनदार) के पास बंधक है तथा बैंक के प्राधिकृत अधिकारी द्वारा नीचे वर्णित संपत्तियों का उसके सांकेतिक/भौतिक कब्जा ले लिया गया है। निम्न वर्णित संपत्तियों का विक्रय दिनांक 12.12.2023 को 12.00 बजे से दोपहर 2.00 बजे तक केनरा बैंक सुरक्षित लेनदार के बकाया राशि को वसूल करने हेतु "जैसा है जहां है, जो है जैसा है" एवं "जो कुछ भी है" के आधार पर किया जा रहा है।

| ऋणी/गारंटर का नाम एवं पता | संपत्ति का विवरण एवं संपत्ति मालिक का नाम | मांग सूचना दिनांक / कब्जा सूचना दिनांक / बकाया राशि | आरक्षित मूल्य / धरोहर राशि / बिड बढ़ाने की राशि | शाखा प्रबंधक का नाम / खाता का नाम/खाता संख्या व आईएफएससी कोड/ई-मेल |
| --- | --- | --- | --- | --- |
| (1) मेसर्स [illegible] इलेक्ट्रिकल्स, प्रोप.- श्री अभय सरावगी पिता- स्नेह सरावगी (ऋणी), (2) मेसर्स सरावगी मार्केटिंग, प्रोप.- श्री शिशिर सरावगी पिता- स्नेह सरावगी (ऋणी) व श्रीमती आशा सरावगी पति- स्नेह सरावगी (जमानतदार)। | स्वामित्व- श्रीमती आशा सरावगी पति- स्नेह सरावगी, खसरा नंबर 697/11, प.ह.नं. 22, शीट नं. 21, ब्लॉक नं. 5, प्लॉट नं. 302, वार्ड क्र. 14, शिव मंदिर के पास [illegible] नगर, मौजा- जूना बिलासपुर, जिला- बिलासपुर, छत्तीसगढ़ में स्थित पर एकल मंजिला आवासीय भवन (भूमि क्षेत्रफल 2518.50 वर्ग फीट) क्षेत्र निर्मित क्षेत्र- 2024 वर्गफीट/कुल भूमि क्षेत्र 2518.50 वर्गफीट। चौहद्दी- उत्तर- ठाकुर जी का मकान, दक्षिण- आरसीसी रोड, पूर्व- [illegible] जी का मकान, पश्चिम- डॉ. [illegible] का मकान। | 01.05.2023 / 11.07.2023 / ₹ 2,51,92,935.18 17.11.2023 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 1,33,00,000 / ₹ 13,30,000/- / ₹ 10,000/- | Mr. Vinod Arya (Mo. 9411562725) RO Bilaspur Branch 209272434 CNRB0000191 cb0191@canarabank.com |
| मेसर्स रंजीत ऑटोमोबाइल्स एंड इलेक्ट्रॉनिक्स, प्रोप.- श्री रंजीत कुजूर पिता- सुखु कुजूर (ऋणी) एवं श्रीमती [illegible] कुजूर पति- रंजीत कुजूर (जमानतदार)। | स्वामित्व- श्रीमती [illegible] कुजूर पत्नी श्री रंजीत कुजूर, खसरा नंबर 202/8 (क्षेत्रफल 0.010 हेक्टेयर) और 213/12 (क्षेत्रफल- 0.085 हेक्टेयर) मोहल्ला-[illegible] खुर्द, कन्या परिसर रोड के पास, तहसील- अंबिकापुर, जिला-सरगुजा, छत्तीसगढ़ में स्थित भूमि एवं डबल स्टोरी बिल्डिंग [illegible] । क्षेत्रफल- (0.010 हेक्टेयर + 0.085 हेक्टेयर = 0.095 हेक्टेयर) चौहद्दी- उत्तर- खसरा नं. 213/2 व 202/3, पूर्व- खसरा नं. 213/1 व 202/1, दक्षिण- सड़क, पश्चिम- | 24.04.2023 / 10.07.2023 / ₹ 67,90,354.20 17.11.2023 तक भविष्य का ब्याज और अन्य खर्चे आदि | ₹ 1,10,00,000 / ₹ 11,00,000/- / ₹ 10,000/- | Mr. Sourabh Mohan Gupta (Mo. 9425504309) Ambikapur Branch 209272434 CNRB0004309 cb4309@canarabank.com |

ई-नीलामी की शर्तें:- (1) ई-नीलामी "जहां है जैसा है एवं जो कुछ भी है" के आधार पर भार सहित (अगर कोई हो) की जायेगी। बैंक की जानकारी एवं सूचना के अनुसार संपत्ति पर कोई भार नहीं है। भार के विवरण हेतु अधोहस्ताक्षर्ता से धरोहर राशि जमा करने के पूर्व सम्पर्क करें। नीलामी बैंक द्वारा अधिकृत सेवा प्रदाता की वेबसाइट www.bankeauctions.com के माध्यम से ऑन लाईन ई-नीलामी की जायेगी। (2) आरक्षित मूल्य कम की निविदा/आफर स्वीकार नहीं किये जायेंगे। (3) संपत्ति का निरीक्षण सुबह 10.00 से सायं 5.00 बजे तक संबंधित शाखा प्रबंधक की पूर्व अनुमति से किया जा सकता है। (4) इच्छुक निविदाकर्ता धरोहर राशि (EMD) आरक्षित मूल्य का 10 प्रतिशत का भुगतान डिमाण्ड ड्राफ्ट के माध्यम से, जो कि प्राधिकृत अधिकारी केनरा बैंक के उपरोक्त संबंधित शाखा के पक्ष में देय हो। दिनांक 08.12.2023 को सायं 5.30 बजे तक जमा करें अथवा ऑन लाईन भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी/फण्ड ट्रांसफर के माध्यम से उपरोक्त वर्णित खाते में किया जा सकता है। (5) सफल खरीददार के पक्ष में विक्रय की पुष्टि सिक्योर्ड क्रेडिटर की पुष्टि के अधीन होगी। (6) ऑन लाईन नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक बोलीकर्ताओं के पास डिजिटल हस्ताक्षर होना आवश्यक है। डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd. (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: -eauction@ccsl.co.in पर जिस दिन धरोहर राशि जमा की हो उसी दिन डिजिटल सिग्नेचर प्राप्त करने हेतु सर्विस प्रदाता से संपर्क करें। इच्छुक निविदाकर्ता से अनुरोध किया जाता है कि वे स्वयं को वेब पोर्टल www.bankeauctions.com में नाम पंजीकृत करवाएं और लॉग इन आईडी और पासवर्ड प्राप्त करें। (7) ईएमडी जमा करने के पश्चात इच्छुक खरीददार को दिनांक 08.12.2023 को सायं 5.00 बजे या उससे पहले निम्नांकित दस्तावेज अनिवार्य रूप से जमा करना होगा। अ. ईएमडी राशि का डिमांड ड्राफ्ट/पे आर्डर या यूटीआर नं. अगर भुगतान आरटीजीएस/एनईएफटी के माध्यम से किया गया हो तो। ब. पेन कार्ड की फोटोकापी/पहचान पत्र एवं पते का प्रमाण पत्र। स. इच्छुक खरीददार का नाम, सम्पर्क सूत्र एवं ई-मेल आईडी। द. इच्छुक खरीददार के बैंक खाते का पूरा ब्यौरा (नीलामी प्रकिया में असफल होने पर टोकन रकम की वापसी)। (8) बिक्री की पुष्टि होने पर सफल खरीददार बिक्री मूल्य का 25 प्रतिशत जिसमें ईएमडी के लिए पहले भुगतान की गई रकम भी शामिल है तुरंत जमा करेंगे एवं शेष 75 प्रतिशत राशि का 15 दिन के अंदर भुगतान करेंगे। निर्धारित समयावधि में शेष राशि जमा न करने की स्थिति में बोलीकर्ता द्वारा जमा राशि बिना किसी सूचना के जप्त कर ली जायेगी। (9) सफल बोलीकर्ता को स्टाम्प ड्यूटी से संबंधित सभी खर्चे/फीस/पंजीयन शुल्क ट्रांसफर शुल्क एवं अन्य तात्कालिक खर्चे इत्यादि वहन करने होंगे। (10) यहां संपत्ति की विक्रय राशि रु. 50 लाख या उससे ऊपर हो उस परिस्थिति में नीलामी खरीददार को विक्रय राशि का 1 प्रतिशत टी.डी.एस. का भुगतान करना होगा तथा टीडीएस सर्टिफिकेट की मूल प्रति बैंक में जमा करनी होगी। (11) अधिक जानकारी हेतु उपरोक्त संबंधित शाखा से सम्पर्क करें या ईमेल करें eauction@ccsl.co.in अथवा सर्विस प्रदाता M/s Canbank Computer Service Ltd. (Contact: 9480691777, 8023469665) E-mail ID: -eauction@ccsl.co.in पर संपर्क करें। सूचना- अंतिम मिनिट एवं सेकेण्ड में बिड करने से बचें। केनरा बैंक एवं सेवा प्रदाता किसी बंद/त्रुटि इंटरनेट बंद/लाईट जाने आदि के लिए जिम्मेदार नहीं होंगे। इन स्थितियों से बचने हेतु एवं आपातकालीन परिस्थितियों हेतु निविदाकर्ता से निवेदन है कि वे सभी आवश्यक प्रबंध/विकल्प अपने पास रखें। जैसे कि बैकअप पावर सप्लाई आदि जिससे वे ई-नीलामी में सफलता पूर्वक भाग ले सकें। (नोट:- नीलामी की प्रक्रिया डीआरटी के नियम एवं शर्तों के तहत होगी।)

*विवाद की किसी भी स्थिति में अंग्रेजी अखबार 'द टाइम्स ऑफ इंडिया' दिनांक 11.11.2023 रायपुर संस्करण में प्रकाशित विज्ञापन मान्य होगा।*

दिनांक : 11.11.2023
प्राधिकृत अधिकारी, केनरा बैंक

रायपुर/नवप्रदेश। धनतेरस में सराफा बाजार में सोना-चांदी खरीदने महिलाओं की रही खासी भीड़, परंपरानुसार धनतेरस में झाडू, लाई, बताशा समेत धनलक्ष्मी की मूर्ति और फोटो की भी हुई खूब बिक्री। फोटो- महादेव तिवारी

## अर्थदण्ड की राशि जमा नहीं करने पर दो राईस मिल सील

**धमतरी/नवप्रदेश।** छत्तीसगढ़ कस्टम मिलिंग चावल उपार्जन आदेश 2016 की कंडिका 4 (3) के अनुसार सभी पंजीकृत राईस मिलों को कस्टम मिलिंग के लिए अनुमति आवेदन खाद्य कार्यालय में प्रस्तुत किया जाना है। इसके बाद छ.ग. राज्य सहकारी विपणन संघ मर्यादित एवं मिलर के बीच अनुबंध निष्पादित करना है, जिसका पालन सभी पंजीकृत राईस मिलों द्वारा किया गया है। इस संबंध में कलेक्टर न्यायालय में दो प्रकरणों के तहत रामदेव मिनी राईस मिल आमदी और किशन चावल उद्योग रांवा के प्रत्येक प्रकरण में एक लाख रूपये का अर्थदण्ड अधिरोपित किया गया है। उक्त राईस मिलरों को 26 अक्टूबर को कारण बताओ नोटिस जारी कर नोटिस प्राप्ति के दो दिन के भीतर अर्थदण्ड की राशि शासन मद में जमा कर चालान की प्रति कलेक्टर न्यायालय में प्रस्तुत करने निर्देशित किया गया था।

# सुपेबेड़ा में एक और किडनी पीड़ित की मौत

- **अब तक 92 लोगों की गई जान**

**गरियाबंद/नवप्रदेश।** सुपेबेडा में फिर से एक किडनी मरीज की मौत हो गई। एम्स में मृतक का इलाज चल रहा था।मौत का आंकड़ा बढ़ कर 92 हुआ।

आज सुपेबेडा में किडनी मरीज रमेश लाल क्षेत्रपाल 61 वर्ष की मौत हो गई।इस मौत के साथ आंकड़ा बढ़ कर 92 हो गया है।रमेश पिछले तीन साल से किडनी की बिमारी से जूझ रहा था।एम्स के डॉक्टरों के देख रेख में उपचार जारी था।दो दिन पहले ही मरीज एम्स से लौटा था। बीएमओ डॉक्टर सुनील रेड्डी ने

भी बताया की मृतक किडनी बिमारी से पीड़ित था,28 अक्टूबर को रेफर किया गया था,इलाज छोड़ कर परिवार 6 नवंबर को वापस आ गया था।बार बार उन्हें हिमो डायलिसिस के लिए कहा जा रहा था।डॉक्टर के सलाह के विरूद्ध पीड़ित परिवार इलाज के दरम्यान वापस ले आए ।मौत का वास्तविक कारण क्या है हिस्ट्री लेकर ही बता पाएंगे।

### गुस्से में है ग्रामीण

इस चुनावी साल में सुपेबेडा के ग्रामीण सरकार से नाराज है।ग्रामीण प्रभुलाल नेताम,गजानंद सोनवानी समेत अन्य ग्रामीणों का आरोप है की पिछली भाजपा सरकार ने मुआवजा दिया था,लेकिन अब की सरकार ने तेल नदी का साफ पानी देने का वादा कर पांच साल में नही दे पाई।गांव में प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र खोला गया पर डॉक्टर और भवन की व्यवस्था नही किया गया।

## बस्तर राजा कमलचंद्र ने किया जनसंपर्क

**नगरी/नवप्रदेश।** भाजपा प्रत्याशी श्रवण मरकाम के लिए बस्तर महाराजा कमलचंद्र भंजदेव लगातार सिहावा विधानसभा में आने वाले शहरों और गांव का दौरा कर केंद्र सरकार की उपलब्धियां और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस की नाकामियों को उजागर कर रहे हैं। नक्सल प्रभावित क्षेत्र तुमड़ीबहार, बेलरबाहरा, अरसीकन्हार, खालगढ़, नवागांव, महुआबाहरा जैसे गांव में भंजदेव जी और भाजपा जिला सह प्रभारी हलधर साहू जी के साथ जनसंपर्क किये। भंजदेव जी ने कहा कि कांग्रेस की भूपेश सरकार ने छत्तीसगढ़ को विनाश की राह पर लाकर खड़ा कर दिया है। उन्होंने भाजपा घोषणापत्र की जानकारी लोगों को दी।

## पेड न्यूज़ के मामले को लेकर दो प्रत्याशी को नोटिस

- **वेबपोर्टल न्यूज़ और समाचार पत्रों की खबरों पर है आयोग की नजर**

**कोरबा/नवप्रदेश।** भारत निर्वाचन आयोग द्वारा पैडन्यूज़ को लेकर दिए गए आवश्यक दिशा निर्देश के तहत विधानसभा निर्वाचन 2023 अंतर्गत कोरबा जिले में मीडिया अनुप्रमाणन और मीडिया अनुवीक्षण समिति का गठन किया गया है। इसी के साथ ही आचार सहिंता लागू होने के साथ ही जिले में सभी समाचार पत्रों, वेबपोर्टल न्यूज़, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया न्यूज़ चैनल, फेसबुक, एक्स (ट्विटर), इंस्टाग्राम आदि पर पैड न्यूज, भ्रामक समाचार, फेक न्यूज पर हर पल नजर रखने और रिपोर्ट तैयार करने 50 से अधिक सदस्यों की टीम तैनात की गई है। इसी कड़ी में टीम द्वारा किसी विशेष प्रत्याशियों के पक्ष में माहौल तैयार कर उसे आम जनमानस में मीडिया के माध्यम से प्रस्तुत करने और निर्वाचन को प्रभावित करने के मामलों पर संज्ञान लिया जा रहा है। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्री सौरभ कुमार की अध्यक्षता में गठित समिति द्वारा वेबपोर्टल न्यूज़, समाचार पत्रों में प्रकाशित पैडन्यूज़, भ्रामक समाचार पर आवश्यक कार्यवाही सुनिश्चित करने प्रकरण आगे प्रेषित किए जा रहे हैं। इस मामले में सम्बंधित को नोटिस जारी करने के साथ ही आगे की कार्यवाही की जा रही है। पैड न्यूज को लेकर लिये गये निर्णयानुसार संबंधित रिटर्निंग अधिकारी ने उम्मीदवारों को नोटिस जारी कर जवाब प्रस्तुत करने के निर्देश दिए हैं अन्यथा समाचारों के प्रकाशन को पैड न्यूज के रूप में मान्य करते हुए प्रकाशन पर व्यय की राशि व्यक्तिगत निर्वाचन व्यय में शामिल करने की बात कही गई है। पैड न्यूज के मामले में कोरबा विधानसभा-21 के प्रत्याशी श्री जयसिंह अग्रवाल-इंडियन नेशनल कांग्रेस, श्री लखनलाल देवांगन-भारतीय जनता पार्टी को रिटर्निंग अधिकारी ने नोटिस जारी किया है। नोटिस में उल्लेख है कि एमसीएमसी द्वारा संदिग्ध पेड न्यूज के रूप में चिन्हांकन भारत निर्वाचन आयोग द्वारा विधानसभा निर्वाचन-2023 के तारतम्य में जारी निर्देशों की अवहेलना की श्रेणी में है। इस संबंध में अपना जवाब 11 नवंबर 2023 तक कार्यालय कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी कोरबा के कक्ष क्रमांक-13 (भू-तल)में प्रस्तुत करें।

# छात्र-छात्राओं ने सीखा मशरुम उगाने की तकनीक

**कवर्धा/नवप्रदेश।** स्वामी आत्मानंद स्कूल बोड़ला के हिन्दी माध्यम मे संचालित व्यवसायिक पाठ्यक्रम के तहत विद्यार्थियो को रोजगारोन्मुखी बनाने के उद्देश्य से प्रशिक्षक प्रदीप सिंह एवं विमल यादव के द्वारा कक्षा 10 वी के विधार्थियो को स्कूल में प्रैक्टिकल करा कर मशरूम उत्पादन की विधि सिखाया गया 7 आयस्टर मशरूम उत्पादन की वैज्ञानिक तकनीक : इस विधि में सबसे पहले हमे 100 लीटर पानी के हिसाब से 1.5 किलो चुना, 5 ग्राम बविष्टिन या 125 मि.ली. फर्मेलिन को ठीक से मिला देते है। धान पैरा कुट्टी को 24 घंटे तक उपरोक्त घोल में अच्छे से भिगाते है, 24 घंटे बाद पैरा कुट्टी का पानी निथार कर नमी की मात्रा कम कर, साफ पालीथीन में उपचारित पैरा कुट्टी एवम मशरूम स्पॉन (बीज) को परत दर परत पन्नी में भरते है, इस प्रकार से चार से पांच परत भर कर पन्नी के सिरे को अच्छे से बांध देते है तथा पन्नी को सूजे द्वारा से 4-5 छिद्र कर दिया

जाता है। इस प्रकार से लगभग 15-20 दिन में कवकजाल पालीथीन में फैल जाता है। कवकजाल फैले हुऐ थैलों से ऊपर की पालीथीन को काट कर हटा दिया जाता है। फिर नाइलोन रस्सी से बांध कर इन बंडलों को रैक में लटका दिया जाता है। लटके बंडलो पर साफ पानी से हल्का छिड़काव करें एवं कमरे का तापक्रम 24-28 डिग्री तक एवं आर्द्रता 85-90 प्रतिशत तक बनाये रखने चहिए द्य इसके बाद मशरूम कलिकायें 2-3 दिन में बन जाती है जो 3 से 4 दिन में तोड़ने योग्य हो जाती है। दूसरी फसल पहली तुडाई के 6-7 दिन बाद तैयार हो जाती है द्य मशरूम की खेती कम लागत में बेहतर मुनाफा देता है, मशरूम उत्पादन को एक मुख्य व्यवसाय के साधन के रूप में अपनाया जा सकता हैं वहीं इसकी बाजार में कीमत लगभग 150 से 200 रुपये प्रति किलो हैं, यह प्रशिक्षण कार्य प्राचार्य श्री अश्वनी कुमार सोनी के मार्गदर्शन में किया गया इस अवसर पर प्रशिक्षक विमल यादव एवं शिक्षिका धनश्यामा वर्मा, एवम् छात्र छात्रा उपस्थित थे।

# इलाज के दौरान मरीज की मौत

## परिजनों ने लगाया लापरवाही का आरोप

- **कहा- हाई कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज करने के बाद भी पुलिस नहीं कर रही कार्रवाई**

**बिलासपुर/नवप्रदेश।** शहर के प्रतिष्ठित व्यवसायी परमजीत सिंह छाबड़ा के पुत्र गोल्डी उर्फ गुरवीन सिंह छाबड़ा की अपोलो अस्पताल में इलाज के दौरान वर्ष 2016 में मौत हो गई थी. परमजीत सिंह ने पुलिस पर हाई कोर्ट के आदेश पर एफआईआर दर्ज करने के बाद भी कार्रवाई नहीं करने का आरोप लगाया है.

परमजीत सिंह छाबड़ा ने बताया कि गोल्डी के ईलाज के दौरान अपोलो अस्पताल के डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. राजीव लोचन भांजा, डॉ. सुनील कुमार केडिया और डॉ. मनोज राय द्वारा गंभीर लापरवाही बरती गई, जिससे उसकी मौत हो गई. अस्पताल प्रबंधन और जिम्मेदार डॉक्टरों के खिलाफ उच्च न्यायालय के हस्ताक्षेप के बाद सरकण्डा पुलिस थाना में एफआईआर दर्ज किया गया. लेकिन मामले में पुलिस की जांच कछुए की चाल से चल रहा है. आज तक पुलिस ने लापरवाह डॉक्टरों की गिरफ्तारी नहीं की गई है.

मृतक गोल्डी छाबड़ा के परिजनों ने अपोलो अस्पताल प्रबंधन और डॉ. देवेन्द्र सिंह, डॉ. राजीव लोचन भांजा, डॉ. सुनील कुमार केडिया, डॉ. मनोज राय को चिकित्सकीय ईलाज के लिए दिए गए लाइसेंस को तत्काल प्रभाव से निरस्त करते हुए दोषियों पर कठोर विधिक कार्रवाई की मांग की गई है, जिससे फिर किसी गोल्डी छाबड़ा को चिकित्सकीय लापरवाही से अपने प्राणों की आहूति ना देनी पड़े.

# धमतरी से 4 हिस्ट्रीशीटर जिला बदर

**धमतरी/नवप्रदेश।** कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी ऋतुराज रघुवंशी ने छत्तीसगढ़ राज्य सुरक्षा अधिनियम 1990 की धारा 5 (क) (ख) के तहत प्रदत्त शक्तियों का उपयोग करते हुए जिले के 4 व्यक्तियों को आगामी 1 वर्ष के लिए जिला धमतरी एवं समीपस्थ जिला रायपुर, बालोद, कांकेर, गरियाबंद, दुर्ग की राजस्व सीमाओं से हट जाने (जिला बदर) का आदेश पारित किया है। इनमें चिंतामणी यादव पिता स्व. हीरा लाल यादव उम्र 48 वर्ष, निवासी बजरंग चौक, थाना रूद्री, मनोज नागरची पिता सुरेश नागरची, उम्र 21 वर्ष निवासी मुजगहन, थाना-अर्जुनी, वागीस यादव पिता छन्नू यादव, निवासी पोटियाडीह थाना-अर्जुनी और संजय साहू पिता जगदीश साहू, उम्र 29 वर्ष, निवासी खम्हनबाड़ी लालबगीचा, थाना-सिटी कोतवाली धमतरी शामिल हैं।

# हत्या का आरोपी 24 घंटे के अंदर पहुंचा सलाखों के पीछे

**कवर्धा/नवप्रदेश।** जिले के थाना तारेगाँव जंगल में दिनांक-09.11.2023 को प्रार्थी जवाहर प्रसाद यादव पिता पतिराम यादव उम्र 29 वर्ष साकिन साजाटोला द्वारा थाना आकर रिपोर्ट दर्ज कराया गया।कि मेरे पिताजी पतिराम यादव पिता बजरु यादव उम्र 51 वर्ष साकिन साजाटोला थाना तरेगाँव जंगल को आरोपी बिसुराम बैगा पिता भरोसा बैगा उम्र 51 वर्ष साकिन साजाटोला थाना तरेगाँव जंगल के द्वारा आपसी विवाद होने से सुखसेन बैगा के घर के आगन में कुल्हाड़ी से सिर में मारकर हत्या कर दिया है। कि रिपोर्ट पर थाना तरेगाँव जंगल में अप. क. 25/2023 धारा 302 भा.द.वि. कायम कर विवेचना में लिया गया। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल थाना प्रभारी तरेगाँव उप. निरीक्षक श्री सुरेश कुमार कश्यप द्वारा उक्त घटना की जानकारी जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों को दी गई। जिस पर कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. अभिषेक पल्लव के कुशल निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर के मार्गदर्शन पर थाना प्रभारी तरेगाँव जंगल द्वारा आरोपी के पता तलाश हेतु टीम गठित कर थाना क्षेत्र में रवाना किया गया। दौरान विवेचना कार्यवाही एवं आरोपी पता तलाश के पुलिस टीम को हत्या के आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त हुआ। आरोपी बिसुराम बैगा पिता भरोसा बैगा उम्र 51 वर्ष साकिन साजाटोला थाना तरेगाँव जंगल को विधिवत गिरफ्तार कर पूछताछ करने पर अपना जुर्म स्वीकार किया गया, तथा हत्या में प्रयुक्त 01 नग कुल्हाड़ी अपने कब्जे से बरामद कराया गया। जिसे पुलिस टीम द्वारा गवाहों के समक्ष जप्त कर आरोपी के विरुद्ध उचित वैधानिक कार्यवाही कर आज दिनांक-10.11.2023 को माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत कर जुडिशल डिमांड पर भेजा गया है। उक्त कार्यवाही में जिले के वरिष्ठ अधिकारी गणों के दिशा निर्देश पर थाना प्रभारी उप. निरीक्षक सुरेश कुमार कश्यप एवं थाना तरेगाँव जंगल पुलिस टीम का सराहनीय योगदान रहा।